

अब हर रोज दर्पण ⏩ 3

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**
अधिकतम तापमान 38.7°C
न्यूनतम तापमान 27.8°C
सूर्योदय -5.25 | सूर्यास्त - 6.58



जल जीवन मिशन की टंकी में मिली खामियां, ⏩ 2



'ऐल्फा' को लेकर सोनम कपूर ने जताया उत्साह ⏩ 7



मान्या जैन ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार ⏩ 9



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर विमानतल पर पुष्प-गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

# राज्यसभा चुनाव: झारखंड में क्रॉस वोटिंग, कांग्रेस उम्मीदवार की हार

## 12 राज्यों की 26 सीटों में से 19 एनडीए को

नई दिल्ली

झारखंड की 2 और मिजोरम की एक राज्यसभा सीटों के चुनाव गुरुवार हुए। झारखंड में एक सीट एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार बैद्यनाथ राम ने जीत दर्ज की। वहीं, मिजोरम की एक सीट पर जोराम पीपुल्स मूवमेंट प्रत्याशी के. लल्टलुआंगकिमा जीत दर्ज की। झारखंड में 2 सीटों में से एक पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की जीत तय थी। दूसरी सीट पर नाथवानी और कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के बीच मुकाबला था। क्रॉस वोटिंग की वजह से नाथवानी को 30 और झा को 20 वोट मिले। 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों पर कार्यकाल पूरा होने के बाद चुनाव हुए। इनमें से 8 राज्यों की 21 सीटों पर प्रत्याशी निर्विरोध जीते, जबकि 2 राज्य (झारखंड और मिजोरम) की 3 सीटों पर उम्मीदवार ज्यादा होने की वजह से चुनाव हुए। वहीं, महाराष्ट्र और तमिलनाडु की एक-एक सीट पर उपचुनाव हुए, इनमें भी प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए।



### मिजोरम से पहली बार जेडपीएम का राज्यसभा सांसद

मिजोरम की सत्तारूढ़ जोराम पीपुल्स मूवमेंट का कोई सांसद पहली बार राज्यसभा पहुंचा है। के लालत्लुआंगकिमा ने राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट जीत ली है। लालत्लुआंगकिमा को 36 में से 26 वोट मिले, जबकि विपक्षी मिजो नेशनल फ्रंट की उम्मीदवार जोथानसांगी हमार को 10 वोट मिले। 2017 में बनी जेडपीएम के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। लालत्लुआंगकिमा पार्टी के पहले राज्यसभा सांसद बने हैं।

### चुनाव के पहले की स्थिति

जिन कुल 26 सीटों पर चुनाव हुए, उनमें से एनडीए के पास 18 (आंध्र प्रदेश से 1, गुजरात से 4, कर्नाटक से 3, राजस्थान-मध्य प्रदेश से 2-2, झारखंड, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से एक-एक) सीटें हैं, इंडिया गठबंधन के पास 5 सीटें थीं। वहीं, तीन अन्य सीटें वायएसआरसीपी के पास थीं।

### चुनाव के बाद की स्थिति

कुल 26 सीटों में हुए चुनाव में बीजेपी की लीडरशिप वाले एनडीए ने 19 सीटें जीत ली हैं। इधर, इंडिया ब्लॉक को 6 सीटें मिली हैं। यानी एनडीए और इंडिया ब्लॉक को एक-एक सीट का फायदा हुआ है। मिजोरम की एक सीट सत्तारूढ़ जोरम पीपुल्स मूवमेंट ने जीती है।

### झारखंड में 3 वोट अवैध

झारखंड के सभी 81 विधायकों ने मतदान किया। नाथवानी को 28 वोट मिले, वहीं कांग्रेस के प्रणव झा को 20 वोट मिले। झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैद्यनाथ राम को चुनाव में 30 वोट मिले, जबकि तीन वोट, बीजेपी के दो और कांग्रेस का एक इनवैलिड पाए गए। बीजेपी की लीडरशिप वाले एनडीए के पास 24 एमएलए हैं, जो 81 मेंबर वाली असेंबली में पार्लियामेंट के अपर हाउस में सीट पक्की करने के लिए जरूरी 28 से चार कम हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस समेत सत्ताधारी इंडिया ब्लॉक के सदन में 56 सदस्य हैं।




### बाकी 6 को नोटिस जारी, बागियों को वाय+ सिक्योरिटी मिली

**नई दिल्ली/ मुंबई।** दिल्ली में शिवसेना (यूबीटी) की संसदीय दल की बैठक हुई। बैठक में 9 में से सिर्फ 3 लोकसभा सांसद अनिल देसाई, अरविंद सावंत और राजाभाऊ वाजे पहुंचे। पार्टी ने अपने सभी लोकसभा सांसदों को व्हिप जारी कर दिल्ली में होने वाली बैठक में मौजूद रहने का निर्देश दिया था। बैठक में पहुंचे सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि जो सांसद नहीं आए पार्टी उनके खिलाफ नोटिस जारी करेगी। यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि हमारे सांसदों को किडनैप किया गया है। जो बैठक में आएगा वो हमारे साथ है, जो नहीं आएगा वो गद्दार। गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र पुलिस को 6 बागी सांसदों वाय+ सिक्योरिटी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, 6 सांसदों ने बुधवार सुबह 9.30 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को शिंदे गुट में विलय के लिए चिट्ठी भेजी। उधर संजय राउत ने लगातार दूसरे दिन बागी सांसदों को गाली दी। लोकसभा में शिवसेना (यूबीटी) के 9 सांसद हैं। दल-बदल कानून के तहत किसी दल में टूट के बाद अयोग्यता से बचने के लिए कम से कम दो-तिहाई सांसदों का साथ होना जरूरी है। यानी अगर 9 में से 6 सांसद एक साथ अलग होने का फैसला करते हैं, तो वे खुद को वैध गुट बताने का दावा कर सकते हैं। इसी वजह से 6 सांसदों के बगावत करने की खबर राजनीतिक और कानूनी, दोनों लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जानकारों के मुताबिक, सिर्फ अलग गुट बनाना ही काफी नहीं होगा। आगे चलकर इन सांसदों को किसी दूसरे दल में विलय की प्रक्रिया भी पूरी करनी पड़ सकती है, ताकि उनकी स्थिति कानूनी रूप से और मजबूत हो सके।

## दिल्ली हाईकोर्ट में सरकार का दावा

# टेलीग्राम अपराधियों का पसंदीदा प्लेटफॉर्म




**नई दिल्ली।** सरकार ने दावा किया है कि टेलीग्राम का इस्तेमाल साइबर क्राइम, एग्जाम पेपर लीक, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, आतंकवाद से जुड़े प्रचार और वित्तीय धोखाधड़ी के लिए किया जा रहा है। दिल्ली हाइकोर्ट में दिए हलफनामे में केंद्र ने बताया कि टेलीग्राम की गोपनीयता और गुमनामी बनाए रखने वाली विशेषताओं ने इसे आपराधियों का पसंदीदा नेटवर्क बना दिया है। गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस तेजस कारिया की बेंच टेलीग्राम की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जिसमें उसके खिलाफ लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को चुनौती दी गई थी। बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। साथ ही कहा है कि अगर किसी पक्ष को कोई बात रखनी है तो वह शाम 7 बजे तक जमा कर सकता है। दरअसल, भारत सरकार ने 21 जून को होने वाले नीट रीएग्जाम से पहले टेलीग्राम चैनल पर अस्थायी बैन लगाया है। यह रोक 22 जून 2026 तक लागू रहेगी। एक अलग निर्देश में टेलीग्राम को 30 जून तक पहले भेजे गए मैसेज को एडिट करने की सुविधा बंद करने का भी निर्देश दिया गया है।

### फर्जी दस्तावेज बनाकर कराते थे अंगदान, ईडी की रेड

**कोच्चि।** केरलम में अंगदान रैकेट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गुरुवार को छापेमारी की। कोच्चि, तिरुवनंतपुरम और कोट्टायम में अस्पतालों और आरोपियों के ठिकानों समेत 5 जगहों पर तलाशी ली गई। आरोपी अंगदान कराने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करते थे। वे डोनर, मरीज और अस्पतालों के बीच बिचौलिये का काम करते थे और इसके बदले बड़ी रकम लेते थे। जांच में अस्पतालों के लेटरहेड, पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट, सांसदों-विधायकों और डॉक्टरों के नाम से फर्जी दस्तावेज इस्तेमाल करने के आरोप सामने आए हैं। मामले का मुख्य आरोपी नजीब है, जिसे पुलिस ने पिछले महीने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया था।

### नीट स्टूडेंट्स से 1.32 लाख करोड़ वसूले: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया कि हर साल नीट परीक्षा देने वाले 22 लाख छात्र और उनके परिवार से सिस्टम के जरिए 1.32 लाख करोड़ रुपए खर्च कराए जाते हैं। यह रकम देश के पूरे शिक्षा बजट 1.40 लाख करोड़ रुपए के लगभग बराबर है। प्रियंका गांधी ने एक्स पोस्ट में ये भी लिखा- मैं एक बात और जोड़ना चाहती हूं कि भारत सरकार ने अपने पसंदीदा कारोबारियों के जो लोन माफ किए, वे 16 लाख करोड़ रुपए हैं।

### पूर्व प्रधानमंत्री गुजराल के बेटे से 7.8 करोड़ की धोखाधड़ी

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल के बेटे और पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश गुजराल साइबर ठगी का शिकार हो गए। साइबर अपराधियों ने मैसेजिंग ऐप पर उनकी फर्जी प्रोफाइल बनाकर उनकी कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी को धोखे में लिया और करीब 7.8 करोड़ रुपए विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। जांच में पता चला पैसा पहले महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के चार बैंक अकाउंट में भेजा गया। हर अकाउंट में 1 करोड़ से 2 करोड़ रुपये के बीच ट्रांसफर किए गए थे।

### सांदीपनि विद्यालय की क्लर्क रिश्वत लेते पकड़ाई

**सागर।** लोकायुक्त टीम ने सागर सांदीपनि विद्यालय क्रमांक-1 में पदस्थ शिक्षक गेंदालाल अहिरवार की शिकायत पर गुरुवार शाम स्कूल की क्लर्क गंधाली कदम को 2500 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा है। क्लर्क पर शिक्षक से एरियर्स की राशि निकालने के बदले पैसे मांगने का आरोप है। आरोप है कि क्लर्क ने एरियर्स निकालने के बदले 3 हजार रुपए की मांग की थी, जो बाद में 2500 रुपए में तय हुई। गुरुवार को शिक्षक ने क्लर्क गंधाली कदम को केबिन में जाकर जैसे ही 2500 रुपए दिए, लोकायुक्त टीम ने मौके पर दबिश देकर उन्हें रंगेहाथ पकड़ लिया।

# चुनाव आयुक्त रहते ज्ञानेश कुमार कैसे हो सकते हैं राम मंदिर ट्रस्ट के मेंबर: दिग्विजय

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा- राम मंदिर निर्माण और उससे जुड़े मामलों में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के खिलाफ लोकतंत्र बचाओ सत्याग्रह में दिग्विजय सिंह ने कहा- देशभर के लोगों ने राम मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धा से चंदा दिया था। ज्ञानेश कुमार अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य भी बताए जाते हैं। उन्होंने कहा- अगर ऐसा है, तो मुख्य चुनाव आयुक्त रहते हुए किसी ट्रस्ट की सदस्यता कैसे संभव है। इस विषय पर भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। वहीं उन्होंने आगे कहा- मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है। दरअसल, राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में राजधानी भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर कांग्रेस का लोकतंत्र बचाओ सत्याग्रह जारी है। इस दौरान दिग्विजय सिंह ने कहा- मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है। कांग्रेस नेताओं ने रोशनपुरा चौराहे पर चल रहे इस सत्याग्रह के माध्यम से कांग्रेस ने चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की मांग उठाई। पार्टी नेताओं का कहना है कि वे इस मुद्दे को लेकर अपना विरोध जारी रखेंगे। सत्याग्रह स्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चरखा चलाकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन, कांग्रेस नेता पीसी शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# भारत और यूरोप के बीच फ्रांस पुल जैसा: मोदी

## एफिल टॉवर पर भी भारत का यूपीआई करता है काम



**पेरिस/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार फ्रांस के पेरिस में आयोजित विवाटेक समिट में शामिल हुए। मोदी ने कहा- फ्रांस एक अहम पुल का काम कर रहा है जो भारत और यूरोप के टेक इकोसिस्टम को करीब ला रहा है। हमारे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस की वजह से आज दुनिया के आधे रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन भारत में होते हैं। अब आप फ्रांस में भी एफिल टॉवर या पेरिस एयरपोर्ट पर यूपीआई का इस्तेमाल कर सकते हैं। हमारे पास ऐसे कई वर्ल्ड-क्लास डिजिटल पब्लिक गुड्स के उदाहरण हैं। डिजिलॉकर दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल डॉक्यूमेंट वॉलेट में से एक है। 17 जून को फ्रांस के एवियन शहर में आयोजित जी-7 समिट के बाद पीएम मोदी देर रात करीब 2 बजे पेरिस पहुंचे थे। यहां होटल के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने पीएम मोदी का स्वागत किया था। पिछले दशक में, भारत तेजी से बदल रहा है और इस बदलाव के पीछे टेक्नोलॉजी की बड़ी भूमिका है। दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल आइडेंटिटी सिस्टम बनाने से लेकर दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म तक, हम फाइनेंशियल इन्क्लूजन, शिक्षा, टेलीमेडिसिन, खेती और कई अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं। साल की शुरुआत में, हमने ऐतिहासिक भारत-ईयू फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पूरा किया। यह एग्रीमेंट हमारे व्यापार और निवेश को बढ़ाएगा। इस साल 'भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर' की शुरुआत के साथ, फ्रांस एक अहम पुल का काम कर रहा है जो भारत और यूरोप के टेक इकोसिस्टम को करीब ला रहा है।

### सीए की अंतिम परीक्षा में पटियाला के नूर सिंगला अव्वल



**नई दिल्ली (वार्ता)।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की अंतिम परीक्षा के गुरुवार को घोषित परिणामों में पटियाला के नूर सिंगला ने 83 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर प्रथम प्राप्त किया है, जबकि हावड़ा के रितिज सर्राफ ने 79 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा घोषित परिणाम में सिंगला ने कुल 499 (83.17 प्रतिशत) अंक हासिल किए हैं, वहीं दूसरे स्थान पर रहे रितिज सर्राफ ने 475 (79.17 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया है। मुंबई के डोम्बिवली (पूर्व) के सोहन अनिल मांजरेकर 473 अंक यानी 78.83 प्रतिशत के साथ देश में तीसरा स्थान पर रहे।

# अमेरिका-ईरान के बीच प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर

**एवियन (वार्ता)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने खाड़ी क्षेत्र में युद्ध विराम को 60 दिन तक बढ़ाने के लिए गुरुवार को एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इस समझौते का उद्देश्य ईरान-अमेरिका टकराव के चलते बंद पड़े महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य व्यापार मार्ग को खोलना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत शुरू करना है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने फ्रांस के वर्साय शहर में ऐतिहासिक वर्साय महल में और

### अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए 60 दिन का युद्ध विराम लागू

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने तेहरान में इस समझौते पर हस्ताक्षर किये। यह समझौता भारतीय समय के अनुसार आज सुबह पांच बजे से प्रभावी माना गया है। दोनों पक्षों ने इसे युद्ध को खत्म करने की दिशा में पहला बड़ा कदम बताया है। हस्ताक्षर करने के बाद उन्होंने कलम विदेश मंत्री मार्को रुबियो को थमा दी और निर्देश दिया कि इसे ईरानी प्रतिनिधिमंडल को सौंप दिया जाए ताकि वे भी इस पर हस्ताक्षर कर सकें। वहां मौजूद लोगों ने इस समझौते पर ताली बजाकर ट्रंप का स्वागत किया। इसके कुछ ही समय बाद तेहरान में राष्ट्रपति पेजेशकियन ने भी इस सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि पेजेशकियन ने इस समझौते पर डिजिटल तरीके से हस्ताक्षर किए हैं।

# बागी टीएमसी विधायक ऋतब्रत नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे

कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को लेकर जारी विवाद में कलकत्ता हाईकोर्ट ने फिलहाल दखल देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले पर अंतरिम रोक लगाने से मना कर दिया, जिसमें बागी टीएमसी विधायक ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दी गई थी। यह याचिका टीएमसी नेता शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने दायर की थी। उनका कहना है कि पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष के लिए चुना था, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने पार्टी के फैसले को नजरअंदाज कर ऋतब्रत बनर्जी को मान्यता दे दी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष की प्रक्रिया और फैसले पर सवाल उठाए, लेकिन फिलहाल कोई अंतरिम राहत नहीं दी। ऐसे में अंतिम फैसला आने तक ऋतब्रत बनर्जी नेता प्रतिपक्ष के पद पर बने रहेंगे।

### कलकत्ता हाईकोर्ट का विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर रोक लगाने से इनकार



## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह की घोषणा

# मप्र: 81 लाख किसानों को 1,634 करोड़ मिलेंगे

भोपाल (स्वतंत्र मत)



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में बताया कि 20 जून को पीएम किसान की 23वीं किस्त आएगी। पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से 23वीं किस्त जारी करेंगे। साथ ही बताया- मध्यप्रदेश के 81.67 किसानों के खातों में 1,634 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा- खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले मिलने वाली यह सहायता किसानों के लिए बड़ी राहत होगी। वहीं मीनाक्षी नटराजन के सत्याग्रह को लेकर पूछे गए सवाल पर शिवराज सिंह ने कहा- अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत। शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि पीएम-किसान योजना के तहत अब तक 22 किस्तों के माध्यम से देशभर के किसानों के खातों में करीब 4.28 लाख करोड़ रुपए सीधे भेजे जा चुके हैं। 23वीं किस्त के तहत देश के करीब 9 करोड़ किसानों के खातों में 18,800 करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 23वीं किस्त जारी होने के अवसर पर पूरे देश में पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। इसके तहत देश के 731 कृषि विज्ञान केंद्रों, 113 आईसीएआर संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों और राज्य, जिला, ब्लॉक तथा ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अनुमान है कि करीब 4 करोड़ किसान विभिन्न स्थानों से इन कार्यक्रमों में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनेंगे।

### एमएसपी पर दलहन खरीदी, जल्द फैसला

केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने पीएम-आशा योजना के तहत उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु और गुजरात को मूंग, उड़द और मसूर की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने की अनुमति दे दी है। मध्यप्रदेश के संबंध में राज्य सरकार के साथ चर्चा जारी है और शुक्रवार को होने वाली बैठक के बाद इस पर फैसला लिया जाएगा।

### अल नीनो और मानसून पर केंद्र की नजर

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मानसून में देरी और अल नीनो के संभावित प्रभाव को देखते हुए केंद्र सरकार लगातार हालात की समीक्षा कर रही है। विभिन्न विभागों के साथ नियमित बैठकें की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के 16 जिलों में अल नीनो के प्रभाव की संभावना को देखते हुए विशेष कंटीजेंसी प्लान तैयार किया जा रहा है।

# नियमित स्वास्थ्य परीक्षण स्वस्थ जीवन की आधारशिला

## हितकारिणी महिला महाविद्यालय द्वारा नि:शुल्क रक्त परीक्षण शिविर आयोजित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हितकारिणी महिला महाविद्यालय के तत्वावधान में हितकारिणी चिल्ड्रन एकादमी, जोन्सगंज में नि:शुल्क रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय पर स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराना था।

शिविर में रक्त शर्करा (शुगर), हीमोग्लोबिन तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण किए गए। विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित जनों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में हितकारिणी चिल्ड्रन एकादमी की प्राचार्य अर्चना गुप्ता, हितकारिणी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीलेश पाण्डेय, उप प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा तिवारी तथा पवन वैद्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### शिक्षकों, कर्मचारियों में दिखा उत्साह

इस अवसर पर डॉ. नीलेश पाण्डेय ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण स्वस्थ जीवन की आधारशिला है तथा ऐसे शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचार्य अर्चना गुप्ता ने महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।शिविर में विद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए तथा स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ प्राप्त किया। सफल आयोजन हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# भक्ति का उद्देश्य मुक्ति हो भुक्ति नहीं

### सिद्ध चक्र महामंडल विधान मुनिवर श्री निर्लोभ सागर के उद्गार



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** यह भव समुद्र अपार है तीन लोक में जीव ठसा ठस भरे हुए हैं जिन्हे अपने कल्याण करने की सुध ही नहीं है । मानव पर्याय ऐसी अनमोल निधि है, जिसमें कल्याण करने के निमित्त वह जीव सौभाग्य शाली होता है जिसे देव शास्त्र और गुरु की भक्ति करने का अधिकार मिला है, नौका पार करने के लिए दृढ विश्वास और अद्भुत शक्ति की जरुरत होती है, भक्ति का उद्देश्य मुक्ति होना चाहिए भुक्ति नहीं। उक्ताशय के सारगर्भित उद्गार आचार्य भगवंत श्री 108 विद्यासागरजी महाराज के परम प्रिय शिष्य और परम्पराचार्य विद्या कुल गौरव आचार्य भगवंत श्री 108 समय सागरजी महाराज के पथानुगामी शिष्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी संत मुनिवर श्री 108 निर्दोष सागरजी महाराज ससंघ के सानिध्य में शिवनगर कालोनी में आयोजित श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान के प्रथम दिवस मुनि श्री 108 निर्लोभ सागरजी महाराज ने विशाल धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

### विशाल घटयात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर शिवनगर से विशाल घटयात्रा के साथ हुआ जिसमें सैंकड़ों महिलाएं सिर पर सुसज्जित कलश लेकर प्रगतिशील महिला मंडल दिव्य घोष के साथ थिरकती हुई चल रही थी, वहीं पाठशाला के बच्चे झांझर, ढोल बजा कर पार्श्व युवा मंच के साथ चल रहे थे। प्रतिष्ठाचार्य पं. अमित शास्त्री और पं. सौरभ शास्त्री ने मुनित्रय के सानिध्य में पुन्यार्जक परिवार नितिन जैन शक्कर ( तारादेही परिवार) द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तदुपरांत अभिषेक शांतिधारा का सौभाग्य राजेश जैन आकुल परिवार और सिद्धार्थ जैन नंदन परिवार को प्राप्त हुआ। सौधर्म इन्द्र पारस जैन सराफ परिवार ने भी जिनेन्द्र देव का महा मस्तकाभिषेक किया। त्रय मुनिराज के सानिध्य में आयोजित इस महामंडल विधान में उत्साहित और समर्पित होकर सकल समाज धर्म लाभ ले रही हे।

## गौशाला में हुआ नाम करण संस्कार का आयोजन



**सिहोरा (स्वतंत्र मत) ।** गौशाला में शिशु ले नामकरण संस्कार की एक अनूठी पहल गोसलपुर से सामने आयी प्राप्त जानबकारी के अनुसार गोसलपुर के समीप किवलारी वरनू तिराहा स्थित पौराणिक गो सेवालय मे सिद्ध बाबा वार्ड, जबलपुर निवासी डॉ. अनिमेष शुक्ला के पुत्र का नामकरण संस्कार वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया। इस अवसर पर गोशाला संचालक दिव्याकर्षण त्रिपाठी ने बताया की धर्मशास्त्रों के अनुसार राशि से संबंधित नाम का सामान्य उपयोग माता-पिता द्वारा नहीं किया जाना चाहिए। शास्त्रों में वर्णित परंपरा के अनुसार नामकरण संस्कार के समय शिशु का नाम गोमाता के कान में उच्चारित किया जाता है।

डॉ. अनिमेष शुक्ला एवं उनके परिवार ने गोशाला में नामकरण संस्कार कराकर भारतीय संस्कृति एवं प्राचीन वैदिक परंपरा को पुनर्जीवित करने का सराहनीय प्रयास किया है। परिवारजनों ने गोशाला में सेवित निराश्रित गोवंश के लिए सहयोग भी प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. नीलम मिश्रा, सत्यम शुक्ला सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जनपरामर्श बैठक में आया पक्ष-विपक्ष, यूसीसी पर रखी अपनी बात

### बैठक में समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधियों ने दिये सुझाव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की जनपरामर्श बैठक गुरुवार को भंवरताल गार्डन स्थित संस्कृति थिएटर में आयोजित की गई। बैठक में समिति के प्रमुख सदस्य शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि देश में वर्तमान में दो दर्जन से अधिक ऐसे कानून हैं, जिनमें एक ही प्रकार के मामलों में अलग अलग प्रावधान लागू होते हैं। समान नागरिक संहिता का उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार उपलब्ध कराना है, न कि किसी धर्म या धार्मिक मान्यता में हस्तक्षेप करना। श्री सिंह ने कहा कि समिति समान नागरिक संहिता के संबंध में जनता के विचार जानने के लिए विभिन्न स्थानों पर संवाद कर रही है। उन्होंने कहा कि यूसीसी का संबंध परिवार से जुड़े कानूनों, जैसे विवाह, तलाकए उत्तराधिकार, विरासत और पारिवारिक अधिकारों से है। वर्तमान में देश में अधिकांश कानून सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होते हैं, लेकिन पारिवारिक मामलों में अलग अलग धर्मों के लिए अलग अलग व्यक्तिगत कानून लागू हैं। इसी कारण समान परिस्थितियों में अलग अलग लोगों को अलग अलग कानूनी अधिकार प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक समाज पुरुष प्रधान रहा है, जिसके कारण अधिकांश पारंपरिक कानूनों में पुरुषों को महिलाओं की अपेक्षा अधिक अधिकार प्राप्त हुए। हालांकि समय के साथ सामाजिक परिस्थितियां बदली हैं और महिलाओं के अधिकारों तथा समानता के प्रश्न को अधिक महत्व मिला है। बैठक में विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि देश में युवाओं की आबादी 60 प्रतिशत है, समिति को सोशल मीडिया के माध्यम से भी समान नागरिक संहिता के संबंध में युवाओं से मत प्राप्त करना चाहिए। पूर्व विधायक संजय यादव ने कहा कि पंचायतों में महिलाओं को अधिकार तो मिले हैं, लेकिन कई स्थानों पर पुरुष ही उनके स्थान पर हस्ताक्षर कर निर्णय लेते हैं, जबकि महिलाएं केवल नाममात्र की प्रतिनिधि बनकर रह जाती हैं। इसे रोकने के लिए प्रभावी कानून बनाए जाने चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने यूसीसी का धार्मिक रीति रिवाजों पर पड़ने वाले प्रभाव को स्पष्ट करने की मांग की।



# एमआरपी से ज्यादा में बेची खाद तो नपेंगे विक्रेता

### लगातार शिकायतें मिलने पर कलेक्टर ने जारी किए आदेश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले में उर्वरकों की बिक्री केवल पैकेट पर दर्ज अधिकतम खुदरा मूल्य या उससे कम कीमत पर ही की जा सकेगी। यदि कोई भी सहकारी समिति या निजी विक्रेता निर्धारित मूल्य से एक भी रुपया अधिक वसूलता पाया गया, तो उसके खिलाफ वैधानिक और दंडात्मक कार्यवाही होगी। इस संबंध में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने विस्तृत दिशा.निर्देश जारी किये हैं। उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे ने इन दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुये बताया कि कोई भी डीलरए निर्माता या आयातक निर्धारित अधिकतम मूल्य से अधिक दाम पर उर्वरकों की बिक्री नहीं कर सकता। ऐसा करना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही जायेगी।उप संचालक कृषि ने बताया कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान में ई विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरकों की बिक्री की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद का भंडारण और बिक्री एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसके कारण कुछ विक्रेताओं के पास पुराने मूल्य का स्टॉक उपलब्ध हो सकता है। यदि ई टोकन या पीओएस मशीन में उर्वरक का मूल्य अधिक दर्ज दिखाई देता है, लेकिन खाद की बोरी पर छपा हुआ मूल्य उससे कम है, तो विक्रेता को बोरी पर दर्ज कम मूल्य के अनुसार ही किसानों को खाद देनी होगी।

## पान मसाला व्यापारी के सिगरेट के डब्बे हुए चोरी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लार्डगंज थाने में 24 वर्षीय हर्षित केशरवानी निवासी अवधपुरी कालोनी, ग्वारीघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की वह फेरी करके पान मसाला बेचने का काम करता है।14 जून की दोपहर वर्धमान इंटरप्राईजेज दुकान गोलबजार से समान सिगरेट क्लासिक कम्पनी की 10 पुड़ा, 4 पुड़ा फ्रेस मिंट, 2 पुड़ा माईल्ड कीमत लगभग 65 हजार रूपये खरीदी जो थैले में रखकर अपनी गाड़ी में टांग कर दुकान के अंदर चला गया था। वापस आकर देखा उसकी गाड़ी में टंगे सिगरेट के थैले गायब थे जिन्हे कोई चोर चोरी कर ले गया है। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

# सटीकता से करो स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों का हल: निगमायुक्त

### समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के तहत दर्ज मामलों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जन-समस्याओं का समय-सीमा के भीतर निराकरण करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इस कार्य में किसी भी स्तर पर बरती गई शिथिलता या लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि निर्माण कार्य, जल प्रदाय, सीवरेज और स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों को पूरी तकनीकी सटीकता के साथ हल किया जाए।

निगमायुक्त ने जोर देकर कहा कि किसी भी शिकायत के बंद होने की प्रक्रिया में आवेदक की पूर्ण संतुष्टि और कार्य की गुणवत्ता अनिवार्य रूप से दिखाई देनी चाहिए, ताकि नागरिकों को एक ही समस्या के लिए दोबारा परेशान न होना पड़े।

## परिजनों से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या

**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** केण्ट थाने में 40 वर्षीय जावेद घोषी निवासी एपीएन स्कूल के सामने सदर केण्ट ने बताया कि बीती शाम वह जीसीएफ फैक्ट्री में काम कर रहा था। उसकी पत्नी शमा परवीन ने फोन पर बताया कि चाची नजमा एवं चचेरी बहन अमरीन उस पर गलत इल्जाम लगा रहे हैं। जिसके कारण मई जहर खा लूंगी तुम बच्चे सम्भाल लेना तथा जल्दी घर आने के लिये कहा, वह शाम को घर वापस आया उसकी पत्नी शमा घर पर नहीं थी उसके छोटे भाई शाहिद ने फोन पर बताया कि भाभी शमा ने जहर खा लिया है जिन्हें निजी अस्पताललले गए है जहां पत्नी 35 वर्षीय शमा परवीन की मृत्यु हो गयी है। जिसके बनाड़ पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# नाला सीमांकन में उजागर हुआ अतिक्रमण 2 कॉलोनियों में मिला एन्क्रोचमेंट

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** शहर के वाह्य नाला के सीमांकन कार्य के दौरान दो कॉलोनियों में अतिक्रमण मिलने का मामला सामने आया है। राजस्व विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा अब तक लगभग साढ़े चार से पांच किलोमीटर नाले का सीमांकन किया जा चुका है। इस दौरान अवधेश पुरम कॉलोनी एवं हनुमान पहाड़ी क्षेत्र में नाले की भूमि पर एन्क्रोचमेंट पाया गया है। राजस्व अधिकारियों के अनुसार जिन कॉलोनियों में अतिक्रमण मिला है, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस के जवाब प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि सीमांकन कार्य अभी जारी है और अन्य कॉलोनियों में भी अतिक्रमण के मामले सामने आ सकते हैं। टोटल स्टेशन मशीन की सहायता से किए जा रहे इस सीमांकन कार्य में नाले की चौड़ाई वर्तमान में 8 से 12 फीट तक पाई गई है। राजस्व एवं नगर पालिका का अमला नाले के दोनों ओर से माप-जोख कर सीमांकन कर रहा है। अधिकारियों का अनुमान है कि अगले चार से पांच दिनों में पूरे वाह्य नाला का सीमांकन कार्य पूर्ण हो जाएगा। सीमांकन कार्य में राजस्व निरीक्षक नीरज पाटकर, रवि नामदेव, संजय यादव, आकाश परिहार, काजल बघेल, सेजल रजक, हर्षित राय, शुभम निरंजन सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं।



# विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप की विजेता रिया लोधी का हुआ सम्मान



### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने किया सम्मानित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के कटंगा कॉलोनी स्थित शिव वरदान भवन में अहमदाबाद ,गुजरात में आयोजित प्रथम विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली जबलपुर की प्रतिभाशाली योग खिलाड़ी रिया लोधी का सम्मान किया गया। रिया लोधी ने सुपाइन व्यक्तिगत स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित कर न केवल जबलपुर, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।इस दौरान दिनेश सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे उन्होंने उपस्थित जनों से प्रतिदिन कम से कम 45 मिनट ऐसे योगाभ्यास एवं शारीरिक गतिविधियां करने का आग्रह किया, जिनसे शरीर की मूलभूत गतिशीलता, लचीलापन एवं कार्यक्षमता बनी रहे। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी विमला दीदी जी ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। यदि व्यक्ति मानसिक रूप से प्रसन्न, एकाग्र और ऊर्जावान रहना चाहता है तो उसे अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग पद्धति को अवश्य अपनाना चाहिए।

## मेडिकल की छात्राओं के मोबाइल हुए चोरी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गढ़ा थाने में 21 वर्षीय सुरभि बघेल निवासी पार्षद धाम कालोनी गीतानगर, भोपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बतायी कि वह वर्तमान में अमित शुक्ला गर्ल्स होटल, नेहरू नगर गढ़ा में रहकर पढ़ाई कर रही है। उसके होस्टल रूम उसके साथ सकी बेचमेट शरन्या पॉल रहती है। सुबह वह तथा शरन्या अपने रूम में गर्मी होने के कारण कमरे का दरवाजा खोलकर सो गये थे मोबाइल बेड के पास टेबल पर रखा था। सुबह लगभग 7 बजे उसकी नींद खुली देखा उसका एव शरन्या दोनों के मोबाइल नही थे। बाहर निकलकर पता किये तो ज्ञात हुआ कि उसके रूम के सामने रहने वाली अग्रण्या वर्मा का भी मोबाइल गायब था। कोई अज्ञात चोर उसका वन प्लस कम्पनी, शरन्या का सेमसेंग गैलेक्सी, एवं अग्रण्या वर्मा का वीवो कम्पनी का मोबाइल चोरी कर ले गया है। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की तफ्तीश शुरू करदी है।

# गर्मी, उमस लगातार कर रहे प्रहार मानसून का बेसब्री से इंतजार

### आसमान से बादल हुए नदारद, घट-बढ़ रहा तापमान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



गुरुवार को संस्कारधानी के मौसम ने जनता को ऐसा तपाया कि लोग बेचें हो उठे। गुरुवार को दिनभर आसमान से बादल लुकाछिपि करते रहे। सुबह से ही सूरज देवता पूरी फॉर्म में नजर आए और चिलचिलाती धूप ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया। शहरवासी दिनभर बादलों की तरफ देख पानी के लिए तरसते रहे, लेकिन आसमान ने उनकी एक न सुनी और गर्मी ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने की ठान ली। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को शहर के पारे में बढ़ोतरी दर्ज की गई। जहां अधिकतम तापमान 38.7 तो वहीं न्यूनतम तापमान 27.8 दर्ज किया गया। रही-सही कसर हवा में मौजूद नमी ने पूरी कर दी, जिससे दिनभर ऐसा चिपचिपा और उमस भरा माहौल बना रहा कि लोग बिना कुछ किए ही पसीने-पसीने होते रहे।

### दहलीज पर मानसून

आमतौर पर शाम को चलने वाली ठंडी हवा या अंधड़ से जो थोड़ी-बहुत राहत की उम्मीद थी, वह भी गुरुवार की शाम को टूट गई, क्योंकि हवा पूरी तरह थमी रही।

इस झुलसाने वाली गर्मी के बीच मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसून अब मध्य प्रदेश की दहलीज पर पहुंच चुका है। भले ही अभी बादलों की नो-एंट्री चल रही हो, लेकिन अगले कुछ ही दिनों में प्रदेश भर में मानसून दस्तक दे देगा, जिसके बाद झमाझम बारिश का दौर शुरू होगा। अभी फिलहाल पश्चिमी हवाएं 6 किलो मीटर की तेजी से चल रही है। जिस कारण मौसम में गर्माहट बनी हुयी है।

# रसोई में छिपे प्राकृतिक औषधियों के खजाने से बनाएं सेहत

**भारत की रसोई केवल भोजन बनाने का स्थान नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य और आयुर्वेद का भी महत्वपूर्ण केंद्र रही है। प्राचीन समय में इसे वैद्य की कुटिया कहा जाता था क्योंकि यहाँ मौजूद मसाले, अनाज, फल और जड़ी-बूटियाँ अनेक रोगों के उपचार में सहायक होती थीं। हमारे पूर्वज मानते थे कि सही भोजन ही सबसे अच्छी औषधि है।**

## घरेलू नुस्खों की परंपरा

भारतीय परिवारों में छोटी-मोटी बीमारियों के लिए घरेलू नुस्खों का प्रयोग सामान्य रहा है। गले की खराश में अदरक और शहद, सर्दी में तुलसी और काली मिर्च की चाय तथा पेट दर्द में अजवाइन का सेवन किया जाता है। ये सभी सामग्री आसानी से रसोई में उपलब्ध होती हैं, इसलिए रसोई को वैद्य की कुटिया कहा जाता है, जो हमारे सेहत का डॉक्टर है।

## संतुलित भारतीय भोजन का महत्व

भारतीय भोजन में संतुलन का विशेष ध्यान रखा जाता है। दाल, चावल, रोटी, सब्जियाँ, दही और सलाद शरीर को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं। आयुर्वेद के अनुसार भोजन केवल पेट भरने के लिए नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ रखने का साधन है। कहा भी जाता है जैसा अन्न वैसा मन।

## भारतीय रसोई और औषधीय मसाले

भारतीय रसोई में हल्दी, अदरक, लहसुन, जीरा, धनिया, अजवाइन, काली मिर्च और दालचीनी जैसे मसालों का विशेष उपयोग होता है। हल्दी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है, अदरक सर्दी-खाँसी और पाचन में लाभ देती है, लहसुन हृदय को स्वस्थ रखता है तथा जीरा और अजवाइन पाचन तंत्र को मजबूत बनाते हैं, जिससे हमारी सेहत हेल्दी रहती है।



## आधुनिक जीवन और रसोई की प्रासंगिकता

आज के समय में हम फास्ट फूड और पैकेट वाले खाद्य पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएँ बढ़ रही हैं। ऐसे में भारतीय रसोई की परंपराओं को अपनाना और घर का पौष्टिक भोजन करना अत्यंत आवश्यक है। रसोई में उपलब्ध सामान्य मसाले हमारे सेहत के लिए भरोसेमंद साथी हैं। हमें अपनी पारंपरिक रसोई और उसके ज्ञान का सम्मान करना चाहिए और उसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना चाहिए।



**प्रज्ञा शर्मा, शिक्षक**
**आदर्श हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी**
**गोविंदगंज, जबलपुर**




# आंखों से लेकर इम्यूनिटी तक, जानिए विटामिन 'ए' क्यों है शरीर के लिए जरूरी

विटामिन 'ए' शरीर के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। विटामिन ए वसा में घुलनशील विटामिन है, जो शरीर के कई महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आवश्यक होता है। यह आंखों की रोशनी बनाए रखने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, त्वचा को स्वस्थ रखने और बच्चों की सामान्य वृद्धि एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी कमी और अधिकता, दोनों ही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती हैं, इसलिए इसका संतुलित मात्रा में सेवन करना आवश्यक है।

## विटामिन ए क्या है?

विटामिन ए प्रकृति में दो प्रमुख रूपों में पाया जाता है। पहला रेटिनॉल, जो दूध, अंडे, मछली और लीवर जैसे पशु-आधारित खाद्य पदार्थों में मिलता है। दूसरा बीटा-कैरोटीन, जो गाजर, पपीता, आम, कद्दू, शकरकंद और हरी पत्तेदार सब्जियों में पाया जाता है। शरीर बीटा-कैरोटीन को आवश्यकता अनुसार विटामिन ए में बदल देता है।

## विटामिन 'ए' के प्रमुख लाभ

- आंखों की रोशनी के लिए रामबाण है। विटामिन ए रेटिना के सामान्य कार्य में मदद करता है। इसकी पर्याप्त मात्रा रात में देखने की क्षमता बनाए रखने में सहायक होती है। इसकी कमी होने पर रतौंधी (नाइट ब्लाइंडनेस) जैसी समस्या हो सकती है।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। यह शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करता है, जिससे संक्रमणों से लड़ने की क्षमता बेहतर होती है।
- त्वचा और बालों के लिए लाभकारी है। विटामिन ए त्वचा की कोशिकाओं के निर्माण और मरम्मत में मदद करता है। यह त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने और घाव भरने की प्रक्रिया में भी योगदान देता है।
- बच्चों के शारीरिक विकास, हड्डियों की वृद्धि और प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए यह विटामिन आवश्यक माना जाता है।
- यह पुरुषों और महिलाओं दोनों के प्रजनन स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा गर्भावस्था के दौर भ्रूण के सामान्य विकास में भी योगदान देता है।

## विटामिन 'ए' की कमी के लक्षण

- रात में कम दिखाई देना (रतौंधी)
- आंखों में सूखापन
- बार-बार संक्रमण होना
- त्वचा का रूखा और बेजान होना
- चोट लगने पर घाव देर से भरना
- बच्चों में बौद्धिक और शारीरिक विकास की गति धीमी होना

## विटामिन 'ए' के स्रोत

- गाजर
- शकरकंद
- कद्दू
- पालक, मेथी और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियां
- आम और पपीता
- दूध, दही और मक्खन
- अंडा
- मछली

## प्रतिदिन कितनी मात्रा है जरूरी?

आयु, लिंग और जीवन की अवस्था के अनुसार आवश्यकता अलग-अलग होती है। सामान्यत: पुरुषों के लिए लगभग 900 माइक्रोग्राम और महिलाओं के लिए लगभग 700 माइक्रोग्राम तथा गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को अपेक्षाकृत अधिक मात्रा की आवश्यकता हो सकती है। व्यक्तिगत जरूरत के लिए डॉक्टर या पोषण विशेषज्ञ की सलाह लेना उचित है।



# बीमारियों को कहें अलविदा: इम्यूनिटी बढ़ाने के उपाय

हमारा शरीर हर दिन अनेक प्रकार के बैक्टीरिया, वायरस और अन्य हानिकारक तत्वों का सामना करता है। इनसे बचाव का काम शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी करती है। यदि इम्यूनिटी मजबूत हो, तो शरीर कई संक्रमणों और बीमारियों से स्वयं लड़ सकता है। वहीं कमजोर इम्यूनिटी के कारण व्यक्ति बार-बार बीमार पड़ सकता है। अच्छी बात यह है कि कुछ सरल और स्वस्थ आदतों को अपनाकर इम्यूनिटी को मजबूत बनाया जा सकता है।

## संतुलित आहार को बनाएं आदत

मजबूत इम्यूनिटी की शुरुआत रसोई से होती है। भोजन में हरी सब्जियां, मौसमी फल, दालें, साबुत अनाज और सूखे मेवे शामिल करें। विटामिन, मिनरल और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। आंवला, संतरा, अमरूद और नींबू जैसे फल विशेष रूप से लाभदायक माने जाते हैं।

## पर्याप्त पानी पिएं

हमारे शरीर के 70 प्रतिशत भाग जल का होता है। इसलिए शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना आवश्यक है। पानी शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है और विभिन्न अंगों को सही ढंग से कार्य करने में सहायता करता है। हाइड्रेटेड शरीर संक्रमणों से लड़ने में अधिक सक्षम होता है।

## भरपूर और गुणवत्तापूर्ण नींद लें

नींद केवल आराम नहीं, बल्कि शरीर की मरम्मत और पुनर्निर्माण की प्रक्रिया है। जब हम अच्छी नींद लेते हैं, तो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बेहतर तरीके से काम करती है। वयस्कों को प्रतिदिन लगभग 7 से 8 घंटे और बच्चों को इससे अधिक नींद की आवश्यकता होती है। पर्याप्त आराम करने और नींद लेने से हमारी इम्यूनिटी बढ़ती है।

## नियमित व्यायाम और योग करें

व्यायाम शरीर को सक्रिय रखने के साथ-साथ इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है। रोजाना टहलना, दौड़ना, योग या हल्का व्यायाम करने से रक्त संचार बेहतर होता है और शरीर की कार्यक्षमता बढ़ती है। प्राणायाम और गहरी सांस लेने के अभ्यास भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।

## सेहत




1 हंसना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। हंसने से तनाव कम होता है और शरीर में खुशी के हार्मोन बढ़ते हैं।

2 शरीर का लगभग 70 प्रतिशत भाग पानी से बना होता है। इसलिए पर्याप्त पानी पीना स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

3 नियमित व्यायाम हृदय को मजबूत बनाता है और कई बीमारियों के जोखिम को कम करता है।

4 अच्छी नींद स्वस्थ जीवन की कुंजी है। एक वयस्क व्यक्ति को प्रतिदिन लगभग 7 से 8 घंटे की नींद लेनी चाहिए।

5 चलना सबसे सरल और प्रभावी व्यायामों में से एक है। रोज़ाना 30 मिनट तेज़ चलना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है।

6 फल और सब्जियाँ शरीर को आवश्यक विटामिन और खनिज प्रदान करती हैं, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

7 तनाव का अधिक स्तर स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, इसलिए मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है।

# बरसात की पहली फुहार में न हों लापरवाह रखें अपनी सेहत का ध्यान

**गर्मी के बाद जब बारिश की पहली बूंदें धरती को ठंडक देती हैं तो मौसम सुहावना हो जाता है। लेकिन यही समय कई मौसमी बीमारियों के बढ़ने का भी होता है। वातावरण में नमी बढ़ने, पानी जमा होने और तापमान में अचानक बदलाव के कारण संक्रमण तेजी से फैलते हैं। इसलिए बरसात की शुरुआत से ही कुछ जरूरी सावधानियां अपनाकर आप स्वयं और अपने परिवार को स्वस्थ रख सकते हैं।**



### उबला या साफ पानी ही पिएं

बरसात के दिनों में पानी दूषित होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए हमेशा उबला, फिल्टर या स्वच्छ पानी ही पिएं। बाहर का खुला पानी या बर्फ का सेवन करने से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें ताकि शरीर हाइड्रेट रहे।

### ताजा और गर्म भोजन करें

इस मौसम में बैक्टीरिया और फंगस तेजी से पनपते हैं। इसलिए बासी, खुले या लंबे समय तक रखे भोजन से बचें। घर का ताजा और गर्म भोजन करें। कटे हुए फल, सड़क किनारे मिलने वाले खाद्य पदार्थ और खुली चाट-पकौड़ी खाने से परहेज करें।

### मच्छरों से बचाव करें

बरसात में जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा रहता है। घर के आसपास पानी जमा न होने दें, पूरी बांह के कपड़े पहनें और मच्छरदानी या रिपेलेंट का उपयोग करें।

### व्यक्तिगत स्वच्छता का रखें ध्यान

बारिश में भीगने के बाद जल्द से जल्द सूखे कपड़े पहनें। हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं और नाखून साफ रखें। गीले जूते-मोजे लंबे समय तक पहनने से फंगल संक्रमण हो सकता है, इसलिए पैरों को साफ और सूखा रखें।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं

मौसमी फलों, हरी सब्जियों, अंकुरित अनाज, दही, नींबू, आंवला और विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थों को भोजन में शामिल करें। पर्याप्त नींद लें और हल्का व्यायाम या योग करें, ताकि शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता मजबूत बनी रहे।

### मौसम के अनुसार कपड़े पहनें

बरसात में तापमान कभी गर्म तो कभी ठंडा हो सकता है। ऐसे में हल्के लेकिन शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। बारिश में भीगने पर लंबे समय तक गीले कपड़ों में न रहें, क्योंकि इससे सर्दी-जुकाम और त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

### शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज न करें

यदि लगातार बुखार, तेज सिरदर्द, शरीर में दर्द, उल्टी, दस्त या अत्यधिक कमजोरी महसूस हो तो घरेलू उपचार पर निर्भर रहने के बजाय डॉक्टर से सलाह लें। समय पर जांच और उपचार गंभीर बीमारी से बचा सकता है।




# सोने से पहले देखते हैं मोबाइल




रात में बिस्तर पर जाने के बाद कुछ मिनट या घंटों तक मोबाइल स्क्रॉल करना, सोशल मीडिया देखना या रील्स स्क्रॉल करना ज्यादातर लोगों की आदत बन चुकी है। दिनभर की भागदौड़ के बाद लोग अक्सर रात को ही फ्री होते हैं इसलिए चौटिंग या फिल्में देखने में वक्त बिताते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी यह छोटी सी आदत आपकी नींद और सेहत दोनों को पूरी तरह तबाह कर रही है?

कई वैज्ञानिक शोधों में यह साबित हो चुका है कि रात के समय मोबाइल की स्क्रीन से निकलने वाली रोशनी हमारे शरीर और दिमाग को बहुत गहरा नुकसान पहुंचाती है। मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप की स्क्रीन से एक खास तरह की ब्लू लाइट निकलती है। यह रोशनी हमारे शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन के बनने की प्रक्रिया को रोक देती है। यह हमारे शरीर का वो नेचुरल हार्मोन है जो दिमाग को संकेत देता है कि अब रात हो गई है और सोने का समय आ चुका है। जब यह हार्मोन नहीं बनता तो हमारा दिमाग भ्रमित हो जाता है और उसे लगता है कि अभी दिन ही चल रहा है।



## रात में मोबाइल चलाने से होने वाले खतरे

***अनिद्रा की बीमारी***- नींद न आना और इंसोम्निया का खतरा सबसे बड़ा है। देर रात तक स्क्रीन देखने से दिमाग लगातार एक्टिव रहता है। इससे जल्दी नींद नहीं आती और रात में बार-बार नींद टूटने की समस्या होने लगती है। लगातार ऐसा होने पर व्यक्ति इंसोम्निया (अनिद्रा की बीमारी) का शिकार हो सकता है।

***सुबह उठते ही थकान और सुस्ती***- अगर रात की नींद पूरी नहीं होगी तो सुबह उठने के बाद भी शरीर थका-थका रहेगा। दिनभर सुस्ती, कमजोरी महसूस होना और किसी भी काम में मन न लगना इसके खतरनाक लक्षण हैं।

***आंखों में सूखापन और सिरदर्द***- अंधेरे में लगातार स्क्रीन पर नजरें टिकाए रखने से आंखों की नसों पर भारी दबाव पड़ता है। इससे आंखों में जलन, सूखापन, धुंधला दिखना और वक्त से पहले चश्मा लगने की नौबत आ जाती है।

***मानसिक तनाव और बैचेनी***- सोने से ठीक पहले सोशल मीडिया स्क्रॉल करने या लगातार आने वाले नोटिफिकेशन्स को देखने से दिमाग को शांति नहीं मिल पाती। इससे स्ट्रेस (तनाव), एंग्जायटी (चिंता) और रात को सोते समय बेचौनी बढ़ती है जिससे लोगों में चिड़चिड़ापन और मूड स्विंग्स होने लगते हैं।

# सौंफ के सेवन से मिलेंगे ये कमाल के फायदे

खाना खाने के बाद अक्सर घरों में माउथ फ्रेशनर के रूप में सौंफ का इस्तेमाल किया जाता है। सौंफ न सिर्फ भोजन को स्वादिष्ट बनाने के लिए इस्तेमाल की जाती है बल्कि सेहत के लिए भी इसके कई फायदे हैं। सौंफ में कैल्शियम, सोडियम, आयरन और पोटैशियम जैसे कई खनिज तत्व पाए जाते हैं। सौंफ का वैज्ञानिक नाम फॉनिक्युल वल्गारे है। सौंफ पाचन संबंधी समस्याओं से लेकर आंखों की रोशनी बढ़ाने, वजन कम करने और अन्य कई समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकती है।

## वेट लॉस

फाइबर से भरपूर सौंफ न सिर्फ बढ़ते वजन को कंट्रोल करने में मदद करती है बल्कि शरीर में अतिरिक्त वसा को बनने से भी रोकती है। कोरिया में हुए शोध की मानें तो एक कप सौंफ की चाय रोजाना पीने से बढ़ते वजन को नियंत्रित किया जा सकता है।

## अस्थमा

एक इजिप्टियन शोध के मुताबिक सौंफ ब्रोनिकल मार्ग को साफ कर श्वास क्रिया को दुरुस्त रखने में मदद करती है। न्यूट्रिशनल ज्योग्राफी की वेबसाइट के अनुसार फेफड़ों की सेहत के लिए सौंफ का सेवन बेहद लाभदायक है इसके अलावा, सौंफ में पाए जाने वाले पाइथोन्यूट्रिएंट्स अस्थमा के लिए भी फायदेमंद हो सकते हैं।



## मुंह की बदबू

सौंफ को माउथ फ्रेशनर के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। सौंफ के कुछ दानों को चबाने मात्र से सांसों की दुर्गंध को दूर किया जा सकता है। दरअसल, सौंफ चबाने से मुंह में लार अधिक मात्रा में बनती है, जो बैक्टीरिया को दूर करने में मदद करती है।

## कोलेस्ट्रॉल

सौंफ में मौजूद फाइबर की प्रचूर मात्रा कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करती है। फाइबर, कोलेस्ट्रॉल को खून में घुलने से रोकता है। जिससे व्यक्ति दिल की बीमारियों से बचा रहता है।



# राजा भोज पर टिप्पणी के मामले में पूर्व सांसद कंकर मुंजारे पर एफआईआर दर्ज

## पवार समाज का उग्र प्रदर्शन, फूंका कंकर मुंजारे का पुतला

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।





विगत दिनों 13 जून को गर्रा ओवरब्रिज के लोकार्पण के बाद राजा भोज पर की गई टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को बालाघाट जिला मुख्यालय में पंवार समाज का आक्रोश खुलकर सामने आया। समाज के सैकड़ों लोग एकजुट होकर पूर्व सांसद कंकर मुंजारे के निवास के सामने पहुंचे और जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए पूर्व सांसद का पुतला दहन किया और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। विरोध को देखते हुए पूर्व सांसद के घर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और पूरे घटनाक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद दिखाई दी।

दरअसल, विवाद की शुरुआत 13 जून को हुई थी, जब बालाघाट जिला मुख्यालय स्थित गर्रा रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप राव ने किया था। इस ओवरब्रिज का नाम चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज के नाम पर रखा गया है। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद पूर्व सांसद कंकर मुंजारे पुल का निरीक्षण करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने पुल की गुणवत्ता पर सवाल उठाने के साथ ही उसका नाम राजा भोज के नाम पर रखे जाने पर भी आपत्ति जताई थी। इसी दौरान पूर्व सांसद ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि च्राजा भोज का बालाघाट से कोई लेना-देना नहीं है, उन्हें यहां कोई नहीं जानता। फिर उनके नाम से ब्रिज का नाम क्यों रखा गया?ज्ज उन्होंने यह भी कहा था कि राजा भोज ने बालाघाट जिले के लिए कोई कार्य नहीं किया और कुछ लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए राजा भोज का नाम बालाघाट लेकर आए हैं। उनके इस बयान का वीडियो और बयान सामने आने के बाद पंवार समाज में भारी नाराजगी फैल गई थी।

गुरुवार को इसी नाराजगी के चलते पंवार समाज के लोग रैली निकालते हुए बड़ी संख्या में पूर्व सांसद कंकर मुंजारे के निवास के सामने पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने च्राजा भोज का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तानज्ज और च्कंकर मुंजारे माफी मांगोज्ज जैसे नारे लगाए। विरोध के दौरान माहौल उस समय और गर्मा गया, जब पूर्व सांसद कंकर मुंजारे अपने घर से बाहर निकल आए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पूर्व सांसद के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित रखा और किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोक दिया।

पंवार समाज के प्रतिनिधियों का कहना था कि चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज केवल एक ऐतिहासिक शासक नहीं, बल्कि समाज की आस्था, गौरव और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। ऐसे में उनके खिलाफ की गई टिप्पणी पूरे समाज का अपमान है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। समाज के लोगों ने पूर्व सांसद से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग करते हुए उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई की भी मांग की है। राजा भोज को लेकर दिए गए बयान के बाद शुरू हुआ यह विवाद अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे की टिप्पणी के विरोध में पंवार समाज का यह प्रदर्शन जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है, जबकि प्रशासन पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। वही प्रदर्शन के बाद सामाजिक लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुचे और ज्ञापन सोपकर मुंजारे के विरुद्ध उचित कार्यवाही की मांग की।

### कोतवाली थाना में मामला दर्ज

राजा भोज को लेकर की गई कथित टिप्पणी के मामले में पूर्व सांसद कंकर मुंजारे के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299 के तहत एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई जिला क्षत्रिय पंवार संगठन के अध्यक्ष विशाल बिसेन की शिकायत पर की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 13 जून को बालाघाट-वारासिवनी मार्ग स्थित राजा भोज ओवरब्रिज के लोकार्पण के बाद कंकर मुंजारे ने राजा भोज के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे पंवार समाज की धार्मिक और सामाजिक भावनाएं आहत हुईं। समाज का कहना है कि इस बयान से जिले सहित आसपास के क्षेत्रों और महाराष्ट्र के पंवार समाज में नाराजगी और आक्रोश फैल गया। कोतवाली पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद प्रथम दृष्टया मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सरमनिया में जनमन योजनान्तर्गत बन रही गुणवत्ताविहीन सड़क, विभाग ने साधी चुप्पी..!

मानपुर (स्वतंत्रमत)।



जिले के मानपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत में पक्की सड़कों का अभाव था जिसे देखते हुये क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की पहल से यहां लम्बी पक्की सड़क बनवाने के लिये स्वीकृति प्राप्त हुई। इस सड़क का निर्माण जनमन योजना से हो रहा है जिसका निर्माण एजेंसी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग उमरिया है, इस सड़क का निर्माण ठेकेदार के द्वारा हो रहा है। सरमनिया में बन रहे सड़क के वेस बनवाते में मुरुम के स्थान पर लोकल रेतीली मिट्टी का प्रयोग किया गया है जहां पानी और रोलर का हल्का उपयोग करके शिर्फ दिखावा किया गया है। जहां हल्का बजरी डालकर बेस कम्पलीट कर दिया गया है। यहां जिस जगह पर सीसी सड़क का निर्माण हो रहा है वहां वेस में पन्नी और ज्वाइंट में थर्मा कोल का प्रयोग नही हो रहा है, वहीं ब्राई बेटर का उपयोग न करके दिखावा के लिये किनारे रखा जाता है, जब कोई अधिकारी बन रही सड़क देखने के नाम से मौके पर पहुंचता है तभी आनन फानन में ब्राईबेटर चालू किया जाता है। इस रोड के निर्माण कार्य में बिना जिएसटी टीपी के रेत का उपयोग होने की चर्चा है, वहीं स्टीमेट को किनारे कर रेत गिट्टी पानी का ज्यादा और सीमेंट का कम उपयोग होने की खबर मिल रही है, जिससे उस सड़क में कई जगह दरार पड़ने लगी है.! सूत्रों के अनुसार निर्माण कार्य स्थल पर किसी उपयंत्री, एएम, जीएम और ठेकेदार की उपस्थिति रहना तो दूर हसों तक पहुंचना भी मुस्किल है। जिसका निर्माण और गुणवात्ता की निगरानी सिर्फ श्रमिकों के सहारे छोड़ दिया गया है। वहीं क्षेत्रीय लोगों में आपसी प्रश्न वाचक युक्त चरचा है कि इस तरह गुणवत्ता विहीन बन रहे सड़क का उम्र कितने साल की होगी.?

वही लोगों की मांग है कि प्रशासन सीघ्र एवं शक्त जांच कर लापरवाह ठेकेदार पर कार्यवाही कर अच्छी और गुणवत्तापूर्ण रोड़ का निर्माण करे जिससे जिनके लिए ये सड़क बन रही हैं वो इसका उपयोग कुछ साल तक तो कर सके..!

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर कवि सम्मेलन आयोजित

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की 486 वीं जयंती पर, महाराणा प्रताप सिंह जन कल्याण समिति एवं महाराणा प्रताप महासभा के संयुक्त तत्वावधान में, जरहा में बुधवार 17 जून को कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर उमेश सिंह व उनकी तीनों बच्चियों के द्वारा संगीतमय सरस्वती वंदना एवं महाराणा जी पर शौर्य गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात कटनी से पधारे कवि अनिल कुमार मिश्र ने महाराणा प्रताप की जन्मभूमि के तेज का वर्णन करते हुए कहा - सम्मुख आ भास्कर प्रचंड, हो जाता बेपानी है। करता हूं सौ - सौ प्रणाम, यह मिट्टी राजस्थानी है। सुभाष सिंह दीक्षित ने महाराणा प्रताप के आन बान शान पर रचना पढ़ते हुए कहा - राणा प्रताप से सीखा हमने, शान किसे कहते हैं ।मातृभूमि रक्षा सर्वोपरि, आन किसे कहते हैं। चन्द्र किशोर चंदन ने महाराणा प्रताप के शौर्य से संरक्षित ,इस देश के नागरिकों को, देश की स्थिति पर ध्यान देने की जरूरत पर कहा - कहां जा रहा है वतन आप देखिए। रामलखन सिंह चौहान ने महाराणा प्रताप जी के युद्ध में उनके प्रहार का वर्णन करते हुए कहा - सैन चतुरंग भंग, बैरियों के अंग - भंग। काल हैं कि राणा हैं कि राणा हैं कि काल हैं।

## खण्ड स्तरीय जन कल्याण शिविर कार्यक्रम में सैकड़ों समस्याओं का हो रहा निवारण

मानपुर (स्वतंत्रमत)।



जन्ता के द्वार सरकार के उद्येश्य से मध्यप्रदेश शाषन द्वारा पूरे प्रदेश में जन कल्याण शिविर के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, सरकार का मानना है कि अपने प्रदेश के सभी जन समस्या से मुक्त रहें एवं सभी पात्र हितग्राही जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्यवित हों, जिसके तहत प्रदेश के सभी नगर, खण्ड में जन कस्याण शिविर लगाने के लिये शक्त निर्देश हैं। दिनांक 15 से 17 जून तक मानपुर के नगर परिसद एवं जनपद पंचायत में खण्ड स्तरीय जन कल्याण शिविर संचालित है, जिसमें मानपुर नगर और क्षेत्रीय पंचायती प्रशाषन के समस्त विभाग अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने कहा कि क्षेत्रीय विकास, जन समस्या निवारण एवं सभी रात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्यवित करने के लिये हमें सदा तत्पर्य रहना है, किसी भी ब्यक्ति को अपनी समस्या को लेकर दरदर न भटकना पड़े अथवा किसी विभाग का चक्कर न लगाना पड़े इसीलिये प्रशाषन को स्वयं जन्ता के द्वार और क्षेत्र में समय समय पर पहुंच कर जन समस्या निवारण का कार्य करना है, वहीं क्षेत्रीय प्रशास्निक कर्मचारी अधिकारियों को शक्त निर्देश दिया गया कि सरकार के आदेश का पालन बड़े जवाबदारी से करें, जिससे क्षेत्रीय जन्ताओं में कोई समस्या न रहने पायें। वहीं मानपुर जनपद अध्यक्ष श्रीमती ममता सिंह ने क्षेत्रीय देव तुल्य जन्ताओं का अपने वाणी से स्वागत और अभिनंदन करते हुये निवेदन किया कि अपने समस्या निवारण को दूर करने एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्यवित होने के लिये खण्ड स्तरीय जन कल्याण शिविर में पहुंचने का कष्ट करें। जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया, वहीं मानपुर एसडीएम सुश्री हरनीत कौर जी द्वारा राजस्व विभागीय योजनाओं से अवगत करवाया गया एवं त्वरित जन समस्या निवारण कार्य में बड़े जवाबदारी और लगन भाव से मेहनत करने के लिये समस्त विभागीय प्रशाषनिक टीम से आग्रह किया गया।

## घर के आँगन में सोता रहा परिवार, चोरों ने कर दिया घर से जेवर और नगदी साफ

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

जिले बिरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रमगढ़ी के बद्दोटोला में बीती रात अज्ञात चोरों ने गजानंद निषाद के घर को निशाना बनाते हुए नगद राशि एवं जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात लगभग 2 बजे अज्ञात चोर घर के पीछे के हिस्से से अंदर घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर से करीब 2 लाख रुपये नगद, 2 करधन, 4 पैरी सहित अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के समय घर के कुछ सदस्य गुल्ली बीनने के लिए खेत गए हुए थे, जबकि दो लोग घर के सामने सो रहे थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने पीछे से घर में प्रवेश किया और चोरी कर मौके से फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी लगते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। वही घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

## एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने फार्मेसी काउंसिल में लंबित रजिस्ट्रेशन एवं अव्यवस्थाओं को लेकर प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

उमरिया (स्वतंत्रमत)।



प्रदेश के हजारों फार्मासिस्टों एवं फार्मेसी छात्र-छात्राओं की लंबे समय से लंबित रजिस्ट्रेशन संबंधी समस्याओं को लेकर एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन, उमरिया द्वारा मध्यप्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं उमरिया जिले के प्रभारी मंत्री नगर सिंह चौहान को बुधवार 17 जून को विस्तृत ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा दिलीप पांडेय की उपस्थिति भी रही

ज्ञापन में बताया गया कि भोपाल स्थित मध्यप्रदेश फार्मेसी काउंसिल कार्यालय में नए रजिस्ट्रेशन एवं रिन्यूअल रजिस्ट्रेशन निर्धारित समय-सीमा के भीतर जारी नहीं किए जा रहे हैं। अनेक मामलों में आवेदकों को छह माह से लेकर एक वर्ष या उससे अधिक समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। इसके कारण प्रदेशभर के फार्मासिस्टों एवं छात्र-छात्राओं को नौकरी, उच्च शिक्षा, दस्तावेज सत्यापन तथा अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

एसोसिएशन ने यह भी आरोप लगाया कि रजिस्ट्रेशन की जानकारी प्राप्त करने हेतु काउंसिल कार्यालय पहुंचने वाले आवेदकों के साथ कई बार कर्मचारियों द्वारा असहयोगात्मक एवं अभद्र व्यवहार किया जाता है, जिससे फार्मासिस्टों में निराशा और आक्रोश की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जबकि फार्मासिस्टों द्वारा निर्धारित शुल्क एवं आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा करने के बावजूद उन्हें रजिस्ट्रेशन की स्थिति की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

ज्ञापन में मांग की गई कि मध्यप्रदेश फार्मेसी काउंसिल की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, साथ ही नए एवं रिन्यूअल रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को लोक सेवा गारंटी के अनुरूप समयबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी फार्मासिस्ट को अनावश्यक आर्थिक, मानसिक एवं व्यावसायिक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष श्री प्रिंस छंगवानी जी ने कहा कि प्रदेश के हजारों फार्मासिस्ट इस गंभीर समस्या से प्रभावित हैं। उन्होंने शासन से मांग की कि इस विषय को प्राथमिकता देते हुए तत्काल प्रभाव से ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि फार्मासिस्टों को समय पर रजिस्ट्रेशन उपलब्ध हो सके और फार्मेसी व्यवस्था में पारदर्शिता एवं विश्वास बहाल हो।

इस अवसर पर एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव अखिलेश त्रिपाठी, संभाग सचिव अनुराग तिवारी, जिला अध्यक्ष प्रिंस छंगवानी, जिला सचिव तेज सिंह, जिला मीडिया प्रभारी हेमंत सेन, फार्मासिस्ट शंकर सिंह, अतुल सिंह, कैलाश साहू, शुभम त्रिपाठी, अनमोल असाटी, आशीष तिवारी एवं महिमा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

## बाइक और ट्रेक्टर की सीधी भिड़ंत, जीजा साले ने मौके पर दम तोड़ा, एक घायल

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के अमरपुर चौकी अंतर्गत महरोई मोड़ के पास बुधवार 17 जून की देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक और ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे तीनों युवक सड़क पर गिर गए। हादसे में अजय कोल (30 वर्ष) पिता लालमन कोल निवासी बरकुला थाना बदेरा तथा करण (25 वर्ष) पिता गया प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई,दोनों आपस में साला-बहनोई बताए जा रहे हैं,वहीं अमन (24 वर्ष) पिता राजू निवासी बिहरा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर उमरिया में उमड़ा जनसैलाब, शोभायात्रा व मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

उमरिया (स्वतंत्रमत)।



काल हैं कि राणा हैं कि, राणा हैं कि काल हैं, यह पंक्ति वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के अद्वितीय शौर्य, स्वाभिमान और रणकौशल को साकार करती है, जिनके पराक्रम से शत्रु भी भयभीत हो उठते थे। राष्ट्र गौरव, त्याग और अदम्य साहस के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती बुधवार 17 जून को उमरिया जिले में श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाई गई। खलेसर नाका स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर समाज के सभी वर्गों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, करणी सेना तथा बड़ी संख्या में युवाओं ने माल्यार्पण कर पुष्पवर्षा की और मेवाड़ के अमर योद्धा को श्रद्धापूर्वक नमन किया। प्रतिमा स्थल पर महाराणा प्रताप और भारत माता के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान रहा। इसके बाद करणी सेना के नेतृत्व में खलेसर नाका से गांधी चौक,जय स्तम्भ चौक,सगरा चौराहा ,रानी दुर्गावती चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट से मुख्य आयोजन स्थल होटल रायल आनन्द तक विशाल शोभायात्रा एवं वाहन रैली निकाली गई। सैकड़ों युवा, महिलाएं राजस्थानी साफा पहने हुऐ समाज जन रैली में शामिल हुए। मार्गभर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया तथा महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और स्वाभिमान का स्मरण किया। शायोप्रस,स्वदेश के विजय कुमार जोशी व हिन्दू मस्लिम एकता मंच ने शेर सिंह राणा का फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित समारोह में करणी सेना द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन राष्ट्रभक्ति, आत्मसम्मान और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष का ऐसा आदर्श है, जो आज भी प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शेर सिंह राणा की उपस्थिति भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

## राज स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न, भोपाल का दबदबा

**उमरिया।** तीन दिवसीय राज स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन गुरुवार 18 जून को उमरिया स्टेडियम में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुजा पटेल ने खिलाड़ियों के अनुशासन, खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए।कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ, राकेश शर्मा सहित अन्य सम्मानित जन मंचासीन रहे। समापन अवसर पर खेल ध्वज सम्मानपूर्वक अवतरित किया गया।


फोन नम्बर 07627-266254 (कार्या.)
Email (O)::jpmanuma-mp@nic.in

**कार्यालय जनपद पंचायत मानपुर जिला उमरिया मध्यप्रदेश**

पत्र क्र. / 1288 / ज. पंचा./ सा. न्याय./ सा. वि./2026 मानपुर, दिनांक 11/06/2026

**विज्ञप्ति**

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद पंचायत मानपुर में दिनांक 29/06/2026 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस आयोजन में उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भोपाल के पत्र क्र. / 1 / 246629/2025/26-2, भोपाल, दिनांक 29/04/2025 से जारी निर्देश कण्डिका ''3'' के अनुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत संभागवार जिलों में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मलित विवाह जोड़ा की न्यूनतम संख्या 11 एवं अधिकतम 200 जोड़ों की संख्या निर्धारित की गई है। निकाय अन्तर्गत निर्धारित संख्या से अधिक जोड़े सामिल नही किये जायेगें। जिसके लिए पण्डाल, भोजन व्यवस्था आदि का प्रशासनिक कार्य किया जाना है। निम्नानुसार कार्यों के लिये इच्छक फर्म/दुकानदारों से कार्यों की दर आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | टेन्ट व्यवस्था |
| 2 | भोजन व्यवस्था |
| 3 | वर-वधु के लिये वैवाहिक पोषाक एवं अन्य सामग्री<br>वर के लिए टोपी एवं कन्या के लिए मौर, मोरी, चुनरी, मगरोहन, कलश (दीपक सहित) बेदी, कुर्ता, पैजामा, साड़ी, पेटीकोट, ब्लाउज, दो माला, चार काली चूड़ी |

उपरोक्त इच्छुक फर्म/दुकानदार सामग्री प्रदाय के लिए वर्तमान दरें दिनांक 18/06/2026 को सायं 03.00 बजे तक जनपद पंचायत मानपुर में आमंत्रित की जाती हैं, प्राप्त निविदा दिनांक 23/06/2026 को ही क्रय समिति द्वारा सायं 04.00 बजे खोली जावेगी। आयोजन मे लगने वाली आवश्यक सामग्री का प्रारूप कार्यालय जनपद पंचायत मानपुर से प्राप्त किया जा सकता है। संबंधित फर्म द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर के नामे रू. 10000/-(शब्दों में- दस हजार मात्र) की अमानत राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट कार्यों की वर्तमान दर के साथ बन्द लिफाफा में ही जमा करना अनिवार्य है. कार्य संतोषजनक पाये जाने की स्थिति में अमानत राशि वापस योग्य होगी। पृथक- पृथक कार्यों के लिए अमानत राशि पृथक-पृथक जमा करना अनिवार्य है।

**(अंकित कुमार सीरोठिया)**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर जिला उमरिया मध्य प्रदेश**

# प्राचीन निस्तारी तालाब के आसपास हर दिन हो रहा अतिक्रमण
# जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीण, कार्यवाही न होने पर करेंगे चकाजाम

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

नगर मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत बड़ी खैरी स्थित शासकीय तालाब पर कथित अतिक्रमण और निस्तार व्यवस्था में बाधा को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर के समक्ष जन सुनवाई में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 20 जून तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो वे चक्का-जाम करने के लिए मजबूर होंगे। आवेदन के अनुसार बड़ीखैरी गांव का तालाब निस्तार पत्रक में दर्ज है और इसका उपयोग गांव के लोगों द्वारा निस्तार एवं अन्य सार्वजनिक कार्यों के लिए किया जाता है। शिकायत में बताया गया है कि पिछले कई वर्षों से तालाब के निस्तार क्षेत्र में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा था जिस पर पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी द्वारा आदेश भी पारित किए गए थे। बाद में कलेक्टर स्तर पर भी तालाब को शासकीय मद में दर्ज किए जाने की पुष्टि की गई थी। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि 13 जून को कुछ लोगों द्वारा तालाब क्षेत्र में जेसीबी मशीन की सहायता से मेड़ निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों ने इसका विरोध





किया और प्रशासन को सूचना दी। मौके पर पहुंची राजस्व टीम द्वारा जांच की गई जिसमें शिकायत सही पाए जाने का दावा किया गया है। साथ ही मौके पर पंचनामा भी तैयार किया गया। जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत बड़ी खैरी के प्राचीन तालाब में जिला प्रशासन की पहल पर जल संरक्षण सौन्दर्य अभियान चलाया जा रहा है। तो दूसरी तरफ एक व्यक्ति विशेष के द्वारा तालाब से लगी जमीन पर कब्जा किए जाने का मामले सामने आया है। लगातार अतिक्रमण होने से लोगों में निराशा है। तालाब संरक्षण को लेकर लाखों रूपए आवंटित किए गए हैं। वहीं शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने पंचनामा आदि बनाकर कार्यवाही किए जाने की बात कहीं हैं। वहीं स्थानीय रहवासी और जागरूक नागरिकों का कहना है कि हर दिन तालाब के आसपास कही न कही अतिक्रमण दिखाई देता है। रातों रात अतिक्रमण किया जा रहा है। जबकि ग्राम पंचायत खैरी में 100 वर्ष से अधिक के जल स्रोत तालाब में पिछले कई दिनों से स्थानीय समाजसेवियों द्वारा सफाई एवं सौंदर्यकरण किया गया है। प्रशासन द्वारा इसका सीमांकन भी किया गया है और जनप्रतिनिधियों द्वारा इसके सौंदर्यकरण को लेकर बीते माह कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। नगर का यह तालाब अब अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहा है यह तालाब के जीर्णोद्धार के लिए आप सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है जिस तरह यह तालाब अतिक्रमण की चपेट में आ रहा है इससे तो यही लगता है कि आने वाले समय में इसका अस्तित्व खतरे में है। विगत कई वर्षो से जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत बड़ी खैरी के ऐतिहासिक तालाब को सौन्द्रर्य प्रदान करने की मांग चली आ रही है। वहीं इस तालाब को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने की मांग भी वर्षो से चली आ रही है। इस तालाब में अपना हक बताते हुए अनेक दावेदार पूर्व में न्यायालय आदि की शरण भी ले चुकें हैं। लेकिन उनके मंसूबे पानी में फिर गए जब अधिकार नही मिला तो इस तालाब पर अतिक्रमणकारी की बौंछार आ गई। स्थानीय ग्रामीण यहां पर अतिक्रमण का जाल बिछाने लगे लिहाजा बड़ी मात्रा में इस तालाब में अतिक्रमण किया जा चुका है। लगभग 8 एकड़ के इस तालाब को नस्ताबूत करने के लिए माफियाओं का गिरोह सक्रिय रहा लेकिन स्थानीय लोगों की पहल पर इस तालाब को बचाने की कवायद आरंभ हो चुकी है। इसी का परिणाम है कि अब इस तालाब के गहरीकरण सौन्द्रीर्यकरण को लेकर काम किया जा रहा है। जबकि नगर और नगर से लगी ग्राम पंचायतों के अनेक तालाबों को भू माफिया राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से निगल चुकें है अब ये तालाब कागजों में दिखाई देते हैं खसरा नक्शा में छेड़छाड कर नगर के अनेक तालाबो को भू माफियाओं के नाम कर दिया गया है। जहां पर बड़ी बड़ी दुकानें और प्लाटिंग की जा चुकी हैं। लेकिन खैरी का यह तालाब जैसे तैसे अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहा है। जिसे जीवन दान दिया जाना समय की मांग है।

इस तालाब का अगर गहरीकरण किया जाता है तो आने वाले समय में खैरी, बिनैका, जंतीपुर के साथ नगर मुख्यालय का वॉटरलेबल में काफी हद तक सुधार होगा। वही सैर सपाटा मॉर्निंग वॉक, इंवनिंग वॉक करने वालों के लिए यह स्थान काफी महत्वपूर्ण हो जाएगा। जिला प्रशासन के जबावदार अधिकारियों से स्थानीय ग्रामीणों ने मांग की है कि इस तालाब के तमाम कार्यो को लेकर योजना बनाते हुए राशि स्वीकृत की जाए और यहां फैले अतिक्रमण को हटाते हुए स्थानीय रहवासी और दुकानदारों को अन्य स्थल में विस्थापित किया जाए देखना होगा कि ग्राम पंचायत की इस मांग को कब पूरा किया जाएगा।



# दुर्गावती पार्क नाम बहाली की मांग

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा नगरपालिका परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नेहरू स्मारक सर्किट हाउस के सामने स्थित पार्क का नाम पुनः महारानी दुर्गावती पार्क किए जाने मांग की है। ज्ञापन में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद नरेती के नेतृत्व में सौंपा गया ज्ञापन में बताया गया कि नेहरू स्मारक सर्किट हाउस के सामने गोंडवाना साम्राज्य की महान वीरांगना महारानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थापित है। प्रतिमा के समीप स्थित पार्क का नाम लंबे समय तक महारानी दुर्गावती पार्क के नाम से जाना जाता रहा किंतु विगत कुछ समय पूर्व इसका नाम बदलकर रेवांचल पार्क कर दिया गया। पार्टी ने इस निर्णय पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह केवल एक नाम परिवर्तन का मामला नहीं है बल्कि गोंडवाना इतिहास संस्कृति और देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाली वीरांगना महारानी दुर्गावती के सम्मान से जुड़ा विषय है।

आगामी 24 जून को मनाए जाने वाले महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस से पूर्व पार्क का नाम पुनः महारानी दुर्गावती पार्क घोषित किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों और गोंडवाना समाज की भावनाओं का सम्मान हो सके। पार्टी ने कहा कि यदि समय रहते इस मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# अवैध शराब के साथ बाप-बेटा गिरफ्तार

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 53 लीटर देशी एवं विदेशी शराब जब्त की है इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में की गई इस कार्यवाही में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ज्ञानदीप स्कूल के पास दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब का परिवहन एवं विक्रय कर रहे हैं सूचना मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्धों को पकड़ लिया तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 53



लीटर देशी एवं विदेशी शराब बरामद की गई जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 27 हजार रुपये बताई जा रही है आरोपी सीताराम विश्वकर्मा 62 वर्ष निवासी रानी अवंती बाई वार्ड, राहुल विश्वकर्मा 22 वर्ष निवासी रानी अवंती बाई वार्ड को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान, उप निरीक्षक भुनेश्वर वामनकर, प्रधान आरक्षक अशोक मार्को, संतलाल, कमलेश्वरी मोहन तथा आरक्षक प्रियांश, रमेश, राजकुमार, हनु मार्को, धीरेंद्र तेकाम सहित थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मानव सेवा ही मेरे जीवन का उद्देश्य : डॉ गर्ग

## स्वास्थ्य शिविर का हुआ समापन

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

नगर मुख्यालय स्थित एमके होटल में लगे तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का समापन कार्यक्रम में डॉक्टर एसके गर्ग का स्मृति चिन्ह व शॉल श्रीफल से महाकौशल क्षेत्र की वरिष्ठ उद्यमी एवं समाजसेवी श्रीमती मृदुला काल्पीवार, वरिष्ठ उद्योगपति किशोर काल्पीवार, सामाजिक कार्यकर्ता गीता काल्पीवार ने किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुल अजीज भाईजान, सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल, पत्रकार मनीष तिवारी, पार्षद प्रतिभा अनिल साहू सहित अनेक सामाजिक जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉक्टर एसके गर्ग ने कहा कि वे मानव सेवा को ही अपना धर्म मानते हैं। उन्होंने कहा कि गलत खानापान के साथ नियमित योगा न करना और अदिनचर्या के चलते लोग अनेक रोगो से जूझ रहे हैं। जिसमें शरीरिक दर्द के पीड़ित अधिक हैं ऐसे मरीजों का उपचार मैग्नेटिक पद्धति से वे करते आ रहे हैं। तीन दिवसीय इस शिविर में लंबे समय से दर्द और शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे सैकड़ों मरीज शिविर में पहुंचे वही शिविर की विशेष बात यह है कि ऐसे कई लोग भी शिविर में उपचार के लिए पहुंचे जिन्होंने अपने इलाज पर लाखों रुपये खर्च किए, लेकिन उन्हें अपेक्षित राहत नहीं मिल सकी। इस शिविर में सबसे खास बात यह रही कि यहां पर जिले के अनेक नामचीन डॉक्टर भी पहुंचे और अपना उपचार कराया। वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर में सुजोक एक्यूप्रेशर एवं मैग्नेटिक



चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ डॉ. एस.के. गर्ग द्वारा मरीजों का परीक्षण एवं उपचार किया गया। डॉ. गर्ग अपने अनुभव और विशेष चिकित्सा तकनीकों के माध्यम से रोगियों को राहत दी। शिविर में मंडला जिले के अलावा आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। स्वास्थ्य शिविर की संपूर्ण व्यवस्था महाकौशल क्षेत्र की वरिष्ठ उद्यमी एवं समाजसेवी श्रीमती मृदुला काल्पीवार द्वारा की गई। उनके प्रयासों से आमजन को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया गया। शिविर में आने वाले लोगों के लिए आवश्यक सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की गई थी डॉ. एस.के. गर्ग ने बताया कि सुजोक एवं मैग्नेट थेरेपी एक ऐसी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति है जिसमें शरीर के विशेष दबाव बिंदुओं (प्रेशर पॉइंट्स) और ऊर्जा प्रवाह को सक्रिय कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। उनके अनुसार हाथों पैरों और शरीर के विभिन्न बिंदुओं का संबंध शरीर के आंतरिक अंगों एवं प्रणालियों से होता है। इन बिंदुओं पर उचित दबाव एवं चुंबकीय उपचार के माध्यम से शरीर की स्व-उपचार क्षमता को बढ़ावा दिया जाता है जिससे कई प्रकार की समस्याओं में राहत मिल सकती है शिविर में साइटिका कमर दद घुटनों का दर्द, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, माइग्रेन, कंधे का दर्द, जोड़ों के दर्द उच्च रक्तचाप ब्लड प्रेशर तथा डायबिटीज जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। वहीं मरीजों ने उपचार के बाद सकारात्मक अनुभव साझा किए और बताया कि उन्हें दर्द में राहत महसूस हुई स्वास्थ्य शिविर के प्रति लोगों का उत्साह लगातार बढ़ता दिखाई दिया।

# विकसित भारत सम्मेलन में पहुंचे हितग्राही व्यापारी प्रबुद्धजन

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर पालिका टाउन हॉल में 12 साल विश्वास के विकास के जनकल्याण के विषय पर हितग्राही प्रबुद्धजन एवं व्यापारी सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्यचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से किया गया। सम्मेलन में केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों नगर के प्रबुद्धजनों व्यापारियों एवं चिकित्सकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से हितग्राही ममता रजक, व्यापारी अशोक गुरवानी एवं चिकित्सक डॉ. मुकेश तिलगाम का पुष्पगुच्छ भेंट कर




सम्मान किया गया तथा उन्हें केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रवीण तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। केन्द्र सरकार की योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केन्द्र सरकार ने जनविश्वास को मजबूत करते हुए विकास की नई गाथा लिखी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विश्व पटल पर नई पहचान बना रहा है। भाजपा की सरकार ने बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की समन्वित विकास योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों, प्रबुद्धजनों एवं व्यापारियों ने भी केन्द्र सरकार की योजनाओं से प्राप्त लाभों को साझा किया तथा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। इस दौरान नगर के अनेक हितग्राही, प्रबुद्धजन, व्यापारी, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य स्वच्छता पर जानकारी

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

*कलेक्टर के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंडला परियोजना के महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुप नामदेव के मार्गदर्शन में सेक्टर सेमरखापा अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र देवदरा में किशोरी बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

# कच्ची शराब के अड्डों पर दबिश

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर के निर्देशन मे जिला आबकारी अधिकारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी शैली सैयाम के मार्गदर्शन में मण्डला वृत में दबिश की कार्यवाही की गई जिसमें महाराजपुर क्षेत्र में ग्राम मड़ई में नाले के किनारे मदिरा का अवैध रूप से निर्माण कर विक्रय करने वाले अड्डो पर दबिश की कार्यवाही में 3 अड्डो से लगभग 95 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा बरामद की गई एवं मदिरा निर्माण हेतु महुआ लाहन 180 प्लास्टिक के डब्बो में भरा पाया। प्रत्येक डिब्बे में 10 किलो महुआ लाहन भरा पाया लगभग 1800 किलो महुआ लाहन जप्त कर घटनास्थल पर नष्ट किया।



आबकारी बल को देख आरोपी भाग खड़े हुए जिनकी तलाश जारी है। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत विधिवत प्रकरण पंजीबद्ध किया। जप्त मदिरा की कुल अनुमानित कीमत 1,94,250 है। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक सर्वेश नागवंशी प्र.आ.दुर्जन कुलेश, आरक्षक विजय कमलेश सत्यपाल मरावी, नेतराम ककोटिया, रघुनाथ उइके, महेश पटेल उपस्थित रहे।

# पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में नवागत पुलिस अधीक्षक के पदभार संभालने के बाद पुलिस विभाग में व्यापक फेरबदल किया गया है। जारी स्थानांतरण आदेश के तहत थाना चौकी एवं पुलिस लाइन में पदस्थ कुल 116 अधिकारी एवं कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं इनमें निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक प्रधान आरक्षक तथा आरक्षक शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश के अनुसार घुघरी थाना प्रभारी निरीक्षक पूजा बघेल को पुलिस लाइन भेज दिया गया है उनकी जगह निरीक्षक प्रकाश चन्द्रसेन को घुघरी थाना का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है इसी प्रकार बम्हनी थाना प्रभारी जय सिंह यादव का स्थानांतरण महाराजपुर थाना किया गया है जबकि सतेन्द्र रघुवंशी को बम्हनी थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मवई थाना प्रभारी प्रताप मरकाम को पुलिस लाइन अटैच किया गया है। उनके स्थान पर महिला थाना में पदस्थ आरती तेकाम को मवई थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं महाराजपुर थाना प्रभारी क्रांति कुमार बम्हे को रक्षित केन्द्र मंडला भेजा गया है पुलिस विभाग में लंबे समय बाद हुए इस बड़े प्रशासनिक फेरबदल को जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार नई पदस्थापनाओं से थाना क्षेत्रों में कार्यकुशलता, जवाबदेही और प्रशासनिक सक्रियता में वृद्धि होने की उम्मीद है अब नई पदस्थापना पाए अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यभार ग्रहण करने के बाद पुलिसिंग की कार्यशैली और कानून-व्यवस्था पर इसका प्रभाव देखने को मिलेगा।



# पुण्यतिथि पर मरीजों को बांटे फल

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।


वरिष्ठ पत्रकार पूर्व मंडी बोर्ड विशेषज्ञ सामाजिक एवं धार्मिक पथ प्रदर्शक रहे अनगिनत कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत स्व. सुनील नामदेव के पुण्यतिथि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भुआ बिछिया में उनके परिवार एवं इष्ट मित्र अनेक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भुआ बिछिया में उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर मरीजों एवं उनके साथ आए परिवार के लोगों को व समस्त स्वास्थ्य विभाग के स्टॉफ को फल वितरण कर अस्पताल परिसर में दो मिनट का मौन धारण करके सभी ने श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए याद किया। इस दौरान उनके सुधीर नामदेव, शिवांग मनु नामदेव, जगदीश ठाकुर, राजेंद्र साहू, यशवंत बजाज, बलराम शुक्ला, प्रणव लोध,भीषम राय, रमाशंकर पप्पू राय, अशोक ननकानी, राम बहोरी पटेल, सुमित रजक, लल्ला यादव, राकेश यादव, नरेश राजपूत, जमुना यादव, नेमी लाल यादव, राजेंद्र यादव, ओम प्रकाश यादव, लीला यादव, इशिता यादव कल्लू यादव,संतोष यादव, अत्तू यादव, सतीश यादव, नरेंद्र धुर्वे एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रवेश उत्सव

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 16 जून से जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की चहल-पहल और रौनक लौट आई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आओ मिलकर उत्सव मनाएं बच्चों को आंगनवाड़ी लाएं संदेश के साथ जिलेभर में आंगनवाड़ी प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा एवं पोषण के प्रति रुचि विकसित करना तथा अभिभावकों को आंगनवाड़ी सेवाओं से जोडना रहा। प्रवेश उत्सव के दौरान 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। केंद्रों को आकर्षक रूप से सजाया गया था जिससे बच्चों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

# सोशल मीडिया कार्यकारिणी घोषित

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा सोशल मीडिया विभाग ने जिले की नई कार्यकारिणी घोषित की है यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री एवं जबलपुर संभाग संगठन प्रभारी राहुल कोठारी तथा सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी के निर्देशानुसार की गई है। वहीं जिला संगठन प्रभारी रमेश भटेरे, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला संयोजक सोशल मीडिया शोभित रावत, सोशल मीडिया संभाग प्रभारी अमन शर्मा एवं सह संभाग प्रभारी अर्पण मैद की सहमति और अनुशंसा के बाद नई टीम को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं घोषित सूची के अनुसार दीपक नामदेव, अनुपम पटेल, भुमनेश जैन, शिवेंद्र वारेश्वर एवं अंशु परधान को जिला सहसंयोजक बनाया गया है वहीं युवराज परते, जतिन उइके, रक्षा नामदेव, अमन सोनी, धीरेश पटेल और गौरव कछवाहा को जिला सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है विधानसभा स्तर पर सूजल दुबे को मंडला विधानसभा संयोजक एवं धर्मेंद्र चक्रवर्ती को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है सचिन खंपरिया को निवास विधानसभा संयोजक तथा अजीत पूसाम को सहसंयोजक बनाया गया है इसी प्रकार लीलाराम यादव को बिछिया विधानसभा संयोजक एवं पंचम यादव को सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई है।



संपादकीय

## अब सत्ता ही 'जनार्दन'

अभी तक यह कहा जाता था कि जनता 'जनार्दन' होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी सार्वजनिक मंचों से यह कई बार स्वीकार किया है और चुनाव के बाद जनता के सामने नतमस्तक भी हुए हैं। दरअसल लोकतंत्र के शास्त्रीय अर्थ तो यही हैं, क्योंकि जनता ही जन-प्रतिनिधि चुनती है। प्रधानमंत्रियों, मुख्यमंत्रियों, कद्दावर नेताओं को खारिज कर सत्ता से बाहर भी करती रही है, लेकिन अब भाजपा नए किस्म की राजनीति गढ़ रही है। फिलहाल पश्चिम बंगाल का ही उदाहरण लें। भाजपा ने चुनाव में 15 साल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस को करारी पराजय दी है। यह जनादेश स्पष्ट है, लेकिन भाजपा इसी से संतुष्ट नहीं है। तृणमूल के भीतर बगावत, टूट और पाला-बदल कोई वैचारिक और नैतिक नहीं है। दरअसल भाजपा तृणमूल को तोड़ कर, अंततः ममता बनर्जी को 'पार्टीहीन' करने पर आमादा है। दिलचस्प यह है कि बंगाल में तृणमूल का बागी गुट प्रमुख विपक्षी दल है, लिहाजा उसके नेता ऋतब्रत बनर्जी को स्पीकर ने 'नेता प्रतिपक्ष' की मान्यता दी है। दिल्ली में तृणमूल के 20 लोकसभा सांसदों ने 'अलग गुट' के तौर पर, बैठने की अलग व्यवस्था करने के लिए, स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखा है। सांसदों का बागी गुट एनडीए को समर्थन देना चाहता है। बाद में वे भाजपा में भी विलीन हो जाएं, तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। सहज सवाल यह है कि आखिर विपक्ष कौन है? तृणमूल विपक्षी दल है अथवा एनडीए का संभावित घटक! बंगाल में विधायकों और सांसदों को जनादेश क्या मिले थे? अब कमोबेश सांसद सत्ता-समर्थक हो रहे हैं। यह कौन-सी राजनीति या जनादेश की स्वीकृति है? क्या अब संवैधानिक शुचिता या नैतिकता की बात करना ही छोड़ दें? सर्वोच्च अदालत ने भी विभाजन, टूट-फूट विधायक अथवा संसदीय दल में नहीं माना था। शीर्ष अदालत पार्टी के भीतर दोफाड़ और दलबदल को 'विभाजन' मानती है, लिहाजा तृणमूल के भीतर भाजपा जो करवा रही है, वह असंवैधानिक है। ममता बनर्जी को इसकी पर्याप्त जानकारी होगी, तभी उन्होंने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तय करने के स्पीकर के फैसले को कोलकाता उच्च न्यायालय में चुनौती दे रखी है। रविवार को मुख्यमंत्री सुवेन्दु अधिकारी एक बार फिर बागी सांसदों की बैठक में उपस्थित रहे। यदि तृणमूल के तिनका-तिनका होने या करने में भाजपा की कोई भूमिका नहीं है, तो केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री बागी चेहरों से लगातार, बार-बार, मुलाकातें क्यों कर रहे हैं? क्या बार-बार चाय पीने का मन करता है? दरअसल इस राजनीति ने नया मुहावरा यह गढ़ दिया है कि अब विपक्ष भी 'सत्तामय' होगा! कोई ताकतवर, प्रतिद्वंद्वी विपक्ष नहीं होगा! यदि राजनीतिक तौर पर किसी दल या जन-प्रतिनिधि को जिंदा रहना है, तो भाजपा के मुताबिक ही चलना पड़ेगा। अब चुनाव के दौरान भी जनता नहीं, सत्ता और उसके प्रबंध नहीं, 'जनार्दन' होंगे! क्या इसी तरह धीरे-धीरे लोकतंत्र का लोप होगा? दरअसल यह क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व खत्म करने की बड़ी राजनीतिक साजिश है। उन्हें जेल जाने के खौफ दिखाए जा रहे हैं, ईडी और सीबीआई को निरंकुश कर दिया गया है, अब पुलिस रात के अंधेरे में भी, किसी भी नेता के घर में, घुस सकती है। बहरहाल भाजपा तृणमूल के 20 सांसद तोड़ ले और द्रमुक के 22 सांसदों का समर्थन जुगाड़ ले, फिर भी लोकसभा में उसका दो-तिहाई बहुमत नहीं होगा। अभी शिवसेना (उद्धव) के भी सांसद तोडने़ की रणनीति पर विचार किया जा रहा है। ऐसे माहौल में सर्वोच्च अदालत को हस्तक्षेप करना चाहिए, क्योंकि संविधान ने उसे कई विशेष शक्तियां दी हैं। चुनाव आयोग तो पहले से ही 'भाजपा का भोंपू' बना है।

## काफ्का, कॉकरोच और कोलाहल

# युवाओं को असहमति जताने का सही तरीका सीखना बाकी है

**कॉकरोच आंदोलन काफ्का के किसी उपन्यास की नहीं, बल्कि कोलाहल की वह कहानी है, जिसका संदर्भ युवा ढूंढ ही रहे थे। डिजिटल फ्री-फॉर-ऑल के युग में यह लोकतंत्र की तरफ से उन युवाओं को मिली छूट है, जिन्हें अभी असहमति जताने का सही तरीका सीखना बाकी है।**



एस प्रसन्नराजन

यह सब मानो फ्रांज काफ्का के किसी उपन्यास की कहानी नहीं, बल्कि असल जिंदगी की सच्चाई बन गया हो। जब निराश भारतीय युवा एक उदास सुबह बुरे सपने से जागे, तो उन्हें लगा जैसे वे अपने बदहाल देश में विशाल कॉकरोच बन गए हैं। यह बदलाव भी उस व्यवस्था में अस्वाभाविक नहीं लगता, जहां राष्ट्रीय परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने से बहुत पहले ही युवाओं की उम्मीदें दम तोड़ चुकी थीं। जहां बड़े सपने देखने वाले युवाओं को देश के संसाधनों को बेकार करने वाला और बोझ समझा जाता है, वहां 'कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी)' जैसे विचार का जन्म होना तो लगभग तय ही था।

लेकिन सवाल यह है कि क्या सचमुच में ऐसा है? विरोध के प्रतीक के रूप में अमर कॉकरोच की कल्पना भारत के कई लोगों को आकर्षित कर सकती है। आखिर कौन ऐसा नहीं बनना चाहेगा, जो किसी फिल्मी नायक की तरह व्यवस्था की गंदगी साफ करने के लिए आगे आ सके, जबकि अधिकांश लोग अपने साफ-सुथरे हाथ गंदे करने से कतराते हैं? एक समय आम आदमी पार्टी (आप) को शहरी मध्यम वर्ग का जो व्यापक समर्थन मिला था, उसके पीछे भी तो कुछ हद तक यही मानसिकता काम कर रही थी। आमतौर पर माना जाता है कि व्यंग्य विरोध का एक प्रभावी हथियार होता है। हंसी निश्चित रूप से एक प्रतिक्रिया हो सकती है, और साहित्य तथा राजनीति, दोनों में इसकी समृद्ध परंपरा रही है। परंतु, जब हंसी के पीछे कोई नैतिक आधार न हो और वह तर्क-वितर्क का स्थान लेने लगे, तो वह गंभीर प्रतिरोध नहीं रह जाती, बल्कि केवल एक सतही और गैर-जिम्मेदार गतिविधि बनकर रह जाती है। आखिरकार, कॉकरोच हमेशा अंधेरे कोनों में ही रेंगते हैं।

यहां शायद आज के समय को समझने के लिए एक छोटे-से फुटनोट की जरूरत है, भले ही वह थोड़ा मजाकिया हो। बैरिकेड्स तोड़ने और सड़कों पर विरोध के जोश के रोमांच को महसूस करने के लिए हमें साठ के दशक में वापस जाने की जरूरत नहीं है। हाल के वर्षों में गाजा ने यही भूमिका निभाई है। उसने युवाओं को कक्षाओं की सीमाओं से बाहर निकालकर विरोध के चौराहों तक पहुंचा दिया, और लगातार बमबारी झेल रहे फलस्तीन को आजादी व न्याय की वैश्विक आवाज का प्रतीक बना दिया।

इस्राइल को लेकर दुनिया के बदलते रुख और नेतन्याहू के नेतृत्व वाली सरकार से दूरी बनाने की बढ़ती प्रवृत्ति उस नैतिक माहौल का परिणाम है, जिसे उस युवा पीढ़ी ने आकार दिया है, जिसे कभी आलोचकों ने 'स्नोफ्लेक्स' कहकर कमजोर और अत्यधिक संवेदनशील बताकर खारिज कर दिया था। यह सच है कि कहीं-कहीं छिपे यहूदी-विरोधी पूर्वाग्रहों ने नैतिक बहस को धुंधला किया है, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि युवाओं के इस पीढ़ीगत गुस्से ने दुनिया भर में बहस और विमर्श की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पीछे मुड़कर देखें, तो मिस्र के तहरीर स्क्वायर और दुनिया के कई अन्य स्थानों पर हुए युवा आंदोलनों की ताकत भीड़ की नैतिक ऊर्जा से ही पैदा हुई थी। और तियानमेन में, नारों का जवाब टैंकों से दिया गया था, और हमें आज भी नहीं पता कि शहादत की ओर बढ़ने वाला वह अकेला व्यक्ति कौन था। लेकिन, केवल भीड़ जुट जाने से कोई आंदोलन सफल नहीं हो जाता। जब चौराहे खाली हुए और जेलें भर गईं, तब अपेक्षित आजादी नहीं आई। इसकी एक बड़ी वजह यह थी कि गुस्से से भरी भीड़ तो थी, लेकिन उसे दिशा देने वाला कोई ऐसा नेतृत्व नहीं था, जो बेहतर कल का वादा कर रहा हो। इसके बावजूद, इन आंदोलनों ने तानाशाही व्यवस्थाओं के भीतर भय पैदा किया और कुछ मामलों में शासकों को अपनी कठोर छवि छोड़कर अधिक मानवीय चेहरा दिखाने के लिए मजबूर भी किया।

जब गैर-राजनीतिक आंदोलनों में नैतिक एकजुटता और भविष्य को लेकर स्पष्टता होती है, तो वे व्यवस्था को चुनौती देने वाली राजनीति में बदल जाते हैं। आजादी और बदलाव की हर बड़ी लड़ाई में कोई न कोई ऐसा चेहरा उभरा है, जो लोगों की नाराजगी को सही ढंग से पेश करता रहा है। गैर-राजनीतिक राजनीति के सबसे प्रेरक उदाहरणों में 1989 की वेलवेट क्रांति प्रमुख है, जहां वाक्लाव हावेल ने केंद्रीय भूमिका निभाई। उस दौर में 'वी द पीपल', यानी 'हम लोग' का विचार तानाशाही के खिलाफ एक शक्तिशाली जवाब बनकर उभरा। प्राग के 'मैजिक लैंटर्न' थिएटर में एक शौकिया व्यक्ति के संकल्प के रूप में शुरू हुआ यह आंदोलन आगे चलकर साम्यवादी शासन के खिलाफ एक सफल जनतांत्रिक तर्क और संघर्ष में बदल गया। यह आंदोलन इसलिए सफल हो सका, क्योंकि विरोध की नैतिकता को आकार देने, गैर-राजनीतिक राजनेता होने का मतलब समझाने और सच्चाई के साथ जीने का अनुभव दिखाने के लिए हावेल जैसा एक नेता मौजूद था। भारत में भी शुरुआत में आम आदमी पार्टी (आप) की कहानी में एक नई राजनीतिक शुरुआत वाली वही गैर-राजनीतिक भावना दिखाई दी थी। लेकिन सत्ता ने उस आदर्श को खत्म कर दिया।

क्या डिजिटल फ्री-फॉर-ऑल के युग में असहमति को कॉकरोच ही मिलते हैं? जब किसी तर्क को खारिज करने के लिए सोशल मीडिया पर एक तीखा हमला ही पर्याप्त हो, और गुमनामी की आड़ में की जाने वाली ट्रोलिंग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को शोर-शराबे में बदल दे, तब डिजिटल दुनिया में असहमति एक नैतिक तमाशा बनकर रह जाती है।

इसी परिदृश्य में उभरी कॉकरोच जनता पार्टी, जिसका नाम भारत के मुख्य न्यायाधीश की एक चर्चित टिप्पणी से प्रेरित बताया जाता है, एक अपमानजनक उपमा को विरोध के प्रतीक में बदलने की कोशिश करती है। उनका संदेश न तो पूरी तरह स्पष्ट है और न ही हमेशा सुसंगत। उनकी संक्षिप्त मांगें अपने आप इस डिजिटल अभियान को गंभीरता नहीं देतीं। असली मुद्दा यह है कि डिजिटल इको-चैंबर में बिखरी हुई ये आवाजें लोकतंत्र के भीतर अपनी जगह और पहचान कैसे तलाश रही हैं।

उनकी नजर में ऐसा भारत, जहां न्याय की कमी हो, वहां लोकतंत्र केवल एक दिखावा है। और जब किसी वजह को संदर्भ की तलाश होती है, तो देश की ऐसी तस्वीर सामने आना स्वाभाविक है। और अगर संदर्भ मौजूद न हो, तो उसे गढ़ भी लिया जाता है। बिना न्याय वाली जमीन पर वी द कॉकरोचेस (हम तिलचट्टे) कोई जंग का नारा नहीं है। शायद यह लोकतंत्र की तरफ से उन डिजिटल रूप से लैस युवाओं को मिली छूट है, जिन्हें अभी असहमति जताने का सही तरीका सीखना बाकी है।

# तृणमूल के बाद शिवसेना?



**आदित्य नारायण चौपड़ा**

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

लोकतन्त्र में राजनीति कभी भी निर्वात (खाली स्थान) में विचरण नहीं करती है, बल्कि लोगों की जनाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए एक निर्दिष्ट सिद्धान्तावली के आधार पर चलती है। सिद्धान्तों व विचारधारा के अनुसार ही इस प्रणाली में विभिन्न राजनीतिक दलों का गठन होता है मगर सबका लक्ष्य एक ही होता है कि वे अपने-अपने रास्ते के अनुसार देश के लोगों व समाज और राष्ट्र का विकास करें और इसे चहुंदृष्टि से समृद्ध बनायें। इसीलिए राजनीति में यह माना जाता है कि यह आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुन्दर और सुरक्षित बनाने का मार्ग होती है परन्तु इसके लिए वर्तमान की राजनीति को विशुद्ध सिद्धान्तवादी मार्ग पर चलते हुए ही भविष्य का मार्ग खोजा जा सकता है।

भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के आन्दोलन में इस सिद्धान्त की जड़ें छिपी हुई हैं जिसमें महात्मा गांधी के नेतृत्व में इस देश के लोगों ने अपनी आजादी की लड़ाई को एक जनान्दोलन में तब्दील किया और स्वयं के गणतन्त्र कहलाने का अधिकार पाया। इस गणतन्त्र की सफलता के लिए जरूरी था कि स्वतन्त्र भारत के प्रत्येक नागरिक को उन अधिकारों से लैस किया जाये जिनकी बदौलत वह अपने बीच से ही अपने नेतृत्व का चुनाव कर सके और उसका शासक किसी राजघराने में पैदा होने के आधार पर उसका भाग्य विधाता न बन सके। इसके लिए स्वतन्त्र भारत में प्रत्येक नागरिक को एक वोट का अधिकार दिया गया और प्राधिकृत किया गया कि इसका इस्तेमाल करने पर वह अपना भाग्य विधाता स्वयं ही बन सकता है।

मगर वर्तमान समय में हम जो विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच टूट-फूट देख रहे हैं और केवल सत्ता पाने की खातिर सिद्धान्तों की बलि का नजारा कर रहे हैं उसका असली कारण पिछले चार दशकों में भारतीय राजनीति में व्याप्त सिद्धान्त विहीनता ही है जिसकी शुरूआत हम कांग्रेस के 1969 में हुए पहले विघटन से मान सकते हैं। उस समय सत्ता पर काबिज प्रधानमन्त्री स्व. इन्दिरा गांधी ने अपनी पार्टी को दो हिस्सों में केवल इसलिए बांट दिया था कि वह राष्ट्रपति पद पर अपने मनपसन्द उम्मीदवार स्व. वी.वी. गिरी को चाहती थीं। तब उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति द्वारा घोषित राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार स्व. नीलम संजीव रेड्डी का विरोध किया और पार्टी के उस अनुशासन को तोड़ डाला था जिससे कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता बंधा हुआ होता था।

अत: जब कांग्रेस दो हिस्सों में बट गई तो उन्होंने सत्ता में बने रहने के खातिर उस भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का समर्थन लिया जिस पर भारत के आजाद होते ही उनके पिता प्रथम प्रधानमन्त्री स्व. जवाहर लाल नेहरू ने प्रतिबन्ध लगा दिया था। उन्होंने इस प्रतिबन्ध को तभी हटाया जब कम्युनिस्टों ने भारत की संसदीय प्रणाली के लोकतन्त्र में अपनी पूरी निष्ठा व्यक्त करते हुए भारतीय संविधान को अंगीकार किया और यह स्वीकार किया कि वे चुनावों के माध्यम से पूर्ण अहिंसक तरीके से सत्ता परिवर्तन के सिद्धान्त को स्वीकार करते हैं।

90 के दशक में भारत में एक और आधारभूत परिवर्तन हुआ कि इसकी अर्थव्यवस्था विदेशी कम्पनियों के लिए खोल दी गई और विदेशी निवेश के भरोसे भारत के विकास की परिकल्पना मूर्त रूप लेने लगी। यह ऐसा परिवर्तन था जिसका देर-सबेर राजनीति पर गुणात्मक प्रभाव पड़ना लाजिमी था, क्योंकि किसी भी देश की अर्थ नीति उसकी राजनीति को प्रभावित किये बिना नहीं रह सकती। अत: खुले बाजारवाद की अर्थ नीति ने भारत के आधारभूत ढांचे के मूल मानकों जैसे शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्रों को भी अपने कब्जे में लेना शुरू किया और इनमें विशुद्ध मुनाफे की प्रवृत्ति को जन्म दिया जिससे लोगों के एक वोट से चुनी गई उनकी अपनी सरकारों की जवाबदेही लगातार कम होती चली गई । इसका असर राजनीति पर इस प्रकार पड़ा कि भारतीय राजनीतिक दलों की चुनाव लड़ने के लिए अपनी सैद्धान्तिक ताकत लगातार कम होती चली गई और उसका स्थान धनशक्ति लेती चली गई।

वरना सोचिये कि 1974 में शुरू हुए जिस जेपी आन्दोलन का मूल आधार यह था कि चुनाव प्रणाली में सुधार होना चाहिए और चुनावों को सस्ता बनाया जाना चाहिए, उसका जिक्र करते हुए आज हर राजनीतिक दल क्यों घबराता है? दरअसल राजनीति में आया हुआ ऐसा स्वाभाविक बदलाव है जो वर्तमान सामाजिक चेतना को भी परिलक्षित करता है। यह बेवजह नहीं है कि आज प. बंगाल में ममता दीदी की तृणमूल कांग्रेस के बुरी तरह हार जाने के बाद इस पार्टी के सांसद बगावत कर रहे हैं और दूसरे नम्बर पर अब महाराष्ट्र की उद्धव गुट की शिवसेना के सांसद बागी होने के मुहाने पर बैठे हैं। इसका मूल कारण यह है कि ये सांसद राजनीति के सत्तापरक समीकरणों को ही जनसेवा का असली जरिया मानते हैं।

वे सोचते हैं कि सत्ता के निकट रहते हुए वे अपने क्षेत्र के लोगों की सेवा बेहतरी के साथ कर सकते हैं। मगर दूसरा बड़ा और वृहद कारण यह है कि बाजारमूलक अर्थव्यवस्था ने विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच की सैद्धान्तिक दूरियों को समाप्त कर दिया है। अत: नेताओं के दल बदलने से अब राष्ट्रनीतियों पर फर्क ही नहीं पड़ता, क्योंकि खुले बाजारवाद की नीति 1991 में कांग्रेस लेकर आयी जिस पर इसके बाद केन्द्र में गठित हर दल की सरकार चल रही है । इसने सैद्धान्तिक मतभेदों को बहुत ही संकीर्ण कर दिया है क्योंकि सरकारी कम्पनियों में विनिवेश तो कांग्रेस ने ही शुरू किया। कुल मिलाकर राजनीति का यह वह दौर है जिसमें विचारधारा का सत्ता समीकरणों से कोई लेना-देना नहीं है।

## जीवन धारा: क्षितिज सीमा नहीं निमंत्रण है आगे बढ़ने का

सबसे बड़ी बाधा आपके सामने खड़ा पर्वत नहीं, बल्कि भीतर की वह आवाज है, जो कहती है कि आप उस पर चढ़ नहीं सकते। जब आप उस आवाज को सवालों के घेरे में लाना सीख जाते हैं, तब दुनिया बदलने लगती है।

मैंने अपने जीवन में पर्वतों से अधिक ऊंची दीवारें देखी हैं। वे पत्थर, बर्फ या चट्टानों की नहीं थीं, वे मेरे अपने मन में खड़ी थीं। लोग मुझे एक पर्वतारोही और ध्रुव यात्री के रूप में जानते हैं, पर एक समय था, जब मेरी पहचान रग्बी के मैदान से जुड़ी थी। मुझे लगता था कि मेरा भविष्य स्पष्ट है। मैं जानता था कि मैं कौन हूं और मुझे कहां पहुंचना है। फिर एक दिन सब बदल गया। एक गंभीर चोट ने मेरे खेल जीवन का अंत कर दिया। उस समय मेरे सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं था कि मैं आगे क्या करूंगा, बल्कि यह था कि अब मैं हूं कौन? तब मुझे पहली बार समझ में आया कि मनुष्य की सबसे बड़ी लड़ाई अपने भीतर उठने वाले भय, संदेह व असुरक्षा से होती है। मैंने महसूस किया कि चोट मेरे शरीर में नहीं, बल्कि विश्वास को लगी थी। मेरे मन ने मुझे बताना शुरू कर दिया कि अब मेरे सर्वश्रेष्ठ दिन बीत चुके हैं, आगे कुछ भी नया संभव नहीं है। लेकिन, धीरे-धीरे मैंने एक बात समझी। जब हम किसी मुश्किल दौर का सामना करते हैं, तो अक्सर हकीकत से मुंह मोड़ लेते हैं और अपनी कल्पनाओं, आशंकाओं तथा डर में जीने लगते हैं।

जब मैंने पहली बार पर्वतों की ओर कदम बढ़ाया, तो मुझे पर्वतारोहण का कोई तजुर्बा नहीं था। मेरे सामने ऐसे लोग थे, जो वर्षों से पर्वतारोहण कर रहे थे। अगर मैं केवल हालात को ही देखता रहता, तो शायद मुझे प्रयास ही नहीं करना चाहिए था। लेकिन, मैंने पाया कि प्रगति का रहस्य भविष्य की पूरी यात्रा देखने में नहीं, बल्कि अगले कदम पर ध्यान देने में है। एवरेस्ट की चढ़ाई के दौरान कोई भी व्यक्ति एक ही छलांग में शिखर तक नहीं पहुंचता। वह पहले एक-एक करके कदम बढ़ाता है। कभी हवा उसका विरोध करती है, तो कभी ठंड, तो कभी थकान। पर, सबसे कठिन क्षण वे नहीं होते, जब शरीर थकता है, बल्कि वे होते हैं, जब मन हार मानने लगता है। जब मैंने '737 चैलेंज', यानी सात महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों और तीन ध्रुवों तक पहुंचने का विचार रखा, तो कई लोगों को यह असंभव लगा। सच कहूं तो कभी-कभी मुझे भी ऐसा ही लगता था। दरअसल, होता यह है कि जब हम किसी लक्ष्य को देखते हैं और उसे बोझ समझने लगते हैं, तो डर जाते हैं। लेकिन यदि हम उसी लक्ष्य को छोटे-छोटे चरणों में बांट दें, तो वही असंभव कार्य संभव होने लगता है। मैंने सीखा कि साहस भय की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि वह क्षमता है, जिसके द्वारा हम भय के साथ भी आगे बढ़ते रहते हैं।

यदि मेरे जीवन की यात्रा ने मुझे कोई एक सबक दिया है, तो वह यही है कि सबसे बड़ी बाधा वह पर्वत नहीं है, जो आपके सामने खड़ा है। सबसे बड़ी बाधा भीतर की वह आवाज है, जो कहती है कि आप उस पर्वत पर चढ़ नहीं सकते। जब आप उस आवाज को सवालों के घेरे में लाना सीख जाते हैं, तब दुनिया बदलने लगती है। तब आप पाते हैं कि क्षितिज वास्तव में सीमा नहीं था। वह तो केवल एक निमंत्रण था आगे बढ़ने, स्वयं को खोजने और यह जानने का कि आप वास्तव में कितने सक्षम हैं।

# सनातन व नारी सम्मान पर बड़ी लकीर खींचते योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री योगी बेटियों की सुरक्षा के लिए संकल्पवान हैं। वह कई जनसभाओं मे अपना मंतव्य स्पष्ट कर चुके हैं कि अगर किसी ने बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया तो अगले चैराहे पर उसका इंतजार यमराज कर रहा होगा। योगी जी के बयानों का असर धरातल पर भी दिखाई पड़ता है।**

मृत्युंजय दीक्षित

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजनीति से ऊपर उठकर सनातन धर्म तथा स्त्री गरिमा तथा सम्मान के हित में बड़ी रेखाएं खींच रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव की बेटी के प्रति सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक बयानबाजी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने केआदेश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गयी है। मुख्यमंत्री ने सख्ती के साथ कहा है कि किसी भी बेटी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए हर बेटी का सम्मान होना चाहिए। हम उन संस्कारों में पले -बढ़े हैं जहां गांव की बेटी-बहन को पूरे गांव की बेटी -बहन माना जाता है।

मुख्यमंत्री योगी बेटियों की सुरक्षा के लिए संकल्पवान हैं। वह कई जनसभाओं मे अपना मंतव्य स्पष्ट कर चुके हैं कि अगर किसी ने बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया तो अगले चैराहे पर उसका इंतजार यमराज कर रहा होगा। योगी जी के बयानों का असर धरातल पर भी दिखाई पड़ता है। बेटियों के साथ होने वाली अप्रिय घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही हो रही है। आरोपियों का हाफ एनकाउंटर हो रहा है तथा आवश्यकता पड़ने पर बुलडोजर एक्शन भी हो रहे हैं। प्रदेश में नारी समाज को सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से नारी सशक्तीकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है।



सपा मुखिया अखिलेश यादव की बेटी पर टिप्पणी करने वालों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रवैया दिखाकर सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा बुने जा रहे चक्रव्यूह को एक ही झटके में ध्वस्त कर दिया है। सपा मुखिया अखिलेश की बेटी अदिति पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी के बाद मुख्यमंत्री योगी ने जो एक्शन लिया है उसने इस दुखद घटना पर बनाए जा रहे सपा के राजनैतिक नैरेटिव को ध्वस्त कर दिया है। जब सोशल मीडिया के माध्यम से यह विवाद बड़े राजनीतिक तूफान में बदल रहा था और सपा योगी जी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह कहकर घेरने का प्रयास कर रही थी कि, जिनका खुद का परिवार नहीं वो परिवार का दर्द क्या समझेंगे तब योगी जी इस घटना के जिम्मेदार लोगों को ढूंढ रहे थे। योगी जी ने अपराधियों पर तुरंत एफआईआर कराने के निर्देश जारी करते हुए कहा कि वह किसी भी बेटी क्यों न हो बेटी पर अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं है।

यूपी चुनाव से पहले योगी आदित्यनाथ ने अपने इस कदम से सिद्ध कर दिया है कि महिला सुरक्षा और सम्मान के मामले में उनकी सरकार बिना किसी भेदभाव के काम करती है। इससे सपा मुखिया रक्षात्मक रुख अपनाने को बाध्य हो गए हैं। अब भाजपा सपा के पुराने बयानों और सोशल मीडिया पोस्ट्स को लेकर उस पर हमलावर है। जो मुद्दा सरकार को घेरने के लिए तैयार किया जा रहा था उस पर योगी जी की प्रशासनिक और राजनीतिक सूझबूझ का बुलडोजर चल गया है। समाजवादी पूर्व में कई बार नारी सम्मान व उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली बयानबाजी करते रहे हैं। स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने एक बार कहा था कि लड़के हैं गलतियां हो जाती हैं। सपा के कद्दावर नेता माने जाने वाले आजम खां जैसे नेता तो कई बार महिलाओं की गरिमा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं। मायावती जी पर तो सपाइयों ने हमला ही बोल दिया था। सपा राज में महिला सुरक्षा की कितनी बुरी स्थिति थी यह हर कोई जानता है।

योगी की पाती दे रही सनातन विचार-विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस पर योगी जी ने एक पाती जारी की है। इस पाती में उन्होंने वृद्धजनों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए लिखा है कि उम्र के अमृतकाल में वृद्धजनों को अपनत्व की सर्वाधिक आवश्यकता होती है, दुर्भाग्य से समाज ऐसे समय का साक्षी बन रहा है जब वृद्धजनों को अपनों का दुर्व्यवहार सहना पड़ता है।

योगी जी ने आगे लिखा है कि सनातन संस्कृति में माता-पिता और गुरु को साक्षात ईश्वर माना जाता है। पाती में योगी ने एक प्राचीन कथा के माध्यम से इस विषय को समझाया। भगवान शिव-पार्वती ने पुत्र गणेश जी और कार्तिकेय के समक्ष समस्त जगत की परिक्रमा की चुनौती रखी। भगवान गणेश ने माता-पिता को ही संपूर्ण सृष्टि मानकर उनकी परिक्रमा कर ली। उन्होंने भगवान श्रीराम का भी उदाहरण दिया। योगी जी का स्पष्ट कहना है कि सनातन, धार्मिक तथा सामाजिक परंपराओं, पारिवारिक संबंधों एवं मूल्यों पर आधारित जीवन शैली है। सनातन में बड़ों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेने की परंपरा है ऐसा इसलिए क्योंकि वे हमारी संस्कृति और जीवन मूल्यों के धरोहर हैं। वृद्धजनों का सम्मान केवल संस्कर नहीं बल्कि हमारी गौरवशाली सभ्यता की पहचान है। अपनी पाती मे वह बता रहे हैं कि वृद्धजन व निराश्रित महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार ने 1500 रुपए प्रति माह पेंशन देने का निर्णय लिया है।

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार सनातन संस्कृति के विचारों पर चलते हुए उन्हें आगे बढ़ा रही है और सनातन संस्कृति को पुष्ट करने वाले निर्णय ले रही है।

# साइबेरिया में दबा रेयर अर्थ मटेरियल खोदकर निकालेगा भारत



**नई दिल्ली।** रूस ने भारत को साखा (याकुटिया) गणराज्य में स्थित टॉमटोर रेयर अर्थ मेटल्स डिपाजिट तक पहुंच का प्रस्ताव दिया है। भारत की सरकारी कंपनी इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड (आईआरईएल) इस डिपाजिट के सैंपल (नमूने) हासिल करने और उनके विश्लेषण के लिए रूस की कंपनी रोसनेफ्ट के साथ गोपनीय बातचीत कर रही है।

### रूस ने भारत को दी पहुंच

द मास्को टाइम्स ने रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि डिपाजिट से मिले मटीरियल की प्रोसेसिंग रूस में ही होगी। इसके बाद विस्तृत जांच के लिए भारत भेजा जाएगा, जहां भारतीय विशेषज्ञ सहयोग के बारे में फैसला लेने के लिए इसके मिनरल कंपोजिशन (खनिज संरचना) का आकलन करेंगे।

टॉमटोर रेयर अर्थ मेटल्स डिपाजिट दुनिया में रेयर अर्थ एलिमेंट्स के सबसे बड़े अविकसित स्रोतों में से एक है। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है, जब भारत क्रिटिकल मिनिरल्स के लिए घरेलू सप्लाई चेन को मजबूत करने और चीन पर अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहा है।

### चीन का दबदबा

चीन का अभी ग्लोबल रेयर अर्थ इंडस्ट्री पर दबदबा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में टामटोर प्रोजेक्ट का कंट्रोल रोसनेफ्ट को सौंप दिया गया, क्योंकि मास्को ने अपने घरेलू अहम मिनरल सेक्टर को विकसित करने की कोशिशें तेज कर दी थीं।

रूस के लिए, रणनीतिक सामानों के मामले में भारत के साथ सहयोग बढ़ाना संसाधन परियोजनाओं को विकसित करने और एक अहम व्यापारिक साझेदार के साथ आर्थिक संबंध मजबूत करने का एक जरिया है।

# समझौते के बाद होर्मुज खोल देगा ईरान, बेरोकटोक बेच सकेगा तेल

दुबई

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए होने वाले अंतरिम समझौते की प्रतियां लीक हुई हैं। इससे पता चला है कि समझौते के बाद ईरान तत्काल होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए कदम उठाएगा। इसके बदले उसे बेरोकटोक तेल बेचने की अनुमति मिलेगी। समझौते के तहत तेहरान को कई रियायतें मिलने की संभावना है।अमेरिका और ईरान के बीच सोमवार को इस समझौते पर सहमति बनी और ई-हस्ताक्षर किए गए। शुक्रवार को जिनेवा में इस समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर होंगे। इसमें कहा गया है कि युद्ध के बाद ईरान के पुनर्निर्माण के लिए कम से कम 300 अरब डालर मिलेंगे।

अमेरिका, ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित अंतिम समझौता होने के बाद तेहरान पर लगाए गए सभी अमेरिकी और संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को समाप्त करने की दिशा में काम करेगा। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू किया था।

### क्यों शुरू हुई थी लड़ाई?

यह लड़ाई तेहरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए शुरू की गई थी और सात अप्रैल को युद्धविराम हुआ था। अमेरिका की ओर से ईरान को तत्काल स्वतंत्र रूप से तेल बेचने की अनुमति देने और बाद में प्रतिबंधों को हटाने के प्रस्ताव को उन रियायतों से बड़ा माना जा रहा है, जो ईरान को 2015 के परमाणु समझौते के तहत दी गई थी। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में इस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था और उसे सबसे खराब समझौता करार दिया था। यह माना जा रहा है कि इस नए समझौते की अमेरिका में कड़ी आलोचना हो सकती है और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए भी बड़ा झटका हो सकता है, जिन्होंने 28 फरवरी को ट्रंप के साथ मिलकर युद्ध शुरू किया था।



### लेबनान से इजरायल के पीछे हटने की बात नहीं

अंतरिम समझौते के ज्यादातर हिस्से में युद्ध से पहले वाली स्थिति बहाल करने समेत दुश्मनी समाप्त करने, होर्मुज को खोलने और वाशिंगटन व तेहरान के बीच परमाणु वार्ता बहाल करने की बात है। जबकि लेबनान में इजरायल और ईरान समर्थित हिजबुल्ला के बीच लड़ाई समाप्त करनी होगी। यह समझौते का सबसे संवेदनशील हिस्सा है, क्योंकि इजरायल का कहना है कि वह अपनी सुरक्षा के लिए लेबनान के बड़े हिस्से पर नियंत्रण बनाए रखेगा। जबकि ईरान का कहना है कि इजरायल को समझौते के तहत वहां से पीछे हटना होगा। हालांकि लीक हुई प्रतियों में इसका उल्लेख नहीं है।

## चंबा में गहरी खाई में वाहन गिरने से सात लोगों की मौत

**शिमला,(वार्ता)।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में बुधवार रात एक वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से तीन भाइयों समेत सात लोगों की मौत हो गयी। यह दुर्घटना चंबा जिले के चुराह विधानसभा क्षेत्र में मसरूंड-हमल मार्ग पर छत्रुंड के पास तड़के करीब दो बजे तब हुई, जब कुथेड पंचायत के अंतर्गत महल गांव के निवासियों को ले जा रहा वाहन कथित तौर पर चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और सड़क से नीचे उतर गया। पुलिस के अनुसार, वाहन के करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिरने के कारण उसमें सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों में चुन्नी लाल (65), देवी लाल (62), मोती राम (50) तीनों भाई थे। इसके अलावा मोती राम की पत्नी बबली देवी (45), अनीता कुमारी (20), कुंता देवी (53) और मनोहर लाल (34) की भी मौत हो गयी। चंबा के पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने दुर्घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पीड़ित बुधवार देर रात काकडोथा गांव में एक मुंडन संस्कार और धार्मिक समारोह में शामिल होने के बाद अपने गांव लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

# यह आसान नहीं था..., अमेरिका-ईरान समझौते पर हस्ताक्षर के बाद बोले ट्रंप

वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान ने शुक्रवार को आधिकारिक रूप से एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। । फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान वर्साय पैलेस में आयोजित एक कार्यक्रम में इस शांति समझौते को अंतिम रूप दिया गया। ईरान के विदेश मंत्रालय की ओर से भी डिजिटल हस्ताक्षर की पुष्टि की गई है। इस ऐतिहासिक कदम के साथ ही दोनों देशों के बीच जारी शत्रुता पर तुरंत विराम लग जाएगा और रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य को कमर्शियल जहाजों के लिए फिर से खोल दिया जाएगा। वीडियो में, ट्रंप को फ्रांस में चल रहे जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित वर्साय पैलेस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ रात्रिभोज के दौरान समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए देखा जा सकता है। व्हाइट हाउस ने ट्रंप द्वारा दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते हुए एक वीडियो साझा करते हुए इस घटनाक्रम की पुष्टि की।

### यह आसान नहीं था

फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा जारी किए गए एक वीडियो क्लिप में ट्रंप को यह कहते हुए सुना जा सकता है, ईरान-अमेरिका के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। मैंने इस पर वर्साय में हस्ताक्षर किए... बस हस्ताक्षर कर दिए। यह आसान नहीं था। ईरान के विदेश मंत्रालय ने डिजिटल (इलेक्ट्रॉनिक) हस्ताक्षरों की पुष्टि करते हुए ऐलान किया है कि यह ऐतिहासिक शांति समझौता अब औपचारिक रूप से प्रभावी हो चुका है। आधिकारिक तौर पर जारी किया गया यह समझौता रविवार को दोनों देशों के बीच सहमत हुए मूल ढांचे के ही समान है, जिसमें आपसी शत्रुता को तुरंत रोकने और रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से वाणिज्यिक जहाजों के लिए खोलने की दृढ़ प्रतिबद्धता की रूपरेखा दी गई है।

### औपचारिक और व्यक्तिगत हस्ताक्षर समारोह का होना था आयोजन

एक अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ ने सप्ताहांत में ही इस प्रारंभिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए थे। हालांकि, पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत इस शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में एक औपचारिक और व्यक्तिगत हस्ताक्षर समारोह का आयोजन किया जाना था, लेकिन डिजिटल (इलेक्ट्रॉनिक) माध्यम से इसे अंतिम रूप दिए जाने के कारण इस समयसीमा में तेजी आ गई।

एक अमेरिकी अधिकारी ने यह भी बताया कि उपराष्ट्रपति वैंस के अभी भी स्विट्जरलैंड जाने की उम्मीद है। वहीं, एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, इस समझौते के डिजिटल रूप से प्रभावी होने के बाद अब वहां उनकी भूमिका संभवतः केवल औपचारिक ही रहेगी।

# सपा के लिये सैफई ही परिवार जबकि मेरे लिये पूरा प्रदेश एक परिवारः योगी

उन्नाव, ( वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) के लिये सैफई ही घर-परिवार है, जबकि उनके लिए पूरा प्रदेश घर है और 25 करोड़ लोग परिवार के सदस्य हैं। योगी ने यहां 570 करोड़ रुपये से अधिक की 101 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने एक प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वीर शहीद गुलाब सिंह लोधी की स्मृति में निर्मित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल की क्षमता दोगुनी कर दी गई है। जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि 12 साल में देश और 9 साल में यूपी में डबल इंजन सरकार ने जो काम किया, वह कांग्रेस और सपा नहीं कर सकीं। ये भ्रष्ट और क्षमता विहीन लोग केवल अपने परिवार के बारे में सोचते थे। कांग्रेस ने नेहरू-गांधी परिवार से बाहर नहीं सोचा और सपा के लिए सैफई ही सब कुछ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को घर और 140 करोड़ लोगों को परिवार माना है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार में माफिया का वैसा ही आतंक था जैसा रामायण काल में खर-दूषण का। कांग्रेस और सपा के नेता कभी गरीब के लिए नहीं रोए। इनके आंसू माफिया के मरने पर निकलते हैं। सर्वाधिक समय तक शासन करने के बावजूद ये दोनों दल देश और प्रदेश को दुर्गति में धकेलने के जिम्मेदार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्नाव अब स्टेट कैपिटल रीजन का हिस्सा बन गया है। लखनऊ से उन्नाव होते हुए कानपुर तक रैपिड रेल का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे से उन्नाववासी लखनऊ को बाईपास कर सीधे दिल्ली और प्रयागराज जा सकेंगे। कानपुर के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे भी बन रहा है। गंगा नदी पर उन्नाव और कानपुर की कनेक्टिविटी के लिए अतिरिक्त ब्रिज की मांग भी पूरी की गई है।

उन्होंने बताया कि डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए करीब 700 एकड़ और इंडस्ट्रियल कलस्टर के लिए 200 एकड़ जमीन उन्नाव में तैयार है। उद्योग लगने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। हम उन्नाव को पिछड़ने नहीं देंगे। योगी ने कहा कि यूपी पर प्रभु श्रीराम, बांके बिहारी, बाबा विश्वनाथ और मां गंगा का आशीर्वाद है। यहां पैसे की कमी नहीं है। अब कोई उपद्रव नहीं करता। हर त्योहार गरीबों के लिए भी खुशहाली लाते हैं। पहले किसान को फसल का दाम और बिजली नहीं मिलती थी। अब प्रधानमंत्री आवास, रसोई गैस, राशन, पेंशन, आयुष्मान जैसी सुविधाएं बिना सिफारिश मिल रही हैं।

## अखिलेश का ओपी राजभर पर पलटवार, कहा- मंत्री नहीं अफवाह मंत्री हैं

**लखनऊ, ( वार्ता)।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के कबीना मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रमुख ओम प्रकाश राजभर पर तीखा पलटवार किया है। अखिलेश ने राजभर को अफवाह मंत्री करार देते हुए कहा कि उनका काम सिर्फ अफवाह फैलाना है।

अखिलेश यादव ने कहा, ओमप्रकाश राजभर मंत्री नहीं अफवाह मंत्री हैं। राजभर जी का काम अफवाह फैलाना है। अखिलेश के इस बयान के बाद यूपी की सियासत में बयानबाजी तेज हो गई है। माना जा रहा है कि इशारों में उन्होंने सरकार और उसके सहयोगी दलों पर भी निशाना साधा है।

दरअसल ओपी राजभर ने हाल ही में दावा किया था कि समाजवादी पार्टी में बड़ी टूट होगी। उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की चर्चा छोड़िए, सपा के कई लोग भाजपा में शामिल होने को तैयार बैठे हैं। राजभर के इस बयान पर सपा ने भी प्रतिक्रिया दी थी और कहा था कि उनकी आदत केवल बकवास करना है। गौरतलब है कि राजभर का यह बयान ऐसे समय आया है जब उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ही अपनी रणनीतियों को धार देने में जुटे हैं। ऐसे माहौल में राजभर का दावा और उस पर अखिलेश का पलटवार राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है।

## परीक्षा के दौरान अभिभावकों के लिए आराम और प्रतीक्षा की विशेष व्यवस्था कर रही सरकार : रेखा

नयी दिल्ली, (वार्ता)

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली सरकार केवल परीक्षा केंद्रों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि भीषण गर्मी से आमजन को राहत पहुंचाने के लिए पहले से व्यापक इंतजाम कर रही है।




श्रीमती गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि यह पहली बार है जब परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने वालों के साथ-साथ उनके माता-पिता और परिजनों के आराम एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए कूलिंग जोन बनाए जा रहे हैं, जहां उनके बैठने की सुविधा, स्वच्छ पेयजल, शिकंजी आदि आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में 21 जून को होने वाली नीट परीक्षा के लिए कुल 97 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 69 सरकारी विद्यालय में तथा 28 केंद्रीय विद्यालयों में हैं। इन परीक्षा केंद्रों के आसपास जिला प्रशासन द्वारा विशेष कूलिंग जोन स्थापित किए जा रहे हैं, जहां अभिभावकों और परिजनों के बैठने, विश्राम करने तथा गर्मी से राहत पाने की समुचित व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि हर वर्ष लाखों परिवार अपने बच्चों के भविष्य के सपनों के साथ परीक्षा केंद्रों तक पहुंचते हैं। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी तो केंद्र के भीतर होते हैं, लेकिन बाहर कई घंटे तक प्रतीक्षा कर रहे माता-पिता की चिंता, धूप, गर्मी और असुविधा पर अक्सर किसी का ध्यान नहीं जाता। दिल्ली सरकार ने इस मानवीय पहलू को समझते हुए यह निर्णय लिया है कि परीक्षा के दिन अभिभावकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अब तक अक्सर देखा जाता था कि परीक्षा के दौरान परिजन कभी किसी पेड़ की छांव तलाशते थे, कभी पार्क में बैठकर समय बिताते थे, तो कभी आसपास की बाजारों में इधर-उधर भटकते रहते थे। कई लोगों को भीषण गर्मी में लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ता था। अब ऐसी स्थिति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के बाहर ही उनके लिए आरामदायक प्रतीक्षा व्यवस्था उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि अधिकारी सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास कूलिंग जोन की व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं।

## महबूबा ने अमरनाथ यात्रा को सफल बनाने की अपील की

**श्रीनगर,(वार्ता)।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी(पीडीपी) अध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने यहां के लोगों से वार्षिक अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करने और यात्रा को सफल बनाने की गुरुवार को अपील की। सुश्री मुफ्ती ने यात्रा से कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच रिश्तों के मजबूत होने की बात कही। उन्होंने पहलगाम में पहले दिये गये अपने संदेश को दोहराया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि तीर्थयात्रा की सुरक्षा और आसानी से संचालन सुनिश्चित करना सिर्फ सुरक्षा एजेंसियों की जिम्मेदारी नहीं , बल्कि कश्मीर के लोगों की सामूहिक जिम्मेदारी है। पीडीपी प्रमुख ने सभी हितधारकों से कश्मीर में रहने के दौरान हर तीर्थयात्री का स्वागत, सम्मान और सुरक्षा महसूस कराने की अपील की। उन्होंने कहा, हमें यह पक्का करना होगा कि हर श्रद्धालु कश्मीर की मेहमाननवाजी, प्यार और इंसानियत का दूत बनकर घर लौटे। गौरतलब है कि अमरनाथ यात्रा आगामी 03 जुलाई को पहलगाम और बालटाल के दो रास्तों से शुरू होने वाली है, जिसके लिए प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियां पूरी तैयारी कर रही हैं।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# आलिया भट्ट का वर्क एथिक अविश्वसनीय है : एक्शन डायरेक्टर क्रेग मैक्रे



एक्शन डायरेक्टर क्रेग मैक्रे ने यश राज फिल्म्स की बहुप्रतीक्षित स्पाई-एक्शन फिल्म ऐल्फा में अभिनेत्री आलिया भट्ट और शर्वरी के समर्पण और मेहनत की खुलकर सराहना की है। क्रेग मैक्रे का कहना है कि दर्शकों को फिल्म में आलिया का ऐसा एक्शन अवतार देखने को मिलेगा जिसकी शायद किसी ने कल्पना नहीं की होगी। क्रेग मैक्रे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बड़ी महिला एक्शन स्टार्स के साथ काम किया है, का मानना है कि आलिया भट्ट की सबसे बड़ी ताकत उनकी असाधारण कार्यशैली और मेहनत करने का जज्बा है।उन्होंने कहा, दूसरी महिला एक्शन स्टार्स की तुलना में आलिया भट्ट को जो अलग बनाता है, वह उनकी अविश्वसनीय वर्क एथिक है। उन्होंने 'ऐल्फा' की तैयारी के लिए बहुत समय और मेहनत लगाई है। वह इस फिल्म के प्रति पूरी तरह समर्पित थीं और यही समर्पण उनकी ऑन-स्क्रीन मौजूदगी में बड़ा अंतर पैदा करेगा। क्रेग के अनुसार, आलिया ने केवल एक्शन ट्रेनिंग ही नहीं की, बल्कि अपने किरदार को गहराई से समझने और उसे आत्मसात करने के लिए भी व्यापक तैयारी की। उन्होंने कहा, आलिया उन कलाकारों में से हैं जो जरूरी मेहनत करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और अक्सर अपेक्षा से कहीं ज्यादा योगदान देते हैं। वह फिल्म की जरूरतों से भी आगे जाकर काम करती हैं। क्रेग ने फिल्म की दूसरी प्रमुख अभिनेत्री शर्वरी की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों कलाकारों ने शारीरिक फिटनेस, स्किल डेवलपमेंट और स्टंट ट्रेनिंग के लिए लंबा समय दिया।उन्होंने कहा, आलिया और शर्वरी इस फिल्म के लिए बिल्कुल अविश्वसनीय थीं। शारीरिक तैयारी, स्किल ट्रेनिंग और स्टंट ट्रेनिंग में उन्होंने जो समर्पण दिखाया, वह शानदार है। ऐसे कलाकार बहुत कम मिलते हैं जो इतना समय और मेहनत देने के लिए तैयार हों। क्रेग के अनुसार , दोनों अभिनेत्रियों की तैयारी ने एक्शन डिजाइन और स्टंट टीम को जटिल और प्रभावशाली एक्शन सीक्वेंस तैयार करने की पूरी स्वतंत्रता दी।उन्होंने कहा, हमारे पास ऐसे कलाकार थे जो पूरी तरह तैयार और सक्षम थे। इससे हमें किसी भी स्तर के एक्शन सीक्वेंस डिजाइन करने का आत्मविश्वास मिला, क्योंकि हमें भरोसा था कि वे उन्हें सफलतापूर्वक निभा पाएंगे।

## 'ऐल्फा' को लेकर सोनम कपूर ने जताया उत्साह



यश राज फिल्म्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ऐल्फा' को लेकरसोनम कपूर ने अपना उत्साह जताया है। सोनम कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'ऐल्फा' का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, बॉलीवुड की एक ऐसी एक्शन एंटरटेनर फिल्म देखना बेहद शानदार है, जिसमें लड़कियां केंद्र में हैं! अब समय आ गया था कि ऐसा हो और सच कहूं तो एक्शन करने का सारा मज़ा सिर्फ लड़कों को ही क्यों मिले? 'ऐल्फा' बेहद कूल और नई लग रही है! मुझे इसका ट्रेलर बहुत पसंद आया। सोनम की यह प्रतिक्रिया उन भावनाओं को दर्शाती है, जिन्हें फिल्म इंडस्ट्री में लंबे समय से महसूस किया जा रहा था। हिंदी सिनेमा की सबसे लोकप्रिय और व्यावसायिक रूप से सफल शैलियों में से एक एक्शन अब महिलाओं को केंद्र में रखकर एक नया अध्याय लिखने जा रही है। शिव रवैल के निर्देशन में बनी और आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित 'ऐल्फा' में आलिया भट्ट और शर्वरी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी। यह फिल्म यश राज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का विस्तार करने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी मानी जा रही है। सोनम कपूर का समर्थन फिल्म इंडस्ट्री के भीतर बढ़ते उस उत्साह को और मजबूत करता है, जो 'ऐल्फा ' ने अपनी रिलीज़ से पहले ही पैदा कर दिया है। यह फिल्म न केवल एक बड़े सिनेमाई अनुभव का वादा करती है, बल्कि प्रतिनिधित्व और महिला-केंद्रित एक्शन फिल्मों को लेकर एक नई चर्चा भी शुरू कर चुकी है। यश राज फिल्म्स द्वारा निर्मित 'ऐल्फा ' 3 जुलाई 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

# काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की द इंडिया स्टोरी का पोस्टर जारी, खाद्य मिलावट के मुद्दे पर आधारित है फिल्म



द इंडिया स्टोरी के निर्माताओं ने फिल्म का पहला आधिकारिक पोस्टर जारी कर दिया है। जी स्टूडियोज और एमआईजी प्रोडक्शंस एंड स्टूडियोज़ के सहयोग से प्रस्तुत इस फिल्म ने पहले जारी किए गए पोस्टरों के जरिए दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा की थी, जबकि नए पोस्टर ने इसकी कहानी की एक प्रभावशाली झलक सामने रखी है।जारी पोस्टर में काजल अग्रवाल एक दृढ़ निश्चयी वकील की भूमिका में दिखाई दे रही हैं, जबकि श्रेयस तलपड़े एक चिंतित पिता के किरदार में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनकी बेटी की भूमिका निभा रही एक छोटी बच्ची भी दिखाई गई है, जो खाद्य मिलावट से प्रभावित लाखों परिवारों की पीड़ा का प्रतीक बनकर उभरती है। पोस्टर में बॉम्बे हाई कोर्ट की पृष्ठभूमि और गवाहों के कटघरे में रखे गए एक कीटनाशक सिलेंडर की छवि यह संकेत देती है कि फिल्म एक दमदार कोर्टरूम ड्रामा होगी, जो खाद्य मिलावट और उससे जुड़े गंभीर सामाजिक प्रभावों को उजागर करेगी। फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है, जबकि इसकी कहानी और निर्माण सागर बी. शिंदे ने किया है। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज की जाएगी और इसका वितरण ज़ी स्टूडियोज़ करेगा। पोस्टर जारी होने के बाद निर्देशक चेतन डीके ने कहा कि द इंडिया स्टोरी हर उस भारतीय की कहानी है, जिसके परिवार या प्रियजनों पर खाद्य मिलावट का असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि यह समाज की सबसे उपेक्षित लेकिन बेहद गंभीर समस्याओं में से एक को सामने लाती है, जो प्रतिदिन लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करती है।उन्होंने कहा, इस फिल्म के माध्यम से हम इस छिपी हुई सच्चाई को सामने लाना चाहते थे और इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा शुरू करना चाहते थे। मुझे विश्वास है कि फिल्म का सशक्त संदेश लोगों को जागरूक नाएगा और उन्हें रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों के प्रति अधिक सतर्क रहने के लिए प्रेरित करेगा। फिल्म भारत की उन सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक पर प्रकाश डालती है, जिन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। एक विचारोत्तेजक कहानी के माध्यम से यह रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों में छिपे खतरों को उजागर करने और समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास करती है। फिल्म के सह-निर्माताओं में स्वाति विनायक सैदाने, अनिता जाधव, विनायक सैदाने, कल्पेश शाह, देवयानी खोराते और प्रेम जोशी शामिल हैं। वहीं तकनीकी टीम में सिनेमैटोग्राफर निशांत भागवत, संगीतकार मंगेश धाकड़े, संपादक आशीष म्हात्रे, गीतकार शकील आज़मी और साउंड डिजाइनर अनमोल भावे शामिल हैं।

# गायत्री परिवार ट्रस्ट का हुआ पुनर्गठन



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ की गतिविधियों के संचालन हेतु गायत्री परिवार ट्रस्ट गाडरवारा का पुनर्गठन गत दिवस संपन्न हुआ।अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार प्रमुख शैल दीदी द्वारा ट्रस्ट मंडल चयन का अनुमोदन पत्र विगत दिवस प्राप्त हो चुका है। सात सदस्यीय ट्रस्ट समिति में वरिष्ठ परिजन मूलचंद शर्मा प्रबंध ट्रस्टी, सुरेश गुप्ता सहायक प्रबंध ट्रस्टी,राजेश कुमार कौरव, यशपाल राजपूत, श्रीमती मनोरमा श्रीवास्तव, श्रीमती पुष्पा वर्मा,आर.पी.सिंह को सदस्य के रूप में चयनित किया गया है।ज्ञातव्य हो विगत माह जोन प्रभारी राकेश गुप्ता भोपाल,उपजोन प्रभारी नरेश तिवारी जबलपुर, प्रबंध ट्रस्टी थम्मन सिंह शर्मा नरसिंहपुर,उपजोन प्रतिनिधि वृन्दावन पटेल , जिला समन्वयक रामकुमार ठाकुर की उपस्थिति में गायत्री परिवार के परिजनों की विशेष बैठक आयोजित की गई थी।बैठक में सर्वसम्मति से ट्रस्टियों का चयन किया गया। परन्तु गायत्री परिवार के अनुशासनात्मक परम्परा का पालन करते हुए नामों की घोषणा केन्द्रीय अनुमोदन उपरांत ही की गई। तहसील समन्वयक गीता प्रसाद कौरव, युवा मंडल प्रभारी शिवम सोनी, वरिष्ठ परिजन विनोद श्रीवास्तव,राजेन्द्र दुबे,तीरथ प्रसाद केवट, दुर्गा प्रसाद कोरी,आशीष सक्सेना द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए गायत्री जयंती पर्व 24 जून को सभी ट्रस्टियों का सामूहिक सम्मान आयोजित करने की जानकारी दी गई है।24 जून मंगलवार को दोपहर 11 बजे नव गठित ट्रस्ट मंडल के सदस्यों एवं समिति सदस्यों का सामूहिक सम्मान समारोह गायत्री शक्तिपीठ पर रखा गया है। साथ ही सभी गायत्री परिवार से जुड़े सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अनुरोध किया गया है।

# पोस्टर प्रदर्शनी तस्वीरें बोलती हैं का आयोजन कल

**नरसिंहपुर।स्वतंत्रमत।** भारतीय पत्रकारिता के दो सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा, उसके संघर्ष, सरोकार और सामाजिक योगदान को केंद्र में रखकर विशेष पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन पुणे निवासी दीप्ति कुशवाह द्वारा नरसिंहपुर में किया जा रहा है7 वे नगर के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. जे. एल. पटेल की सुपुत्री हैं एम. आई. एम. टी. हिन्दी अकादमी, नरसिंहपुर द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में दीप्ति कुशवाह द्वारा संकल्पित और निर्मित 50 पोस्टर प्रदर्शित किए जाएंगे, जिन्हें कोलाज शैली में तैयार किया गया है। इन पोस्टरों में भारतीय पत्रकारिता से जुड़ी तथ्यात्मक सामग्री, रोचक प्रसंग, नई जानकारियां, प्रेरक उद्धरण, कविताएं, शेर तथा साहित्यिक संदर्भ समाहित किए गए हैं। उद्घाटन के अवसर पर कैलाश सोनी, पूर्व सांसद, राज्यसभा, पं. मैथिलीशरण तिवारी और सुनील कोठारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। तस्वीरें बोलती हैं प्रदर्शनी का यह पांचवां अवसर है। इसका आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली में भी हो चुका है। कल 20 जून शनिवार को सुबह 11 बजे से संध्या 7 बजे तक, एम. आई. एम. टी. कॉलेज परिसर में इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया जा सकेगा।




# अव्यवस्थता के चलते एनएचएआई पर मामला दर्ज करने की मांग

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

एन एच ए आई –44–छिंदवाड़ा बाईपास पर शासकीय सम्पति को नुकसान होने के कारण प्रोजेक्ट डायरेक्टर विभाग पर अधिनियम 1984 के तहत मामला दर्ज की जाए। उक्त मांग भूतपूर्व जिला सैनिक संघ के अध्यक्ष लाल साहब जाट ने पुलिस अधीक्षक से की है। श्री जाट ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पत्र देकर बताया है कि एन एच ए आई –44छिंदवाड़ा बाईपास ब्रिज के नीचे लाखों रुपए की लागत से गार्डन बनाया गया है। जिसमें माली के लिये मकान पौधों की सिंचाई के लिये ट्यूबवेल रोशनी के लिये बिजली की व्यवस्था की गई है। परंतु विगत एक वर्ष से अव्यवस्थता के चलते माली को बंद कर दिया. मकान तोड़ दिया, ट्यूबवेल से मोटर निकाल ली गई है। बिजली बंद कर दी गई। बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त कर दी गई है। इस विभाग की लापरवाही के कारण यह नुकसान हो रहा है और शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं की जा रही। अत: लगभग 50 लाख से बना यह स्थान अव्यवस्थित हो गया है। साथ ही आस–पास अतिक्रमण हो रहा जिसकी जानकारी विभाग को है। किंतु विभाग उदासीन बना है। वहीं ब्रिज के पास रोड से 50 मीटर की दूरी पर शरण ठेका खोलने की तैयारी चल रही है। जबकि एन एच ए आई रोड से 500 मीटर की दूरी आवश्यक है। किंतु यह सब विभाग की मिलीभगत से हो रहा है। ब्रिज के नीचे दोनों तरफ नालिया बजबजा रही हैं। शासकीम सम्पति के प्रति लापरवाही उदासीनता देखते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ अपराध दर्ज किया जाए । लालसाहब जाट ने बताया कि वे कलेक्टर और अन्य संबंधित उच्च अधिकारियों को भी शिकायत कर रहे हैं।



# देश की ख्यातिलब्ध शायरा, साहित्यकार डॉ. ज़ीनत एहसान कुरैशी 21 जून को गाडरवारा में सम्मानित होगी

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक ओशो रजनीश, महर्षि महेश योगी, प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा, एवं तुअर की दाल के लिए जाना जाता है । आगामी 21 जून को चेतना मध्य प्रदेश सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक एवं पर्यावरण संस्था द्वारा आयोजित 18 वा वार्षिक साहित्यिक अधिवेशन एवं अखिल भारतीय साहित्य चेतना सम्मान 2026 का भव्य आयोजन 21 जून को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में दोपहर 2ः00 बजे से आयोजित किया जा रहा है ।जिसमें देश भर के प्रसिद्ध साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा इसी क्रम में पिछले 20 वर्षों से साहित्य सेवा के माध्यम से देश में अपनी पहचान बनाने वाली मध्य प्रदेश के सिवनी ज़िले की रहने वाली शायर डॉ. ज़ीनत एहसान कुरैशी को उनकी पुस्तक च्चतेरी याद में च्चके लिए रूप राम जी सोनी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।इस खबर से उनके तमाम प्रशंसक और शुभचिंतको में ख़ुशी की लहर है ।



## आहना की समाज सेविकाओं ने वितरित किये 51 छाते

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** निस्वार्थ मन से की गई सेवा उत्तम होती है और सेवा ही मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म है। इसी भावना से जॉयन्ट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना की समाज सेविकाओं ने स्टेशन रोड पर जरूरत मंद लोगों को 51 छातों का वितरण किया। बो जरूरत मंद लोग जो सड़क किनारे सब्जी, फल, ओर मोची आदि के ठेले लगाते है जिसका उद्देश्य बदलते मौसम जैसे तेज धूप और अचानाक हुई बारीश से जरूरतमंद लोगों को छाया और सुरक्षा प्रदान करना है।

# कलेक्टर एवं अध्यक्ष प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 36वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स बैठक संपन्न

सागर

सागर स्मार्ट सिटी कार्यालय के सभाकक्ष में आज कलेक्टर एवं अध्यक्ष, सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की 36वीं महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में निगमायुक्त , कार्यकारी निदेशक व सीईओ श्री राजकुमार खत्री, सीएफओ श्री हिमांशु देओस्कर और सीएस श्री नीलेश गुप्ता सहित सभी संबंधित इंजीनियर्स उपस्थित रहे। इसके साथ ही सागर स्मार्ट सिटी बोर्ड के इंडिपेंडेंट डायरेक्टर्स श्री नबरून भट्टाचार्य व श्रीमती बिंदु नायर, नॉमिनी डायरेक्टर्स श्री देवेंद्र कुमार (म.प्र. वि. बोर्ड), श्री प्रमोद शुक्ला (नगरीय प्रशासन विभाग) व श्री सूर्यनारायण झा, और विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. अमित कुमार गजभिए (टीएंडसीपी) वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। बैठक में कार्यपालन यंत्री (सिविल) श्री संजय तिवारी, कार्यपालन यंत्री (इलेक्ट्रिक) श्री अभिषेक सिंह राजपूत और पीएमसी के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री तक्षिल तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। वीएमएस शहर विकास की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण और अत्याधुनिक तकनीकी सुविधा है। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य में इसकी क्षमता को और बढ़ाते हुए नागरिकों के लिए इसे और अधिक उपयोगी बनाया जाए। इसके लिए देश-दुनिया के बेहतरीन कमांड सेंटर्स की कार्यपद्धति का अध्ययन कर नए प्रयोग और नवाचार अपनाए जाएं, ताकि इसका वैश्विक व सर्वश्रेष्ठ उपयोग सुनिश्चित हो सके। वर्तमान में आईसीसीसी के माध्यम से ट्रैफिक मैनेजमेंट, कचरा कलेक्शन गाड़ियों की मॉनीटरिंग, सीएम हेल्पलाइन निराकरण, सीसीटीवी सर्विलांस, जीआईएस मैपिंग टैक्स सिस्टम और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अन्य सरकारी विभागों की सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए भी इस सेंटर से मॉनीटरिंग शुरू की जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्मार्ट सिटी द्वारा रेवेन्यू (राजस्व) मॉडल पर पूरे किए जा चुके प्रोजेक्ट्स की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। इनसे प्राप्त होने वाले राजस्व की सटीक गणना कर, उस राशि से नए जनोपयोगी कार्यों की योजना बनाई जाए। बैठक में यह भी तय किया गया कि सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (ञ्ञ×ष्टक्क) विभाग एक संयुक्त बैठक आयोजित करेंगे, ताकि शहर के सुनियोजित विकास को नई दिशा दी जा सके। भारत सरकार के स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत सागर में बुनियादी ढांचे और अत्याधुनिक सुविधाओं में बड़ा सुधार हुआ है। इसे आगे बढ़ाते हुए केंद्र और राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंशानुरूप नए जनोपयोगी कार्यों की एक सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान बस टर्मिनलों के सुचारू संचालन, रख-रखाव और विभिन्न परियोजनाओं से प्राप्त होने वाले राजस्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्यों-श्री नबरून भट्टाचार्य, डॉ. अमित कुमार गजभिए और श्रीमती बिंदु नायर ने भी शहर विकास को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।




# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तहत कार्यक्रम




नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

ऑल इंडिया लानेस क्लब संस्कार नरसिंहपुर द्वारा बजरंगबली पार्क रानी अवंती बाई वार्ड नरसिंहपुर में दिनांक 16 जून से 21 जून तक निशुल्क योग शिविर का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के अनुसार किया जा रहा है। योग जिला से प्रभारी श्रीमती भारती कौरव, जिला महामंत्री श्रीमती सुषमा मिश्रा,जिला प्रभारी श्रीमती ममता गुप्ता, जिला महामंत्री श्रीमती मंजू श्रीवास्तव जी के द्वारा महिलाओं और बच्चों को एकजुट होकर योग आयुर्वेद और स्वदेशी के विचारों को शिविर के माध्यम से विशेष रूप से बच्चों और महिलाओंके द्वारा हर घर तक पहुंचाया जा रहा है। जो हमें स्वास्थ्य स्वावलंबन और आत्म सम्मान की दिशा में निरंतर बढ़ाने की प्रेरणा देता है। शिविर की समस्त व्यवस्थाएं लीनेस क्लब संस्कार की डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष लिनेस ज्योति तिवारी जी द्वारा की जा रही है ।शिविर में अध्यक्ष लीनेस रचना त्रिवेदी ,लीनेस सचिव ज्योति पचौरी कोषाध्यक्ष लिनेस वात्सल्य त्रिवेदी, सुषमा तिवारी, मनीष पुरोहित ,मनीष टंडन, अर्चना त्रिपाठी, भारती दीक्षित ,ज्योति श्रीवास्तव ,रजनी नेमा ,तुलसा पटेल ,रुक्मणी ढिमोले, सुनीता शर्मा ,कल्पना सोनी, एवं बच्चे आरव नामदेव,अणव से उपस्थित रहे।

# एक कदम नशामुक्त सागर की ओर

सागर

शासन के निर्देशानुसार नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं वॉलिंटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 18 जून 2026 को सागर संभाग मुख्यालय स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय आर्ट एंड कॉमर्स महाविद्यालय के न्यू सभागृह में किया गया। यह प्रशिक्षण सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग संचालनालय भोपाल एवं मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान भोपाल (वाल्मी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सरोज गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथियों डॉ. संजय शर्मा, डॉ. माधुरी, डॉ. संजय जैन, श्री तनुज पाण्डे सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान भोपाल (वाल्मी) से आए मुख्य वक्ता श्री वेदप्रकाश शर्मा ने कहा कि नशे पर नियंत्रण के लिए इसे सामाजिक एवं राष्ट्रीय आंदोलन का स्वरूप देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नशा एक गंभीर मानसिक एवं सामाजिक समस्या है, जिसका समय पर उपचार और जागरूकता के माध्यम से नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चल रही गतिविधियों एवं नशामुक्ति मित्रों के योगदान को प्रभावी बनाने के लिए तकनीकी जानकारी भी प्रदान की। डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि नशा समाज की गंभीर बुराई है, जिसके उन्मूलन के लिए सभी वर्गों को एकजुट होकर निरंतर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नशे की प्रवृत्ति युवाओं के साथ-साथ किशोरों और बच्चों तक पहुंचना चिंताजनक है, जिसके लिए गांव-गांव तक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. डी.एस. यादव ने कहा कि नशे के दुष्प्रभावों से युवा वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं मास्टर वॉलिंटियर्स से नशामुक्ति के लिए मैदानी स्तर पर निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।



## स्कूलों में संचालित मारूति वेन एवं आटो रिक्शा के विरूद्ध सघन चैकिंग कार्यवाही

**सागर।** स्कूल में अध्ययनरत ऐसे छात्र-छात्रायें जो स्कूली वाहनों से स्कूल आते-जाते है, उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर महोदया, सागर के निर्देश पर दिनांक 18.06.2026 को शहरी क्षेत्र में 09 स्कूली वाहनों को चैक किया गया, जिनमें से 01 मारूति वेन एलपीजी गैसकिट से संचालित पायी गयी, उक्त मारूति वेन की एलपीजी गैसकिट तत्काल निकलवाकर जप्तकर कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। चूंकि एलपीजी गैस ज्वलनशील है इस कारण माननीय न्यायालय द्वारा एलपीजी गैस से संचालित वाहनों को स्कूल के विद्यार्थियों को लाने ले जाने के लिए प्रतिबंधित किया गया है। जांच के दौरान 01 ई-रिक्शा एवं 01 आटो रिक्शा में क्षमता से अधिक स्कूली बच्चें बैठे हुए पाये गये तथा उक्त ई-रिक्शा के आवश्यक दस्तावेज मौके पर नहीं पाये गये जिसे जप्तकर कार्यालय में सुरक्षार्थ रखा गया है। लगातार चैकिंग के बाद भी कुछ वाहनस्वामियों द्वारा गैस किट लगाकर स्कूलों में वाहन संचालित किये जा रहे है, जो बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ है, एवं सुरक्षा मानकों के विपरीत है, बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते समस्त अभिभावकों से अपील की जाती है कि वह बच्चों को ऐसे स्कूली वाहन में स्कूल न भेजे जो एलपीजी गैस किट से संचालित है, या अनफिट प्रतीत होते है।

# तीन दिवसीय इंडो जर्मन वर्कशॉप खुरई का समापन, कृषि यंत्रीकरण, प्राकृतिक कृषि, फसल अवशेष प्रबंधन पर हुई चर्चा से निकाला निष्कर्ष

सागर

इंडो जर्मन को ऑपरेशन के तहत त्तर्ङ्घ संस्था द्वारा दिनांक 16 से 18 जून 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय इंडो जर्मन वर्कशॉप का खुरई में समापन हुआ। दिनांक 18 जून के प्रथम सत्र में श्री योगिराज ने %प्राकृतिक कृषि में यंत्रीकरण को कम करना% विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया। भारत में कृषि यंत्रीकरण और प्राकृतिक कृषि उन्नयन सत्र में जर्मनी के कमर्शियल ऑफिसर मिस्टर जोसेफ, हिमवासिनी फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन से रईस ठाकुर, जतारा महिला कृषक उत्पादक समूह श्रीमती सुनीता राजा बुंदेला, बायो रिसोर्स पर काम कर रहे डॉक्टर साहनी, अमझरा कृषक उत्पादक संगठन से अरविंद सिंह ठाकुर,कृषि निर्माता संघ से अर्पित जैन, अनुविभागीय कृषि अधिकारी जय दत्त शर्मा सम्मिलित हुए। जर्मनी मूल के मिस्टर जोसेफ ने कृषि यंत्रीकरण में अपडेट होने व भारत में रासायनिक उर्वरकों से कम हो रही मृदा उर्वरता की चर्चा की। हिमवासिनी एफपीओ से रईस ठाकुर ने प्राकृतिक खेती के उत्पाद का सही मूल्य मिलने संबंधी विषय पर चर्चा की।जतारा एफपीओ से श्रीमती बुंदेला ने उत्पादों का खाद्य प्रसंस्करण कर अधिक मूल्य प्राप्त करने का उदाहरण प्रस्तुत किया। डॉ साहनी ने प्राकृतिक खेती में बीज संस्कार विषय पर विस्तार से जानकारी दी। अतिथि वक्ताओं ने प्राकृतिक खेती, फसल अवशेष प्रबंधन में यंत्रीकरण, अनुसरण व चुनौतियों पर किसानों को जानकारी दी साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए उपायों की भी चर्चा की। सत्र के बाद प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें किसानों द्वारा पूछे गए सवालों का संतोषजनक उत्तर दिया गया। द्वितीय सत्र में जर्मनी से पधारे मिस्टर जोसेफ ने %प्राकृतिक, जैविक खादों का मशीन से फैलाव% विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने विश्व के कई देशों से प्राप्त डाटा के आधार पर प्राकृतिक खेती में उपयोग आने वाले यंत्रों की जानकारी दी और कहा कि स्थानीय आवश्यकता और उपयोगिया के आधार पर कृषि यंत्रों का निर्माण एक महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकता है। डॉ जोसेफ ने भारत में रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता को भविष्य के लिए चिंताजनक बताया। अंतर्गत अनुविभागीय कृषि अधिकारी जय दत्त शर्मा ने %साधारण सीडड्रिल को कैसे बनाएं उन्नत तकनीकी सीडड्रिल% विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया बदलने के फरो अटैचमेंट के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया। इस फरो अटैचमेंट को साधारण सीडड्रिल में आसानी से जोड़कर खरीफ फसलों जैसे सोयाबीन उड़द की बेड पर बुआई की जा सकती है साथ ही बहुत ही कम लागत आती है। जर्मनी से मिस्टर जोसेफ, कृषि यंत्रों पर कार्य कर रहे पंजाब से आए कुलबीर बरार ने अपने क्षेत्र में भी इस पर कार्य करने की बात की। अंतिम सत्र में प्रथम द्वितीय व तृतीय दिन हुए फील्ड विजिट, कृषि निर्माण इकाइयों का भ्रमण, किसान संवाद, विभिन्न सत्रों में हुई चर्चा का सारांश निकाला गया कि किसान की आवश्यकता, तकनीकी उपयुक्तता व कृषि यंत्र निर्माता के संयुक्त प्रयास से कृषि यंत्रीकरण द्वारा कृषि पारिस्थितिकीय परिवर्तन को नई दिशा मिल सकती है। फसल अवशेष प्रबंधन को अपनाकर भूमि में कार्बनिक पदार्थ को बढ़ाया जा सकता है जिससे टिकाऊ खेती की ओर किसान अग्रसर हो सकें।



## अनीश राजू खान का इंतकाल

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** वीजसेन वार्ड, शक्ति चौक निवासी मुन्नू स्टूडियो परिवार के वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल फिरोज खान च्बबलूज् के छोटे भाई अनीश राजू खान का गुरुवार को लंबी बीमारी के चलते 42 वर्ष की आयु में इंतकाल हो गया। गुरुवार दोपहर जोहर की नमाज के बाद स्थानीय कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे की नमाज हाफिज जुवेर आलम ने अदा कराई। मैयत में सभी वर्गों के लोगो ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की।



# 45.68 लाख रुपये के निर्माण कार्यों का कराया शुभारंभ

**महापौर, निगमाध्यक्ष, क्षेत्रीय पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वार्ड की कन्या ने किया भूमिपूजन**



**सीसी रोड, नाली निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों से सुदृढ़ होगी आधारभूत संरचना**

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं वार्ड के समग्र विकास के उद्देश्य से बुधवार को नेहरू वार्ड में लगभग 45.68 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं क्षेत्रीय पार्षद शशिकांत तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम वार्ड की कन्या के करकमलों से विधिवत संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विकास कार्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अलका जैन, मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, पूर्व पार्षद सीमा जैन सोगानी, विजय डब्बू रजक, समाजसेवी राजू शर्मा, युवा मोर्चा महामंत्री अक्षय श्रीवास्तव सहित स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी रही। भूमिपूजन के अंतर्गत नेहरू वार्ड की माया चौधरी गली में विजय पाण्डेय के घर से माया चौधरी के घर तक एवं गुप्ता चाय वाले के घर तक 12.66 लाख रुपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। वहीं इन्द्रा ज्योति कॉलोनी में 13.95 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण एवं नाला मरम्मत कार्य का शुभारंभ किया गया। इसी प्रकार वार्ड में सार्वजनिक उपयोग हेतु रिक्त स्थान पर 2.52 लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण एवं रोड निर्माण कार्य तथा वंशकार बस्ती में 16.55 लाख रुपये की लागत से सी.सी. नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा नागरिकों को बेहतर आवागमन एवं स्वच्छ वातावरण का लाभ प्राप्त होगा।

### नागरिकों की जरूरतों को प्राथमिकता देकर किए जा रहे विकास कार्य : महापौर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा ऐसे विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिनका सीधा लाभ आम नागरिकों को मिले। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। महापौर ने निर्माण एजेंसियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को दी जा रही गति : निगमाध्यक्ष

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर निगम कटनी द्वारा शहर के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन निर्माण कार्यों से नेहरू वार्ड के निवासियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी तथा क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

### वार्ड के विकास को मिलेगी नई गति : पार्षद

क्षेत्रीय पार्षद शशिकांत तिवारी ने कहा कि वार्डवासियों द्वारा लंबे समय से विभिन्न निर्माण कार्यों की मांग की जा रही थी, जिसे अब मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने नगर निगम प्रशासन एवं महापौर का वार्ड को विकास कार्यों की सौगात देने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों ने विकास कार्यों के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन निर्माण कार्यों से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

फोटो : विकास गुप्ता

# शासकीय स्कूलों में ई-अटेंडेंस अनिवार्य, अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन रोका जाएगा

**जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किए सख्त आदेश, संकुल प्राचार्यों की जिम्मेदारी तय**



कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिले के शासकीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, प्राचार्यों एवं अन्य शैक्षणिक स्टाफ की उपस्थिति को पारदर्शी और नियमित बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने ई-अटेंडेंस प्रणाली को पूरी तरह सख्ती से लागू कर दिया है। लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशों के तहत जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए कहा है कि ई-अटेंडेंस के बिना किसी भी शिक्षक का वेतन आहरित नहीं किया जाएगा। जिले के लगभग 2028 शासकीय स्कूलों में यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत सभी शिक्षक और स्टाफ को अनिवार्य रूप से मोबाइल एप के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिस दिन ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं होगी, उस दिन को अनुपस्थित माना जाएगा और उस दिन का वेतन भी आहरित नहीं किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि संकुल प्राचार्य की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वे केवल ई-अटेंडेंस के आधार पर ही वेतन आहरण देयक तैयार करें। यदि किसी शिक्षक की उपस्थिति ई-अटेंडेंस में दर्ज नहीं है और फिर भी उसका वेतन आहरित किया जाता है, तो इसके लिए संबंधित संकुल प्राचार्य जिम्मेदार माने जाएंगे। शिक्षा विभाग का मानना है कि इस व्यवस्था से स्कूलों में पारदर्शिता बढ़ेगी और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी। इससे पहले कई बार निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया था कि कुछ शिक्षक समय से पहले स्कूल छोड़ देते हैं या उनकी उपस्थिति नियमित नहीं रहती, जिससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित होता है।

ई-अटेंडेंस प्रणाली को पिछले शैक्षणिक सत्र में भी लागू किया गया था, लेकिन उस दौरान लगभग 80 प्रतिशत शिक्षक ही इसका पालन कर रहे थे, जबकि करीब 20 प्रतिशत शिक्षक इससे दूरी बनाए हुए थे। कुछ शिक्षकों द्वारा नेटवर्क समस्या या स्मार्टफोन से जुड़ी दिक्कतों का हवाला दिया जाता था, लेकिन अब विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि ऐसे किसी भी तर्क को स्वीकार नहीं किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस सख्ती का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना और पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार लाना है। अब प्रत्येक शिक्षक की उपस्थिति डिजिटल माध्यम से दर्ज होगी, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत निगरानी संभव हो सकेगी। डीईओ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आदेश का पालन सभी स्कूलों में अनिवार्य रूप से किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस कदम से शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन और जवाबदेही बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

फोटो : विकास गुप्ता



# छात्र/छात्राओं ने किया ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री कटनी का शैक्षणिक भ्रमण

कटनी (स्वतंत्रमत)।

चंद्रकांता चड्डा प्रा. आई.टी.आई, कटनी के फिटर ट्रेड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं ने औद्योगिक एवं तकनीकी ज्ञान के उद्देश्य से ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री कटनी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को फैक्ट्री में संचालित विभिन्न उत्पादन प्रक्रियाओं, आधुनिक मशीनों तथा धातुओं से वस्तुओं के निर्माण की तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। भ्रमण के दौरान एच.आर.डी. सेक्शन के अधिकारी सी.एल. सूर्यवंशी, जे.डब्ल्यू.एम./क्यू.ए. जे.पी. उइके तथा आतिश राज द्वारा विद्यार्थियो का मार्गदर्शन किया गया।

अधिकारियों ने फैक्टी में हो रही विभिन्न गतिविधियों से विद्यार्थियो को अवगत कराया तथा धातुओं के चयन से लेकर तैयार उत्पाद के निर्माण तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को विस्तारपूर्वक समझाया। चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के के संरक्षक डॉ. जय चड्डा एवं डायरेक्टर देवाशीष चड्डा ने छात्र/छात्राओं को शैक्षाणिक भ्रमण के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस शैक्षाणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना तथा औद्योगिक वातावरण से परिचित कराना है जिससे वे अपने तकनीकी कौशल को और अधिक विकसित कर सकें। यह शैक्षाणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर चंद्रकांता चड्डा प्रा. आई.टी.आई. कटनी के प्राचार्य विकास मिश्रा तथा प्राध्यापकगण सुनील कुमार मथुरिया, सुमित कुमार गुप्ता, आरिफ खान एवं सहायक स्टाफ आशा गुप्ता, सुशील दुबे गरिमामयी उपस्थिति रही।

# तिलक कालेज के 9 होनहार संभालेंगे देश की सरहदें

**एनसीसी कैडेट्स ने अग्निवीर परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले का नाम किया रोशन : कलेक्टर ने चयनितों का बढ़ाया उत्साह**



कटनी (स्वतंत्रमत)। शासकीय तिलक महाविद्यालय के कला एवं विज्ञान संकाय से स्नातक कर रहे एनसीसी के 9 होनहार विद्यार्थियों ने भारतीय सेना की प्रतिष्ठित अग्निवीर भर्ती परीक्षा में सफल होकर कर जिले और प्रदेश का मान बढ़ाया है। इन युवाओं की उपलब्धि न केवल उनके परिवारों और महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे कटनी जिले के लिए भी सम्मान और प्रेरणा का क्षण है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में सभी चयनित विद्यार्थियों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भारतीय सेना में चयनित होकर इन विद्यार्थियों ने अपने महाविद्यालय, परिवार और पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। देश सेवा का यह अवसर आप सबके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक होगा।आप उस गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जिसने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए इतिहास रचा है।

### एनसीसी के अनुशासन से सेना के द्वार तक

इन विद्यार्थियों की सफलता के पीछे वर्षों का परिश्रम, एनसीसी प्रशिक्षण की कठोर दिनचर्या और राष्ट्रभक्ति की भावना रही है। परेड मैदान से लेकर परीक्षा केंद्र तक का उनका सफर संघर्षों से भरा रहा, लेकिन लक्ष्य स्पष्ट था देश की सेवा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई और एनसीसी अधिकारी सरदार दिवाकर ने चयनित विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी सेना और राष्ट्रसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी। कलेक्ट्रेट में जब नौ युवा अग्निवीर बनने की सफलता के साथ उपस्थित हुए, तब उनके चेहरों पर आत्मविश्वास, आंखों में सपने और हृदय में राष्ट्रसेवा का जज्बा साफ दिखाई दे रहा था। यह दृश्य केवल नौ विद्यार्थियों की सफलता का नहीं, बल्कि उस युवा शक्ति का प्रतीक था जो अपने भविष्य को देश के भविष्य से जोड़ना चाहती है। शासकीय तिलक महाविद्यालय के छात्र ने यह साबित कर दिया है कि जब इरादे मजबूत हों और लक्ष्य राष्ट्रसेवा हो, तो सफलता स्वयं रास्ता बना लेती है।

अब ये युवा केवल अपने परिवारों की उम्मीद नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा और सम्मान के प्रहरी बनने की ओर अग्रसर हैं। यही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि और पूरे जिले का सबसे बड़ा गौरव है। इस दौरान चयनित युवाओं के चेहरों पर देशसेवा का जज्बा और भविष्य के सुनहरे सपनों की चमक साफ दिखाई दे रही थी। चयनित छात्रों में कटनी जिले के 8 और उमरिया जिले का निवासी 1 छात्र शामिल हैं। इनमें कटनी जिले का निवासी नीरज सोनी (ग्राम पड़खुड़ी), तेजबहादुर कुशवाहा (ग्राम हरदुआ बिचुआ), सुनील कुमार गड़ारी (ग्राम पड़रिया एनकेजे), अतुल कुमार (ग्राम पड़खुड़ी), दीपक प्रकाश पटेल (ग्राम परसवारा), आदिल अली (ग्राम सिंघनपुरी), मयंक कुमार (ग्राम खम्हरिया) एवं अनुज कुमार (ग्राम खम्हरिया) शामिल हैं। जबकि 1 छात्र सतीश साहू (ग्राम चांदपुर) उमरिया जिले से हैं।

सभी विद्यार्थियों ने एनसीसी ऑफिसर मेजर सरदार दिवाकर के मार्गदर्शन में अग्निवीर भर्ती के विभिन्न चरणों को सफलतापूर्वक पूरा कर यह उपलब्धि हासिल की है। चयनित अभ्यर्थी आगामी 26 जून 2026 तक प्रशिक्षण हेतु रवाना हों जायेंगे।



# माँ नर्मदा के दर्शन व स्नान कर अर्जित किए पुण्य लाभ

**समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी ने माँ नर्मदा से सबके जीवन मंगलमय की कामना की**

कटनी (स्वतंत्रमत)। कई वर्षों के बाद आये अधिमास यानी पुरूषोत्तम मास के अंतिम सप्ताह अमावस्या पर सर्वधर्म जनसेवा समभाव जनहितार्थ धार्मिक भ्रमण समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी सहित अन्य सम्मानित मातृशक्तियों के साथ मिलकर माँ नर्मदा के दर्शन व स्नान कर आत्मीय भव्य पिकनिक का आयोजन किया। इस पुनीत पावन अवसर पर समिति की सभी सखियों ने सर्वप्रथम माँ नर्मदा के दर्शन प्राप्त किए तत्पश्चात प्रभु भोलेनाथ और समस्त देवी देवताओ की विधिवत पूजा-पाठ कर दीपदान किया और समस्त प्रियजनों के जीवन स्वास्थ्य मंगलमय और सुखमय जीवन व्यतीत चक्करों मंगलकामना की और आसपास के स्वच्छ वातावरण प्राकृतिक सौंदर्य माँ नर्मदा की गोद में सुकून और खुशियों बीच बडे हर्षोल्लास के साथ मिलकर कुछ खास पलों को महसूस करते हुए प्रेम स्नेह भक्तिभाव का अनोखा संगम स्थल पर हंसी-मजाक और खुशी के साथ मिलकर समय व्यतीत किए उक्त अवसर पर सभी सखियों और बच्चों ने एक साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों और माँ नर्मदा का प्रसाद ग्रहण किया। इस पुनीत पावन मास पर समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी ने कहा कि ऐतिहासिक पुरूषोत्तम मास मे तीर्थ यात्रा करने से कई हजार गुना फल भक्तों को प्राप्त होता हम सब बहुत सौभाग्यशाली है जो ऐसे दिव्य भव्य दर्शन माँ नर्मदा के दर्शन किए हमारे दिल दिमाग तन मन सभी को मंत्रमुग्ध कर दिए उक्त अवसर पर विशेष सराहनीय सहयोग डॉ उर्मिला साई प्रीत ने अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि ऐसे धार्मिक भ्रमण से महिलाओ में आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है और आपसी स्नेह प्रेम बढ़ता है इस भ्रमण यात्रा में मुख्य रूप से शामिल रिटायर फौजी प्रमोद जोशी, समाजसेवी लता खरे, अदिती तिवारी, ज्योति जोशी, शकुंतला जोशी सहित नन्हे मुन्ने नटखट टोली हर्षित जोशी, करलव जोशी नन्ही परी मुस्कान सहित अन्य भक्तगणों और श्रद्धालु की उपस्थित रही।

# मान्या जैन ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार का नाम किया रोशन



कटनी (स्वतंत्रमत)। यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है, कि नवीन नीता जैन (बर्तन भंडार परिवार) की सुपुत्री मान्या जैन ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि सम्पूर्ण समाज और नगर कटनी को भी गौरवान्वित किया है। मान्या जैन ने कठिन परिश्रम, लगन और अपने दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी यह सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। समाज और परिवार को गर्व है कि उनकी बिटिया ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि हृदय में अटूट इच्छाशक्ति और निरंतर परिश्रम हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

# अवैध गांजा खेती का भंडाफोड़, युवक गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)। कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए रचना नगर कॉलोनी में अवैध रूप से उगाए जा रहे गांजे के पौधों को जब्त किया है। पुलिस ने मौके से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि बस स्टैंड चौकी क्षेत्र अंतर्गत रचना नगर कॉलोनी की गली नंबर 02 में एक युवक अपने घर के समीप खाली पड़ी कब्जे की भूमि पर गांजे की खेती कर रहा है। सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी के घर के बगल स्थित भूमि पर गांजे के कई हरे पौधे लगे मिले। पुलिस ने 726 ग्राम वजनी गांजे के पौधों को जड़ सहित उखाड़कर जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी अक्षत कुमार जार (23), पिता आनंद कुमार जार, निवासी रचना नगर कॉलोनीए गली नंबर 02 को गिरफ्तार किया है।

# डेढ़ करोड़ की सड़क चढ़ गई भ्रष्टाचार की भेंट

### छह माह में ही उखड़ने लगी सड़क



कटनी (स्वतंत्रमत)। क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पर विधायक प्रणय पांडे के प्रयासों से करीब छह माह पूर्व जिस पहुंच मार्ग का भूमिपूजन किया गया था, वह सड़क निर्माण पूरा होने से पहले ही भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस सड़क की गुणवत्ता पर अब गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों की निगरानी में बन रही सड़क शुरुआत से ही मानकों के विपरीत बनाई जा रही है। सड़क की गिट्टियां उखड़ने लगी हैं, जगह-जगह दरारें दिखाई देने लगी हैं और सतह इतनी खराब है कि पैदल चलने वाले लोग चोटिल हो रहे हैं। सड़क का स्वरूप भी कई स्थानों पर सर्पाकार नजर आ रहा है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संदेह और गहरा गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान ही विभागीय अधिकारियों ने गुणवत्ता संबंधी खामियों को स्वीकार करते हुए सुधार का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक न तो दोषपूर्ण हिस्सों को हटाया गया और न ही निर्माण कार्य में कोई सुधार दिखाई दिया। इसके विपरीत ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से कार्य जारी रखा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के कारण सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़क की हालत बदतर बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यदि अभी से सड़क की यह स्थिति है तो बरसात के बाद इसका अस्तित्व ही संकट में पड़ सकता है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए तथा पूरी सड़क का निर्माण गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पुनः कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे विभागीय मंत्री एवं उच्च अधिकारियों से शिकायत कर जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

फोटो : विकास गुप्ता

# आंधी-तूफान से पहले अलर्ट मोड पर निगम

**बारिश में हादसे और बिजली बाधित होने की आशंका को कम करने की कवायद**

कटनी (स्वतंत्रमत)। मानसून की दस्तक से पहले नगर पालिक निगम शहर में संभावित विद्युत दुर्घटनाओं और बिजली आपूर्ति बाधित होने की आशंकाओं को कम करने के लिए विशेष अभियान चला रहा है। इसके तहत बिजली लाइनों के आसपास फैली पेड़ों की खतरनाक एवं सूखी शाखाओं की छंटाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। निगम के उद्यान विभाग और विद्युत शाखा की संयुक्त टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर ऐसे वृक्षों को चिन्हित कर रही है, जिनकी शाखाएं बिजली के तारों के संपर्क में हैं या आंधी-तूफान के दौरान टूटकर गिर सकती हैं। अधिकारियों के अनुसार बरसात के मौसम में ऐसी शाखाएं अक्सर शॉर्ट सर्किट, तार टूटने और बिजली आपूर्ति बाधित होने का कारण बनती हैं। कई बार इनसे दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। नगर निगम द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर ट्रिमिंग कार्य कराया जा रहा है। निगम का दावा है कि बारिश शुरू होने से पहले जोखिम वाले अधिकांश स्थानों को सुरक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान केवल पेड़ों की छंटाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य जन सुरक्षा सुनिश्चित करना और मानसून के दौरान शहर की विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना भी है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि उनके आसपास कोई पेड़ बिजली लाइन के संपर्क में हो तो इसकी जानकारी निगम को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। निगम का यह अभियान आगामी बारिश के मौसम में संभावित हादसों और अनावश्यक बिजली कटौती को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

फोटो : विकास गुप्ता



# इंग्लैंड ने क्रोएशिया पर दर्ज की रोमांचक जीत

डलास (वार्ता)।



इंग्लैंड ने फीफा विश्वकप 2026 में ग्रुप एल में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रोएशिया पर 4-2 की रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की । हैरी केन द्वारा 12वें मिनट में दोबारा लिए गए पेनल्टी गोल ने थॉमस ट्यूशेल की टीम को शानदार शुरुआत दिलाई, जिसके बाद मार्टिन बटुरिना ने 36वें मिनट में बॉक्स के बाहर से घुमावदार शॉट लगाकर बराबरी का गोल दाग दिया। केन ने डेक्लान राइस के कॉर्नर पर हेडर लगाकर इंग्लैंड को फिर से बढ़त दिला दी, लेकिन पेटार मूसा ने क्रोएशिया के शानदार आक्रमण को अंजाम देते हुए पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में स्कोर को फिर से बराबर कर दिया। दूसरे हाफ के शुरू होने के महज दो मिनट बाद जूड बेलिंघम ने इंग्लैंड को फिर से बढ़त दिला दी। उन्होंने इलियट एंडरसन का पास लेकर क्रोएशिया के गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोविक को चकमा देते हुए निचले शॉट को मारा , जो दूर के पोस्ट से टकराकर गोल में चला गया। इसके बाद इंग्लैंड ने कई मौके बनाए, जिसमें लिकाकोविक ने पांच मिनट के शानदार अंतराल में छह बचाव किए, जिसके बाद मार्कस रैशफोर्ड ने बेंच से आकर पांच मिनट शेष रहते चौथा गोल दागकर जीत को सुरक्षित कर दिया। इंग्लैंड का अगला मुकाबला 23 जून को बोस्टन में घाना से होगा , उसी दिन क्रोएशिया का मुकाबला टोरंटो में पनामा से होगा। विश्व में के शुरुआती मुकाबले में विपक्षी टीम पर दो गोल दाग कर हैरी केन बड़े सितारों सूची में शामिल हो गए हैं। एर्लिंग हालैंड , लियोनेल मेस्सी और किलियन म्बाप्पे जैसे खिलाड़ियों ने विश्व कप में अपनी शुरुआती छाप छोड़ी है, और अब केन के दो गोलों ने उन्हें स्कोरिंग चार्ट में दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों की श्रेणी में ला खड़ा किया है।

## घाना ने पनामा को 1-0 से हराया



**टोरंटो (वार्ता)।** फीफा विश्वकप 2026 में ग्रुप में घाना की फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पनामा के खिलाफ रोमांचक जीत दर्ज की। बुधवार रात खेले गये मुकाबले के दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम के पांचवें मिनट में कालेब यिरेंकी ने ब्रैंडन थॉमस-असांटे के क्रॉस पर किये गये गोल की बदौलत घना ने विश्वकप में विजयी शुरुआत की। मैच में दोनों ही टीमों को गोल करने के बहुत कम मौके मिले। आखिर में, थॉमस-असांटे बाईं ओर से आगे बढ़े और गोल के सामने से बॉल को क्रॉस किया। यिरेंकी ने उस पर गोल कर दिया, जिसके बाद उनके साथी खिलाड़ी खुशी से मैदान पर दौड़ पड़े। घाना ने मिडफील्डर थॉमस पार्टी के बिना मैच खेला, जिन्हें इंग्लैंड में चल रहे मुकदमे के कारण कनाडा में प्रवेश नहीं मिला।

## डी आर कांगो ने पुर्तगाल को ड्रा पर रोक अंक छीना




**ह्यूस्टन (वार्ता)।** डी आर कांगो ने हैरतअंगेज प्रदर्शन करते हुए प्रबल दावेदार पुर्तगाल को बुधवार को फुटबॉल विश्व कप के ग्रुप के मुकाबले में 1-1 के ड्रा पर रोककर अंक छीन लिया। रॉबर्टो मार्टिनेज की कोचिंग में पुर्तगाल की टीम टूर्नामेंट में बड़ी उम्मीदों के साथ उतरी थी, जिसमें क्रिस्टियानो रोनाल्डो, ब्रूनो फर्नांडीस और बर्नार्डो सिल्वा जैसे वर्ल्ड-क्लास खिलाड़ी शामिल हैं। लेकिन मैच पर दबदबा बनाने के बावजूद वे डी आर कांगो के डिफेंस से पार नहीं पा सके। दूसरी ओर, डीआर कांगो 1974 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप में हिस्सा ले रहा था और उसने पहले हाफ से ठीक पहले अपना पहला गोल कर इतिहास रचा। डी आर कांगो ने अपने मजबूत डिफेंस पर भरोसा रख पुर्तगाल को बराबर रोके रखा।

# भारतीय महिला टीम ने नेशंस कप में उरुग्वे को 3-2 से हराया

ऑकलैंड (वार्ता)



भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप न्यूजीलैंड 2025-26 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को ऑकलैंड में अपने आखिरी पूल मैच में उरुग्वे को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया। शुरुआत में एक गोल खाने के बाद, भारत ने हिम्मत और संयम दिखाते हुए वापसी की। दीपिका ने दो गोल किए, जबकि दीपिका सोरेंग ने भी गोल किया। इस जीत ने अमेरिका, जापान और उरुग्वे के खिलाफ लगातार तीन जीत के साथ पूल ए में भारत का पहला स्थान पक्का कर दिया। पूल ए से अमेरिका भी भारत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचा, क्योंकि अमेरिकी टीम दूसरे स्थान पर रही। उरुग्वे के लिए चियारा एपेनिनो (13वें मिनट) और मैनुएला विलर (55वें मिनट) ने गोल किए, जबकि भारत के लिए दीपिका (24वें और 56वें मिनट) और दीपिका सोरेंग (43वें मिनट) ने गोल किए। यह मैच मिडफील्डर नेहा के लिए भी खास मौका था, जिन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अपना 200वां सीनियर इंटरनेशनल मैच खेला। उरुग्वे ने 13वें मिनट में बढ़त बनाई, जब चियारा ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को आगे कर दिया। कड़े मुकाबले वाले पहले क्वार्टर के बाद भारत ने जोरदार वापसी की और हाफटाइम से पहले बराबरी कर ली। शानदार फॉर्म में चल रही ड्रैग-फ्लिकर दीपिका ने 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। ब्रेक के बाद मैच का रुख पूरी तरह भारत के पक्ष में हो गया, क्योंकि उन्होंने खेल की गति बढ़ाई और लगातार दबाव बनाया। उनकी कोशिशें 43वें मिनट में रंग लाईं, जब दीपिका सोरेंग ने शानदार फील्ड गोल करके भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई और टीम आखिरी क्वार्टर में आगे रही। उरुग्वे ने हार नहीं मानी और मैच के आखिर में बराबरी का गोल किया। कप्तान मैनुएला ने 55वें मिनट में गोल करके मैच को रोमांचक मोड़ पर ला दिया। हालांकि, भारत ने तुरंत जवाब दिया। ठीक एक मिनट बाद, दीपिका ने शाम का अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर गोल में बदला और भारत की बढ़त को 3-2 कर दिया, जिससे जीत पक्की हो गई। पूरे मैच में भारत को ज़्यादा अटैकिंग मौके मिले; उन्हें उरुग्वे के दो पेनल्टी कॉर्नर के मुकाबले सात पेनल्टी कॉर्नर मिले और उन्होंने अहम मौकों का फ़ायदा उठाकर वापसी करते हुए जीत हासिल की। लगातार तीन जीत के साथ, भारत पूरे आत्मविश्वास के साथ सेमीफाइनल में 20 जून को उतरेगा। उनका मुकाबला चिली और कोरिया के मैच विजेता से होगा है।



## महिला क्रिकेटर रॉबर्टा मोरेटी ने लिया संन्यास

**ब्रासीलिया (वार्ता)।** ब्राजील की महिला टीम के लिए सबसे अधिक 68 टी-20 मैच खेलने वाली पूर्व कप्तान रॉबर्टा मोरेटी ने गुरुवार को अंतरराष्टीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में मोरेटी ने कहा, यह एक लंबा सफर रहा है। हमने कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन अब मुझे लगता है कि सही समय आ गया है।

## मीनाक्षी क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

गुइयांग (चीन) (वार्ता)।

चीन में चल रहे बॉक्सिंग वर्ल्ड कप (स्टेज 2) के चौथे दिन भारतीय बॉक्सर मीनाक्षी ने जीत हासिल की और अपनी वेट कैटेगरी के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। महिलाओं की 51किग्रा कैटेगरी में खेलते हुए, मीनाक्षी - जो 48किग्रा में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन और उस डिवीज़न में वर्ल्ड नंबर 1 हैं और अब ओलंपिक 51किग्रा वेट क्लास में खेल रही हैं - ने पोलैंड की नतालिया कुचेव्स्का के खिलाफ 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की और प्रतियोगिता में आगे बढ़ीं।





## अश्मिता चालिहा क्वार्टर फ़ाइनल में

**मकाऊ (वार्ता)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने चोट से उबरने के बाद शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए गुरुवार को मकाऊ ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बना ली। अनमोल खरब भी अंतिम आठ में पहुंच गईं, जबकि एशियाई खेलों में जाने वाले भारतीय शटलर तरुण मन्नेपल्ली और इशरानी बरुआ बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 से बाहर हो गए।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने विश्व चैंपियन जर्मनी को 3-1 से हराया

रॉटरडैम (नीदरलैंड्स)(वार्ता)।



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को 3-1 से हराकर एफआईएच प्रो लीग 2025-26 सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की।

बुधवार को खेले गये मुकाबले में हॉकी रैंकिंग में आठवें स्थान पर मौजूद भारतीय के लिए मनदीप सिंह (7ज), शिलानंद लाकड़ा (13ज) और नीलाकांता शर्मा (35ज) ने गोल किए, जबकि दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के लिए एकमात्र गोल राफेल हार्टकोफ (45ज) ने किया। यह मैच अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह के लिए एक यादगार मौका था; अपने 413वें अंतरराष्ट्रीय मैच के साथ वे भारत के सबसे ज़्यादा मैच खेलने वाले हॉकी खिलाड़ी बन गए और उन्होंने पूर्व कप्तान दिलीप टिर्की का रिकॉर्ड तोड़ दिया। भारत ने शानदार शुरुआत की और जर्मन सर्कल के अंदर लगातार दबाव बनाते हुए शुरुआती क्वार्टर में बढ़त बना ली। गोल के सामने मची अफरातफरी के बीच दिलप्रीत सिंह ने बेहतरीन सूझबूझ दिखाते हुए बॉल पर कब्ज़ा बनाए रखा, जिसके बाद मनदीप सिंह ने चतुराई से घूमते हुए गोल करके स्कोर 1-0 कर दिया। भारतीय टीम ने जर्मनी पर दबाव बनाए रखा और छह मिनट बाद अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। शिलानंद लाकड़ा ने सर्कल के अंदर जगह बनाई और गोल करके भारत की स्थिति मजबूत कर दी। हाफ-टाइम ब्रेक के बाद वर्ल्ड चैंपियन टीम ने वापसी की कोशिश की, लेकिन तीसरे क्वार्टर के बीच में भारत ने अपनी बढ़त और बढ़ा दी।

नीलाकांता शर्मा ने डिफेंस की गलती का फायदा उठाया, सर्कल में बॉल लेकर आगे बढ़े और डाइव लगाकर गोल करते हुए स्कोर 3-0 कर दिया। आखिरकार, तीसरे क्वार्टर के आखिर में जर्मनी ने राफेल के ज़रिए एक गोल किया; उन्होंने तेज़ पासिंग मूव के ज़रिए भारत के डिफेंस को भेद दिया।

## स्काई एयर मोबिलिटी ने शुरू किया देश का सबसे बड़ा डाक ड्रोन नेटवर्क



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** ड्रोन डिलिवरी कंपनी स्काई एयर मोबिलिटी ने डाक विभाग के साथ साझेदारी में देश का सबसे बड़ा डाक ड्रोन नेटवर्क शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि डाक विभाग के साथ उसके समझौते के तहत विभाग के शाखा कार्यालयों और लेखा कार्यालयों के बीच मेल बैग ले जाने के लिए ड्रोन उड़ानों का संचालन किया जायेगा। यह साझेदारी हिमाचल प्रदेश और असम के 150 मार्गों को कवर करती है। ये दोनों ऐसे राज्य हैं जहां पहाड़ी भू-भाग और मानसून लंबे समय से डाक सेवाओं में बाधक रहे हैं। पहली उड़ान अनुबंध पर हस्ताक्षर के 72 घंटे के भीतर हिमाचल प्रदेश के मंडी से शुरू की गयी। राज्य में सर्दियों में बर्फबारी से सड़कें हफ्तों तक बंद रहती हैं। ऐसे समय में ड्रोन डिलीवरी से पेंशन, सरकारी दस्तावेज और दवाइयां समय पर पहुंच सकेंगी। असम में हर साल बाढ़ से गांव और द्वीप क्षेत्र कट जाते हैं। उस समय ड्रोन सेवाएं जीवन रेखा की तरह काम करेंगी। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हिमाचल प्रदेश के मंडी-रेहरधार मार्ग पर ड्रोन आधारित डाक और पार्सल डिलीवरी की शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जो यात्रा पहले घंटों लेती थी, अब मात्र सात मिनट में पूरी होगी।

## एनएसई लायेगा देश का सबसे बड़ा आईपीओ

**मुंबई (वार्ता)** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) देश का अबतक का सबसे बड़ा प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने जा रहा है। एनएसई ने बुधवार देर रात बताया कि उसने अपने आईपीओ के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस का प्रारूप जमा करा दिया है। इसके तहत वह एक रुपये अंकित मूल्य वाले 14,89,05,525 इक्विटी शेयर बेचेगा। उसे आईपीओ से करीब 30 हजार करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है। यह देश का अबतक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। प्रारूप के अनुसार, उसके इस प्रस्ताव को अभी नियामकीय मंजूरी मिलनी शेष है। आईपीओ का समय बाजार की परिस्थितियों के हिसाब से बाद में तय किया जायेगा। एनएसई के जो शेयरधारक अपने शेयर बेच रहे हैं ।

## इंडिगो ने शुरू की कैब्स विद इंडिगो सेवा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने गुरुवार को कैब्स विद इंडिगो सेवा शुरू करने की घोषणा की जिसके तहत यात्रियों को हवाई अड्डों तक पहुंचने या हवाई अड्डे से आगे की अपनी यात्रा के लिए चिंता से मुक्ति मिल जायेगी। इंडिगो ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह विशेष एयरपोर्ट ट्रांसफर सेवा देश के सभी शहरों में उन हवाई अड्डों पर उपलब्ध होगी जहां इंडिगो की उड़ान है। इस सेवा को इंडिगो के लॉयल्टी प्रोग्राम इंडिगो ब्लूचिप के साथ एकीकृत किया गया है। इसके माध्यम से सदस्य कैब्स विद इंडिगो पर खर्च किये गये प्रत्येक 100 रुपये पर पांच इंडिगो ब्लूचिप्स अर्जित कर सकते हैं। इससे यात्रियों को अधिक रिवॉर्ड्स और तेजी से पॉइंट्स जमा करने का लाभ मिलेगा। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इंडिगो लगातार ग्राहकों की यात्रा को शुरू से अंत तक आसान बनाने के उद्देश्य से एक समग्र यात्रा पारितंत्र विकसित कर रही है। हवाई यात्रा के अलावा इंडिगो सात लाख से अधिक होटलों के विकल्पों और चुनिंदा दर्शनीय स्थलों के लिए बुकिंग की सुविधा भी प्रदान करती है। इसी दिशा में कैब्स विद इंडिगो एक स्वाभाविक विस्तार है।

### रुपया लगातार दूसरे दिन 10 पैसे मजबूत

**मुंबई (वार्ता)।** कच्चे तेल में जारी गिरावट के कारण रुपया गुरुवार को लगातार दूसरे दिन मजबूत हुआ। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आज 10 पैसे चढ़कर 94.40 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर भी भारतीय मुद्रा 10 पैसे की बढ़त में 94.50 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपये की शुरुआत आज 16 पैसे की गिरावट के साथ 94.66 रुपये प्रति डॉलर पर हुई ।

## अमेरिका-ईरान समझौता वैश्विक व्यापार के लिए अहम मोड : फियो अध्यक्ष




**नई दिल्ली (वार्ता)।** देश के निर्यात संघों के महासंघ फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने अमेरिका और ईरान समझौते को एक ऐतिहासिक कामयाबी बताते हुए कहा है कि इससे आगे वैश्विक व्यापार के तौर-तरीकों में महत्वपूर्ण बदलाव आ सकते हैं। श्री रल्हन ने कहा कि यह राजनयिक घटनाक्रम ने निर्यात-आयात कारोबार से जुड़े भारतीय समुदाय के लिए व्यापक आर्थिक राहत दी है और व्यापार में कई महीनों से क्षेत्रीय रुकावट हटने पर यह आर्थिक वृद्धि के एक मज़बूत उत्प्रेरक का काम करेगा। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से उस क्षेत्र के साथ व्यापार में बड़ी कमी आ गयी थी निर्यात बहुत गिर गया था। इसका घरेलू अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों पर पड़ा था। श्री रल्हन ने कहा, लड़ाई खत्म होने और क्षेत्र के व्यापक आर्थिक एकीकरण के साथ, हमें उम्मीद है कि ऑर्डर बुक में तुरंत और ज़बरदस्त सुधार होगा। पश्चिम एशिया में स्थिरता आने से रुकी हुई उपभोक्ता और औद्योगिक मांग चल पड़ेगी जिससे भारतीय निर्यातकों के लिए अपनी मौजूदगी बढ़ाने और आने वाली कुछ फाइनेंशियल तिमाहियों में निर्यात की रफ़्तार तेज़ करने का फिर रास्ता मिलेगा है। फियो अध्यक्ष ने कहा कि समझौते के बाद, ब्रेंट क्रूड की कीमत में तेज़ी गिरावट आयी है और यह 78 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में आ गई है। यह भारत जैसे देश के लिए बड़ी राहत है जो तेल के लिए 85 प्रतिशत आयात पर निर्भर है।

# फेडरल रिजर्व ने अमेरिका की जीडीपी वृद्धि का अनुमान घटाया



**वाशिंगटन, (वार्ता)** अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने बुधवार को समाप्त अपनी दो दिवसीय बैठक में महंगाई को लेकर चिंता जताते हुए नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। साथ ही, पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान कम कर दिया है। फेड की मुक्त बाजार समिति के अध्यक्ष के रूप में अपनी पहली बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री केविन वार्श ने कहा कि समिति ने नीतिगत ब्याज दरों को 3.5 प्रतिशत से 3.75 प्रतिशत के बीच स्थिर रखने का फैसला किया है। यह फेड की दोहरी जिम्मेदारी को समर्थन देने के लिए है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक बैंकिंग तंत्र में पर्याप्त रिजर्व रखने की अपनी नीति को एक बार फिर दोहराता है। नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने के फैसले के पक्ष में समिति में 12 वोट पड़े जबकि विपक्ष में कोई वोट नहीं पड़ा। समिति के बयान में कहा गया है कि आपूर्ति श्रृंखला में बाधा के कारण ऊर्जा समेत कतिपय सेक्टरों में कीमतों में उछाल आया है। समिति कीमतों में स्थिरता लाने के लिए काम करेगी। बैठक के बाद जारी आर्थिक अनुमान में इस साल के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान घटाकर 2.2 प्रतिशत कर दिया गया है। मार्च की बैठक में इसके 2.4 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया था। हालांकि साल 2027 के लिए अनुमान 2.3 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है जबकि 2028 के लिए इसे 2.1 फीसदी से बढ़ाकर 2.2 फीसदी कर दिया गया है। श्री वॉर्श ने कहा कि पश्चिम एशिया तथा अन्य अनिश्चितताओं के बावजूद आर्थिक गतिविधियों की गति मजबूत बनी हुई है। उत्पादकता की वृद्धि और पूंजी निवेश दोनों मजबूत बने हुए हैं।

# शेयर बाजारों में लगातार पांचवें दिन तेजी

### सेंसेक्स छह सप्ताह के उच्चतम स्तर पर



**मुंबई (वार्ता)।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की मुख्य बातें सामने आने के बाद घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार पांचवें दिन तेजी देखी गयी और बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स छह सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। अमेरिका ने ईरान के साथ सहमति पत्र की मुख्य बातें सार्वजनिक की हैं। इसमें 60 दिन के भीतर प्रस्तावित अंतिम समझौते से पहले ही होर्मुज जलडमरूमध्य को वाणिज्यिक जहाजों के लिए खोलने की बात भी शामिल है। इससे घरेलू शेयर बाजारों में निवेशकों में उत्साह दिखा। सेंसेक्स 254.36 अंक (0.33 प्रतिशत) चढ़कर कारोबार की समाप्ति पर 77,409.98 अंक पर पहुंच गया। यह 07 मई के बाद का इसका उच्चतम स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 82.30 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,168 अंक पर बंद हुआ। यह 08 मई के बाद का इसका उच्चतम स्तर है। वृहत बाजार में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.32 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.44 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी सेक्टर दबाव में रहा। निफ्टी आईटी सूचकांक 1.19 प्रतिशत टूट गया। स्वास्थ्य, फार्मा, वित्त, बैंकिंग, रियल्टी, मीडिया और रसायन समूहों में लिवाली का जोर रहा। एनएसई में जिन 3,384 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,897 के शेयर बढ़त में और 1,382 के गिरावट में रहे। अन्य 105 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर 2.73 फीसदी ऊपर बंद हुआ। ट्रेंट में 2.52 फीसदी, बीईएल में 2.08, एनटीपीसी में 1.86, भारतीय स्टेट बैंक में 1.64 और एचडीएफसी बैंक में 1.49 प्रतिशत की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर, अडानी पोर्ट्स, पावरग्रिड, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयर भी ऊपर बंद हुए। इंफोसिस का शेयर 2.66 प्रतिशत टूट गया।

मारुति सुजुकी में 1.10 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 1.05 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी। टीसीएस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.65 फीसदी की बढ़त में रहा। हांगकांग का हैंग सेंग 1.59 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.43 फीसदी गिर गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 1.09 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.13 प्रतिशत नीचे था।

# विकास और संस्कृति का संतुलन ही सशक्त और समृद्ध समाज की आधारशिला

## राष्ट्रपति मुर्मु ने बैतूल में आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज के सशक्तिकरण कार्यक्रम को किया संबोधित

भोपाल (स्वतंत्र मत)।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि समाज का सशक्तिकरण केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं होना चाहिए। वास्तविक सशक्तिकरण तब होता है जब व्यक्ति में आत्म विश्वास, आत्म सम्मान, जागरूकता और दायित्व बोध का विकास हो। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने कहा कि जनजातीय समाज आत्म सम्मान के साथ जीवन जीने वाला समाज है और उसकी यही विशेषता उसे विशिष्ट बनाती है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक जागृति व्यक्ति को अपनी आंतरिक शक्ति का अनुभव कराती है तथा सकारात्मक सोच को जीवन के उच्च आदर्शों से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि विकास और संस्कृति का संतुलन ही किसी भी सशक्त और समृद्ध समाज की आधारशिला होता है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु बैतूल में आयोजित आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित कर रही थी। विकास और संस्कृति का संतुलन ही किसी भी सशक्त और समृद्ध समाज की आधारशिला होता है। शाश्वत विकास वही है जो हमारी जड़ों को मजबूत बनाते हुए भविष्य की संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करे। राष्ट्रपति श्रीमति मुर्मु ने कहा कि भारत ने वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति तभी संभव है जब देश का प्रत्येक वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ जाएंगी। हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक भारत की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत सुरक्षित और अक्षुण्ण रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित इस प्रकार के सम्मेलन जनजातीय समाज के आध्यात्मिक उत्थान, सामाजिक जागरूकता और समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

### राष्ट्रपति मुर्मु ने की मध्यप्रदेश शासन की सराहना

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने मध्यप्रदेश शासन की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा जनजातीय कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से सिकल सेल एनीमिया का उल्लेख करते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में इस बीमारी की संभावना अधिक पायी जाती है और इसके उन्मूलन के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से जनजातीय समाज का स्वास्थ्य स्तर और बेहतर होगा। राष्ट्रपति श्रीमति मुर्मू ने कहा कि मध्यप्रदेश का बैतूल जिला अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक चेतना के लिए पूरे देश में विशेष पहचान रखता है।

### प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता समाज के लिए प्रेरणादायी

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्थान ने मातृशक्ति को केंद्र में रखकर अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है। संस्थान की आंतरिक शुचिता, मानवीय गरिमा, सेवा भावना तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी दुनिया में आंतरिक शुचिता और आध्यात्मिक मूल्यों का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है।

### पूरी प्रकृति ही उनके लिए आराधना का केंद्र है

राष्ट्रपति श्री मुर्मु ने कहा कि जनजातीय समुदाय की जीवन शैली स्वाभाविक रूप से आध्यात्मिक मूल्यों और प्रकृति के निकट रही है। जनजातीय समाज, जिसे आदिवासी समाज भी कहा जाता है, सृष्टि के आरंभ से ही धरती के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन व्यतीत करता आया है। यह समाज सुख, शांति, आनंद और प्रेम के साथ जीवन बिताना जानता है तथा हिंसा से दूर रहता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज प्रकृति ही नहीं, बल्कि पंचतत्वों–धरती, आकाश, वायु, जल, सूर्य और चंद्रमा–को पूजनीय मानता है। इनके लिए किसी विशेष मंदिर या पूजा स्थल की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि पूरी प्रकृति ही उनके लिए आराधना का केंद्र है।

### राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने महासम्मेलन का शुभारंभ किया

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु द्वारा कलश एवं ध्वज को ब्रह्मकुमारी बहनों को प्रदान कर अध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण महासम्मेलन का शुभारंभ किया। महासम्मेलन में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु और राज्यपाल मंगुभाई पटेल सहित अन्य अतिथियों का राजयोगिनी मंजू दीदी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। राष्ट्रपति श्रीमति मुर्मु ने महासम्मेलन परिसर में बैतूल जिले की सांस्कृतिक झलक और विकास योजनाओं पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने जनजातीय समाज द्वारा प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पादों की सराहना की।

### युवाओं को डिजिटल सशक्तिकरण से जोड़ना आवश्यक

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि तेजी से बदलते वर्तमान दौर में जनजातीय युवाओं को आधुनिक शिक्षा, कौशल विकास और डिजिटल सशक्तिकरण से जोड़ना आवश्यक है, जिससे वे आधुनिक संसाधनों का लाभ उठा सकें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उनकी सांस्कृतिक पहचान, परंपराएं और आध्यात्मिक विरासत सुरक्षित बनी रहे।



# मध्यप्रदेश को देश में आईटी और सेवा क्षेत्र का बनायेंगे अग्रणी केंद्र : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन आईटी पार्क-3 का किया निरीक्षण

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मध्यप्रदेश को आईटी और सेवा क्षेत्र में देश का अग्रणी केंद्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिये हम प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। आईटी पार्क–3, आईटी पार्क–4 आईटी पार्क उज्जैन, इंदौर–पीथमपुर इकोनामिक कॉरिडोर और निजी क्षेत्र की परियोजनाएं मिलकर एक ऐसा आधुनिक इको सिस्टम तैयार करेगी, जो मध्यप्रदेश को डिजिटल अर्थव्यवस्था की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। उज्जैन–इंदौर मेट्रोपालिटन रीजन इस परिवर्तन का ग्रोथ इंजन बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को इंदौर में निर्माणाधीन आईटी पार्क–3 के निरीक्षण में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर को हम मध्यप्रदेश की आईटी और सेवा क्षेत्र की विकास राजधानी के रूप में विकसित कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में यहां विकसित होने वाला आईटी पार्कों का समग्र इको सिस्टम प्रदेश को नई आर्थिक गति प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आईटी पार्क प्रदेश को आईटी, ग्लोबल केपीबिलिटी सेंटर और सेवा क्षेत्र का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इन परियोजनाओं से मध्यप्रदेश में एक सुदृढ़ और भविष्य उन्मुख डिजिटल अर्थव्यवस्था का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन आईटी पार्क 557 करोड रुपए की लागत से ग्रीन बिल्डिंग के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह 22 मंजिला भवन 11.25 लाख वर्गफीट के कुल निर्मित क्षेत्रफल के साथ मध्य भारत का सर्वश्रेष्ठ ग्लोबल आईटी पार्क बनने जा रहा है।

# समय पर सेवा देने से बढ़ता है प्रशासन का महत्व : कलेक्टर

## मानस भवन में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर संपन्न

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के निराकरण एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला एवं जनपद स्तर पर तीन दिवसीय प्रशासनिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याएँ सुन रहे हैं और उनके त्वरित समाधान के लिए कार्य कर रहे हैं इस आशय की बात जिपं अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने मानस भवन में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर के दौरान कही।

उन्होंने शिविर के दौरान नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने आवश्यक दस्तावेज़ पूर्ण रूप से साथ रखेंए ताकि विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार दस्तावेज़ों की कमी के कारण पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। इसलिए सभी नागरिक अपने दस्तावेज़ सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराएँ।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि आमजन से प्राप्त होने वाले आवेदनों को हल्के में न लें। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों से आग्रह किया कि प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से विचार करें तथा सकारात्मक मानसिकता के साथ उनका निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा शासन की योजनाओं एवं लाभों को पात्र हितग्राहियों तक निर्धारित समय सीमा में पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। समय सीमा में कार्य पूर्ण होने से उसकी सार्थकता एवं महत्व बढ़ जाता है जबकि देरी होने पर उसका प्रभाव कम हो जाता है और आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ता है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी अपने अपने क्षेत्र में नागरिकोंए हितग्राहियों और लाभार्थियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

## जिला स्तरीय समिति गठित

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा 21 जून रविवार को दमोह जिले के तीन परीक्षा केंद्रो पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पीएम श्री ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में नीट परीक्षा पुनः का आयोजन किया जा रहा है, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से भ्रामक जानकारी फैलाने वाले व्यक्तियों पर सतत् निगरानी करने एवं नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी, प्रबंधक ई.गर्वेनेंस सोसायटी, जिला प्रभारी साईबर सेल पुलिस आदि अधिकारी शामिल है।

# शराब दुकानों से अवैध सप्लाई का आरोप

## भगवती मानव कल्याण संगठन ने सौंपा ज्ञापन

## आबकारी विभाग की सुस्त भूमिका पर उठाए सवाल

पथरिया (स्वतंत्र मत)।



क्षेत्र में शराब दुकानों से कथित रूप से हो रही अवैध शराब सप्लाई को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन ने थाना पथरिया पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और इस पर रोक लगाने की मांग की।

संगठन ने आरोप लगाया कि शराब दुकानों से ग्रामीण क्षेत्रों तक अवैध रूप से शराब पहुंचाई जा रही है जिससे गांवों का सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि वह पिछले करीब 15 वर्षों से अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा, अवैध खनन सहित अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाकर पुलिस और प्रशासन का सहयोग करता आ रहा है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि थाना क्षेत्र की पथरिया ए, पथरिया बी, केवलारी एवं चिरौला शराब दुकानों से आसपास के ग्रामीण इलाकों में शराब पहुंचाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। संगठन का कहना है कि बिना नंबर के दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों के जरिए रात के समय शराब सप्लाई किए जाने की जानकारी मिल रही है।

संगठन ने कहा कि गांव–गांव में अवैध शराब बिक्री से युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और इसके कारण सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं। वहीं संगठन ने पथरिया पुलिस द्वारा अवैध शराब के मामलों में की जा रही कार्रवाई की सराहना करते हुए आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं।

संगठन का आरोप है कि अवैध शराब कारोबार पर निगरानी रखने वाला विभाग प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहा है। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने अवैध शराब सप्लाई पर तत्काल रोक लगाने, जिम्मेदार लोगों की पहचान कर कार्रवाई करने और क्षेत्र में निगरानी व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# सहायक शिक्षक प्रदीप कुमार विल्थरे निलंबित

दमोह (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा 18 जून को शासकीय प्राथमिक शाला महंतपुर, विकास खण्ड दमोह का प्रातः 9:40 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षक प्रदीप कुमार विल्थरे जो शासकीय प्राथमिक शाला महंतपुर एवं संकुल शासकीय उमावि मुडिया में पदस्थ हैं, बिना किसी आवेदन एवं पूर्व सूचना के शाला से अनुपस्थित पाए गए। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए पाया गया कि संबंधित शिक्षक का यह कृत्य मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन है। यह आचरण पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता, शैक्षणिक गतिविधियों में बाधा तथा शाला से लगातार अनाधिकृत अनुपस्थिति को दर्शाता है।

जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने तत्काल प्रभाव से सहायक शिक्षक प्रदीप कुमार विल्थरे को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड दमोह, जिला दमोह नियत किया गया है। इस अवधि में उन्हें शासन नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# नामदेव समाज के छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम हुआ संपन्न

दमोह (स्वतंत्र मत)।




आदर्श नामदेव समाज सेवा समिति नामदेव समाज दमोह द्वारा आयोजित नामदेव समाज के छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन हेतु सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, विशिष्ट अतिथि के रूप में दमोह विधायक जयंत मलैया, लोधी महासभा के अध्यक्ष भाव सिहए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नामदेव विकास परिषद मप्र अध्यक्ष राजेंद्र नामदेव, प्रदेश महामंत्री सुभाष वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय नामदेव, पथरिया नगर पंचायत के अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा, जबलपुर उच्च न्यायालय में अधिवक्ता अक्षय नामदेव, ट्री मेन के नाम से लोकप्रिय विवेक नामदेव, वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे, ज्योतिष आचार्य डॉ. रज्जन पटैल, एसडीओ पीडब्ल्यूडी महेंद्र नामदेव, जगदीश नामदेव ललितपुर, भोपाल से नवीन नामदेव की उपस्थिति कार्यक्रम संपन्न हुआ।

सर्वप्रथम सभी अतिथियों के द्वारा संत शिरोमणि नामदेव महाराज एवं सरस्वती मां का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलिलन किया गया। मोहन नामदेव द्वारा संगीतमय सरस्वती वंदना एवं नामदेव चालीसा पाठ किया गया। तदुपरांत मंच पर विराजमान अतिथियों का पुष्प हार से समाज बंधुओं द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत बालिका भूमि और स्वति द्वारा स्वागत गीत गया गया। कार्यक्रम संयोजक नामदेव समाज दमोह के अध्यक्ष राजकुमार नामदेव प्राजू भैया द्वारा स्वागत भाषण एवं अध्यक्ष उद्बोधन के माध्यम से कार्यक्रम के उद्देश्य पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया एवं आभार जताया। पूर्व मंत्री विधायक जयंत मलैया ने सभी छात्र–छात्राओं को बधाई दी एवं आयोजन की सराहना की। सांसद राहुल सिंह लोधी द्वारा बच्चों को उनकी उपलब्धि पर प्रशस्ति पत्र एवं मैडल पहनकर उनका सम्मान किया। उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बोधन में समाज की प्रतिभाओं को आगे आकर कार्य करने एवं आयोजन समिति के द्वारा निरंतर ऐसे कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज को हर संभव मदद हेतु विश्वास दिलाया।

# कलेक्टर आकस्मिक रूप से पहुंचे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सदगुवॉ

दमोह।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज आकस्मिक रूप से सदगुवां पहुँचकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति सामने आईए जिसमें गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता उजागर हुई। निरीक्षण के दौरान कुल 9 अधिकारी एवं कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना और सक्षम अधिकारी की अनुमति के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने कहा इससे शासकीय योजनाओं के संचालन एवं स्वास्थ्य सेवाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, सार्थक पोर्टल के अवलोकन में पाया गया कि फार्मासिस्ट योगेश शरण सिंह एवं एएनएम आरती गौड़ द्वारा उपस्थिति दर्ज की गई थी जबकि वे वास्तव में संस्था से अनुपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान बंधपत्र चिकित्सक आयुष भूमिया, फार्मासिस्ट ग्रेड 2 योगेश शरण सिंह, नर्सिंग ऑफीसर संध्या बिसेन, एएनएम आरती सिंह गौड़ लैब टैक्नीशियन पियूष खटीक, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, आयुष फार्मासिस्ट प्रकाश सेन, संविदा फार्मासिस्ट सतीश विश्वकर्मा, संविदा नर्सिंग आफीसर गुलाब प्रसाद चक्रवर्ती अनुपस्थित पाये गये।

# भू–माफियाओं पर सख्ती और आवासीय परियोजनाओं में तेजी के मंत्री सारंग के निर्देश

## भोपाल को अतिक्रमण मुक्त और सुरक्षित बनाने में मंत्री सारंग ने की बड़ी पहल

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंत्रालय में भोपाल शहर एवं नरेला विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों, आवासीय परियोजनाओं, अतिक्रमण, नागरिक सुरक्षा तथा आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में भोपाल कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर, नगर निगम कमिश्नर, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा आमजन से जुड़े विषयों का त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने भोपाल को अतिक्रमण मुक्त, सुरक्षित और बेहतर नागरिक सुविधाओं से युक्त शहर बनाने के लिए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

**भू–माफियाओं के खिलाफ चलेगा विशेष अभियान** – मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूरे भोपाल में अभियान चलाकर भू–माफियाओं और शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि, सार्वजनिक उपयोग की भूमि तथा विकास परियोजनाओं में बाधा बनने वाले सभी अतिक्रमणों को चिन्हित कर हटाया जाए। उन्होंने अवैध प्लॉटिंग और अवैध भवन निर्माण को गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि ऐसे मामलों में केवल अतिक्रमण हटाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। जहां–जहां अवैध कॉलोनियां विकसित हो रही हैं या अवैध निर्माण हो रहे हैं, वहां जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



**रेलवे भूमि और अशोका गार्डन से हटेंगे अवैध कब्जे** – बैठक में मोती नगर क्षेत्र की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री सारंग ने रेलवे और पीडब्ल्यूडी की प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइन और सुभाष नगर क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए।

साथ ही अशोका गार्डन थाना परिसर के पीछे हुए अवैध कब्जों को हटाने के निर्देश भी दिए गए। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई** – मंत्री श्री सारंग ने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में बड़े स्तर पर अतिक्रमण हुआ है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की भी है। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिक्रमण रोकने में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। शासन की मंशा स्पष्ट है कि सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और जनहित के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी।

**पीएम आवास योजना को मिलेगी नई गति** – प्रधानमंत्री आवास योजना एवं 'हाउसिंग फॉर ऑल' परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री श्री सारंग ने निशांतपुरा में पुलिस लाइन विकसित करने की संभावनाओं पर भी कार्यवाही आगे बढ़ाने के सुझाव दिए।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-13**
**नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2026/ 27/एम/20 दिनांक 8/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आशीष पासवान पिता स्व. श्री धनश्याम पासवान ने मकान नं. 2685/बी 11 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 703 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा पदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय**
**नगर निगम जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनगर दमोहनाका, जबलपुर स्थित भूखण्ड क्रमांक 527 श्री मनोज प्रसाद शुक्ला पिता श्री मानिन्द्र प्रसाद शुक्ला के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 21.03.2001 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्री मनोज प्रसाद शुक्ला पिता श्री मानिन्द्र प्रसाद शुक्ला ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 01.10.2021 के माध्यम से श्री रीतेश कुमार जैन पिता श्री अशोक कुमार जैन एवं श्री अशोक कुमार जैन पिता स्व. श्री गुलाब चंद जैन को विक्रय किया है। अतः श्री रीतेश कुमार जैन पिता श्री अशोक कुमार जैन एवं श्री अशोक कुमार जैन पिता स्व. श्री गुलाब चंद जैन द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**



▶▶ नहीं थम रहा अवैध रेत का कारोबार

## चोरी की रेत ले जाते पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली

**जबलपुर।** बरगी थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि नीले रंग का स्वराज कम्पनी का बिना नम्बर का टैक्टर की ट्राली मे रेत भरी है अवैध रूप से चोरी से बरगी की ओर लेकर जा रहा है। बस स्टैण्ड बरगी नगर में दबिश दी जहां स्वराज कम्पनी का टैक्टर ट्राली जिसमे रेत भरी थी आती दिखी, टैक्टर चालक पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा जिसने पूछताछ पर अपना नाम पुन्नू यादव उम्र 4 6 वर्ष निवासी सगडा बरगी नगर बताया जिससे रेत के सम्बंध मे पूछताछ करने पर नांदियाघाट से रेत चोरी कर ले जाना बताया।

▶▶ 5 करोड़ की लागत से चमकेंगी शहर की 47 सड़कें

## महापौर, निगम अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**जबलपुर।** शहर के विकास और बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में नगर निगम ने एक बड़ा कदम उठाया है। नगर निगम द्वारा 5 करोड़ रुपये की लागत से शहर की 47 प्रमुख सड़कों के डामलीकरण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने मालवीय चैक से लार्डगंज थाना सुपर मार्केट तक चल रहे डामलीकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने भी विकास कार्यों में पारदर्शिता और मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि निर्माण कार्य के दौरान सभी संबंधित तकनीकी अधिकारी मौके पर ही उपस्थित रहेंगे।





# आश्वासन नहीं, राष्ट्रपति के हाथों उपाधि चाहिए

### शुल्क भरवाकर सैंकड़ों स्कॉलर्स से करवाई रिहर्सल

### फिर बताया केवल 20 को ही राष्ट्रपति देंगी उपाधि



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रानी दुर्गावती विश्विद्यालय में 21 जून को होने वाले दीक्षांत समारोह के रिहर्सल की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी बीच गुरूवार को डॉक्टरेट की डिग्री, डी लिट, स्नातकोत्तर, स्वर्णपादक प्राप्त स्कॉलर्स को बुलाया गया था। जिसके रिहर्सल के लिए 18,19, 20 जून की सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे का समय निर्धारित किया गया। बताया जा रहा है कि उपाधि प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन के लिए निर्धारित शुल्क भी जमा करवाए गए है। सभी स्कॉलर्स इस खबर से काफ़ी उत्साहित थे कि उन्हें राष्ट्रपति या राज्यपाल के हाथों उपाधि दी जाएगी। इसी बीच रिहर्सल के दौरान इंचार्ज और प्रो.राकेश बाजपेयी के द्वारा अचानक ही ये जानकारी दी गई कि केवल चुने हुए स्नातकोत्तर स्तर के केवल 20 विद्यार्थियों को ही राष्ट्रपति के द्वारा मंच पर डिग्री दी जाएगी बाकी के 220 विद्यार्थियों को केवल अपने स्थान पर खड़े होना है वो भी नमस्कार करते हुए।

### समझाने का प्रयास करते रहे कुलगुरु

इस सूचना के बाद देश विदेश से आए स्कॉलर्स ने तत्काल आहत होते हुए विरोध जाहिर किया। स्कॉलर्स ने कहा कि उनको अंधेरे में रखकर यहां बुला लिया गया। इस दौरान कुछ स्कॉलर्स ने कुलपति से इस संबंध में बातचीत कर अपनी अपेक्षाओं और अधिकारों के लिए चर्चा की। हालांकि कुलपति ने अपनी ओर से आश्वासन देने का प्रयास किया परन्तु स्कॉलर्स चाहते हैं कि यदि राष्ट्रपति नहीं तो कम से कम प्रोटोकॉल के तहत राज्यपाल के हाथों यह डिग्री दी जानी चाहिए। स्कॉलर्स का कहना है कि इस जानकारी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल डाला जाए वरना कोई भी स्कॉलर इस समारोह में उपस्थित नहीं होगा और अपनी रजिस्ट्रेशन फीस भी वापस लेने के हकदार हैं। इस पूरे मामले में सभी स्कॉलर्स एकजुट दिखे।




## नीट परीक्षा को लेकर जबलपुर रेल मंडल ने कसी कमर

### 22 हजार से अधिक छात्रों के शहर आने की संभावना

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट को लेकर पमरे के जबलपुर मंडल ने कमर कस ली है। परीक्षा के मद्देनजर स्टेशनों पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने और परीक्षार्थियों की यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए मंडल द्वारा व्यापक भीड़ प्रबंधन व्यवस्था लागू की जा रही है। रेलवे का मुख्य फोकस छात्रों को बिना किसी असुविधा के परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाना है। जबलपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले प्रमुख परीक्षा केंद्रों में जबलपुर, रीवा, दमोह, सागर और सतना शामिल हैं, जहाँ कुल 22,668 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि सबसे अधिक 10,441 छात्र जबलपुर में परीक्षा देंगे, जबकि रीवा में 5,399, सतना में 2,912, सागर में 2,769 और दमोह में 1,147 अभ्यर्थी पहुंचेंगे। इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए इन सभी शहरों के स्टेशनों पर विशेष एहतियात बरती जा रही है।

# मैदान में खड़ी कारों के ऊपर पलट गया डंपर

### सिविल लाइन क्षेत्र का मामला, कई गाड़ियां हुई क्षतिग्रस्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



सिविल लाइन थाना अंतर्गत समीक्षा टाउन में गुरूवार सुबह एक डंपर निर्माण सामग्री अनलोड करते समय अनियंत्रित होकर कई कारों के ऊपर पलट गया। इस घटना में 3 कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के डंपर का चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक समीक्षा टाउन मं बने मैदान के पास एक घर का निर्माण चल रहा है। जिसके लिए गुरूवार सुबह एक डंपर चालक निर्माण साम्रगी लेकर पहुंचा था। इसी बीच वह अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में क्षेत्रीय निवासी पंकज गुप्ता, ऑस्कर नामक व्यक्ति की कार बुरी तरह चौपट हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक डंपर की टक्कर से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद वाहन चालक नियंत्रण खो बैठा और डंपर बीच सड़क पर पलट गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने लोगों को शांत कराते हुए सड़क पर जाम की स्थिति को देखते हुए क्रेंन बुलाकर पलटे हुए डंपर को हटवाया, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका।

पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## पानी को मोहताज व्हीएफजे कर्मचारियों ने दिया धरना

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पिछले 2 दिनों से बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे व्हीकल फैक्टरी के कर्मचारियों के सब्र का बांध गुरूवार को टूट गया। आक्रोशित कर्मचारी आज प्रशासनिक भवन के सामने धरने पर बैठ गए। इस दौरान कर्मचारियों ने मटके फोड़ते हुए नारेबाजी व प्रदर्शन किया। बताया गया है कि व्हीकल स्टेट एरिया में कर्मचारियों के शासकीय आवास से लेकर फैक्टरी के विभिन्न विभागों में एक टाइम पानी आ रहा था तो किसी तरह काम चल रहा था, लेकिन अब दो दिन से एक बूंद पानी नहीं आया है, जिससे कर्मचारियों व उनके परिवार को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस बात की खबर प्रबंधन तक पहुंचाई गई लेकिन इस ओर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया, जिसके चलते आज कर्मचारी विरोध स्वरुप गेट नम्बर 6 के अंदर प्रशासनिक भवन के सामने धरने पर बैठ गए, कर्मचारियों ने नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए मटके फोड़कर अपनी बात रखी। कर्मचारियों के धरना व प्रदर्शन की खबर मिलते ही प्रबंधन के अधिकारी पहुंच गए, जिन्होंने कर्मचारियों से चर्चा कर जल्द ही समस्या का समाधान कराएगें।



## इंडीकेटर न देने की बात पर उपजा विवाद

**जबलपुर।** गोसलपुर थाने में 17 वर्षीय सोहिल कोल निवासी धर्मपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की वह गोसलपुर बाजार गया था। गोसलपुर में इंडीकेटर न देने की बात पर से उसकी साहिल केवट से बहस हो गयी थी, वह व लकी चौरसिया तथा सोहित कोल मोबाइल खरीदने के लिये दुकान जा रहे थे तभी साहिल कोल आकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा।

## 421 बच्चों को दिया गया स्वर्ण प्राशन

**जबलपुर।** शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालयए ग्वारीघाट में गुरूवार को स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवजात शिशुओं से लेकर 16 वर्ष तक के कुल 421 बच्चों का स्वर्ण प्राशन संस्कार किया गया। बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ानेए उन्हें संभावित बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन संस्थान के प्रभारी प्राचार्य डॉ एल एल अहिरवाल ने किया।

## कई वाहनों से पेट्रोल निकालते हुए सीसीटीवी में कैद हुए चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पेट्रोल के दाम बढ़ने के बाद पेट्रोल चोरी की घटनाएं भी सामने आने लगी हैं। ताजा मामला ग्वारीघाट क्षेत्र स्थित आस्था अपार्टमेंट का है, जहां दो युवक वाहनों से पेट्रोल चोरी करते सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। स्थानीय लोगों ने फुटेज पुलिस को सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इस मामले में आस्था अपार्टमेंट के रहवासियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से परिसर में खड़े वाहनों से लगातार पेट्रोल चोरी हो रहा था। मामला तब उजागर हुआ, जब लोगों ने संदेह होने पर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में 18 जून की रात लगभग 2 बजे दो युवक हाथ में खाली बोतल लेकर अपार्टमेंट में आते दिखाई दिए। दोनों ने पहले आसपास नजर दौड़ाई और फिर एक के बाद एक कई बाइकों से पेट्रोल निकाल लिया। सीसीटीवी फुटेज में एक आरोपी पहले एक एक्टिवा का हैंडल लॉक पैर की मदद से आसानी से तोड़ता नजर आता है। इसके बाद उसने पास में खड़ी दूसरी बाइक को भी निशाना बनाया। पेट्रोल चोरी की लगातार हो रही घटनाओं से अपार्टमेंट के रहवासियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि इस तरह की घटनाओं की शिकायत पहले भी पुलिस से की गई थी, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले बढ़ गए। पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है।



## आरपीएफ ने पकड़ी अवैध वेंडरों की फौज



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर रेल मंडल ने अनाधिकृत वेंडरों के खिलाफ अभियान चलाया वाणिज्य विभाग और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने मिलकर स्टेशनों और ट्रेनों में सघन चेकिंग की, जिससे अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेचने वालों में हड़कंप मच गया। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया गया था। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 257 अवैध वेंडरों को पकड़ा गया। पकड़े गए वेंडरों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने कुल 94 हजार 730 रुपये का राजस्व जुर्माने के रूप में वसूला और आरोपियों को आगे की विधिक कार्रवाई के लिए आरपीएफ के सुपुर्द कर दिया रेलवे यात्रियों को मानक गुणवत्ता वाली सेवाएं देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में ऐसी सख्त निगरानी जारी रहेगी।

# 65 प्रतिशत पानी बह रहा...तो फिर कैसे रूकेगा जल संकट

### इंदौर के जल संकट पर मप्र हाईकोर्ट सख्त, दिए निर्देश



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

इंदौर में गहराते जल संकट को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मप्र हाईकोर्ट ने इंदौर नगर निगम को शहर के सबसे अधिक जल-संकटग्रस्त क्षेत्रों की पहचान कर वहां पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। अब इस मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई को होगी। दरअसल राजलक्ष्मी फाउंडेशन द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान नगर निगम ने कोर्ट को बताया कि वर्षा जल संचयन नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कई संस्थानों को नोटिस जारी किए गए हैं तथा उल्लंघन की स्थिति में अधिकतम 5 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा रहा है। हालांकि याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट अजय बगाड़िया ने तर्क दिया कि जल संकट की गंभीरता को देखते हुए यह जुर्माना बेहद कम और अप्रभावी है।

### ट्रीटेड पानी हो रहा बर्बाद

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि पाइपलाइन लीकेज के कारण इंदौर में लगभग 65 प्रतिशत ट्रीटेड पानी बर्बाद हो रहा है। इस पर हाई कोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा कि इतनी बड़ी जल हानि गंभीर विषय है और इस दिशा में तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाने चाहिए। नगर निगम ने कोर्ट को बताया कि वर्षा जल संचयन और निरीक्षण कार्य के लिए 24 जोनों में लगभग एक हजार कर्मचारियों को लगाया गया है तथा कई संस्थानों को नोटिस जारी किए गए हैं। इसके बावजूद कोर्ट ने टिप्पणी की कि संकट की गंभीरता को देखते हुए अब तक उठाए गए कदम विलंबित और अपर्याप्त प्रतीत होते हैं।

### कार्यवाही सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

इस दौरान नगर निगम ने बताया कि 24 जल चैनलों में से 11 का कार्य पूरा हो चुका है और 8 पर काम जारी है। साथ ही सीएसआर के तहत 288 वॉटर शाफ्ट बनाए गए हैं तथा ट्रीटेड सीवेज जल के पुन: उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। मप्र हाईकोर्ट ने भूजल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जलाशयों के पुनर्जीवन और पाइप लाइन लीकेज रोकने जैसे उपायों पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हाईकोर्ट कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इंदौर जैसे गंभीर जल संकट से जूझ रहे शहर में केवल योजनाएं नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है।

## 23 साल पुराने मामले में उमा भारती पेश करेंगी जवाब



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की ओर से दायर 23 साल पुराने मानहानि प्रकरण में मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती को जवाब पेश करने के लिए समय दे दिया है। मामले की अगली सुनवाई अब एक जुलाई को होगी। दरअसल यह मामला वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव के दौरान दिए गए कथित बयानों से जुड़ा है। दिग्विजय सिंह का आरोप है कि चुनावी सभाओं में उमा भारती ने उनके अंडरवर्ल्ड से संबंध होने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे, जिससे उनकी सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा। इसी आधार पर उन्होंने मानहानि का मामला दायर किया था। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान उमा भारती की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। अब 1 जुलाई को होने वाली सुनवाई में उमा भारती का पक्ष रिकॉर्ड पर आने के बाद हाईकोर्ट मामले में आगे की कार्रवाई तय करेगा। लगभग 23 साल पुराने इस विवाद के फिर अदालत पहुंचने से प्रदेश की उस दौर की सियासत की यादें ताजा हो गई हैं, जब चुनावी मंचों से आरोप-प्रत्यारोप अपने चरम पर थे।

## चाचा से किया विवाद, भतीजे पर डंडे से हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन थाने में 27 वर्षीय कृष्णा सिंह लोधी ठाकुर निवासी उड़ना करहैया ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की वह खेती किसानी करता है बीती रात अपने घर के बाहर खड़ा था। वहां पर गांव का दशरथ सिंह लोधी आकर पैसों की लेन देन पर से उसके चाचा गनपत सिंह लोधी ठाकुर से वाद विवाद करने लगा, उसने चाचा से वाद विवाद करने से मना किया तो दशरथ सिंह लोधी उसके साथ गाली गलौज करते हुये डंडा से हमलाकर उसे घायलों कर दिया और भाग गया। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।




## चाकू दिखाकर मंगलसूत्र और नगदी से भरा बैग लूटा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** तिलवारा थाने में 64 वर्षीय कौशन पारधी निवासी मोतीनगर कोतवाली जिला बालाघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बतायी कि बीते दिन वह अपने रिश्ते के देवर टेकंचद पंवार के घर जाने के लिये गढ़ा रेल्वे स्टेशन में उतरी थी साथ में पति हेमराज पारधी, बेटी पुष्पा बिसेन एवं नातिन प्रियल बिसेन, अंकिता पारधी थे। उसके देवर टेकचंद पारधी बेटी पुष्पा एवं अंकिता पारधी को लेकर स्कूटी से आगे चल रहे थे। दूसरी स्कूटी में पति हेमराज पारधी के साथ वह एवं नातिन प्रियल देवर टेकचंद के घर शास्त्रीनगर जा रहे थे। रात को रमनगरा वाटर प्लांट के पास पहुंचे तभी 2 बाइक में सवार अज्ञात 4 लड़के आकर स्कूटी के आगे बाइक अड़ाकर रोक लिये और चाकू दिखाते हुए। मंगलसूत्र जिसकी कीमत 80 हजार रूपये तथा स्कूटी में सामने रखे उसके 2 हेंड बैग जिसमें नगदी 4 हजार रूपये रखे थे छीनकर भाग गये। छीनाछपटी में उसके दाहने हाथ की उंगली में चाकू से चोट आई है।










हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**